


आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रात:नागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791





वर्ष : 3, अंक : 01 रांची, गुरुवार, 11 दिसम्बर, 2025 (पौष, कृष्ण पक्ष 07, संवत 2082) पृष्ठ- 12, मूल्य- 3 रुपये, email : jharkhandwanitaudyog@gmail.com


# शीतकालीन सत्र : रांची राजभवन का नाम बिरसा भवन करने का प्रस्ताव

## मंत्री बोले - दुमका के राजभवन का नाम सिद्धो कान्हो के नाम पर हो

प्रात: नागपुरी संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची स्थित राजभवन का नाम भगवान बिरसा मुंडा के नाम पर बिरसा भवन और दुमका स्थित राजभवन का नाम शहीद सिद्धो-कान्हो के नाम पर करने का प्रस्ताव सरकार करती है। यह बातें संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने बुधवार को विधानसभा के शीतकालीन सत्र में कही। उन्होंने कहा कि राज्यपाल का पद राज्य पद होता है। यह एक संवैधानिक पद है।

उन्होंने कहा कि राज्यपाल के पास ही विधानसभा के सत्र को आहुत करना और अवसान करना साथ ही विधानसभा का विघटन करने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल राज्य मंत्रीमंडल के निर्णयों पर अपनी सहमति देता है। साथ ही राज्यपाल के कार्यालय से ही राज्य के विधायी और कार्यपालिका का संचालन होता है। ऐसे में राज्य में स्थित चल और अचल संपत्ति राज्य की संपत्ति है।

## विधानसभा में झारखंड पर्यटन विकास और निबंधन (संशोधन) विधेयक-2025 पास

### निजी विवि के चार पुराने विधेयक वापस

प्रात: नागपुरी संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन बुधवार को दोपहर की कार्यवाही महत्वपूर्ण रही। सदन ने चार निजी विश्वविद्यालयों से संबंधित पुराने विधेयक वापस लिए और बहुचर्चित झारखंड पर्यटन विकास और निबंधन (संशोधन) विधेयक-2025 को बहस के बाद पास कर दिया। सदन को बताया गया कि निजी विश्वविद्यालय स्थापना मापदंडों और प्रक्रियाओं में हुए व्यापक बदलाव की पृष्ठभूमि में यह फैसला लिया गया है। राज्य सरकार की ओर से वापस लिए गए विधेयकों में दो अगस्त 2023 को विधानसभा की ओर से



पारित सी. वी. रमण ग्लोबल विश्वविद्यालय विधेयक-2023 और आरोग्यम इंटरनेशनल विश्वविद्यालय विधेयक-2023 हैं। इसके अलावे 21 मार्च 2023 को पारित जैन विश्वविद्यालय विधेयक-2023 और 20 दिसंबर 2023 को पारित शाईन नेशनल विश्वविद्यालय विधेयक-2023 के नाम शामिल हैं।

वापस लिए गए इन सभी विधेयकों को सरकार अब नई प्रक्रिया के अनुरूप फिर से तैयार करना चाहती है। विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्र नाथ महतो ने बताया कि पांच दिसंबर से अबतक बारह निवेदन स्वीकृत हुए हैं, जिन्हें संबंधित विभागों को भेजा जाएगा। इससे पहले आज विधानसभा की कार्यवाही दूसरी पाली में दोपहर 2:09 बजे जैसे शुरू हुई, पर्यटन संशोधन विधेयक पर चर्चा के दौरान विपक्ष और सत्ता पक्ष दोनों के विधायकों ने महत्वपूर्ण सुझाव रखे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक राज सिन्हा ने धनबाद के भटिंडा फॉल का उदाहरण देते हुए कहा कि पहले वहां शूटिंग होती थी। बड़ी संख्या लोगों की आवाजाही थी। सूर्योदय और सूर्यास्त देखने के लिए लोग यहां जमा होते थे। यहां पर्यटन की परंपरा संभावनाएं हैं, लेकिन आज उसकी बदहाली से लोग रोज डूब रहे हैं।

## संक्षिप्त

### मेहुल चोकसी को बड़ा झटका, भारत वापसी का रास्ता साफ

**नई दिल्ली।** भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी को बेल्जियम की सुप्रीम कोर्ट से बड़ा कानूनी झटका लगा है। पंजाब नेशनल बैंक घोटाले के मुख्य आरोपितों में शामिल चोकसी की वो अपील, जिसमें उसने भारत प्रत्यर्पण के फैसले को चुनौती दी थी, बेल्जियम की सर्वोच्च अदालत कोर्ट ऑफ कैसशन ने खारिज कर दी है। अधिकारियों के अनुसार, इस फैसले के बाद भारत की एजेंसियों की उम्मीदें और मजबूत हो गई हैं कि चोकसी को जल्द ही भारत लाया जा सकेगा। बेल्जियम अदालत के अधिकारी हेनरी वेंडरलिंडन ने जानकारी दी कि कोर्ट ऑफ कैसशन ने मेहुल चोकसी की अपील खारिज करते हुए साफ कहा है कि कोर्ट ऑफ अपील का निर्णय वैध रहेगा। इससे पहले एंटवर्प की कोर्ट ऑफ अपील ने भारत के प्रत्यर्पण अनुरोध को सही ठहराया था और इसे लागू करने योग्य माना था। 29 नवंबर 2024 को प्री-ट्रायल चैम्बर ने भी भारत की ओर से जारी 2018 और 2021 के गिरफ्तारी वारंट को उचित माना था।

### श्रद्धालुओं की बस ट्रक से टकराई, 4 की मौत

**अहमदाबाद।** गुजरात के श्रद्धालुओं के लिए राजस्थान से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। सीकर जिले के फतेहपुर के पास मंगलवार देर रात खाटूश्यामजी के दर्शन के लिए जा रही वलसाड (गुजरात) की स्लीपर बस की ट्रक से भीषण टक्कर हो गई। इस दर्दनाक हादसे में अब तक 4 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 28 लोग घायल हुए हैं। इनमें कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। इस भीषण हादसे में बस यात्री मयंक पटेल निवासी वलसाड और बस ड्राइवर कमलेश चौधरी निवासी डूंगरी महुआ, सूरत की मौके पर ही मौत हो गई और एक अन्य यात्री की मृतक की पहचान अमित के रूप में हुई है जो बागड़ झुँझुनू का बताया जा रहा है।

### लैंडिंग के दौरान ट्रेनी विमान हादसे का शिकार, पायलट घायल

**सागर।** मध्य प्रदेश के सागर जिले में स्थित ढाना हवाई पट्टी पर एक इंजन का छोटा ट्रेनी विमान उस हादसे का शिकार हो गया, जब वह रनवे पर उतर रहा था। लैंडिंग के दौरात अनियंत्रित होने के बाद विमान (एयरक्राफ्ट) की नोज जमीन से आ टकराई। हवाई पट्टी पर मौजूद कर्मचारी तुरंत दौड़े और पायलट को बाहर निकाला। विमान में दो पालट सवार थे, जिन्हें एम्बुलेंस से मेडिकल रूम में भेजा गया। उनकी हालत खतरे से बाहर है। हादसा बुधवार दोपहर करीब तीन बजे हुआ। चाइम्स एविएशन एकेडमी के इस एयरक्राफ्ट को ट्रेनी पायलट उड़ा रहे थे। चाइम्स एविएशन एकेडमी के कर्मचारियों के मुताबिक लैंडिंग के वक्त पायलट का एयरक्राफ्ट से नियंत्रण छूट गया।

## झारखंड विस में सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लिमिटेड की बैठक

# किसानों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री

**मुख्यमंत्री ने कहा – किसान पाठशाला और वीडियो आधारित प्रशिक्षण से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगी नई दिशा**

**जल, जंगल और जमीन से जुड़ेगा विकास, किसान बनेंगे सशक्त**

**किसानों की समृद्धि ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता, योजनाओं में पारदर्शिता ही झारखंड के किसानों की सशक्तता की कुंजी**

प्रात: नागपुरी संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में झारखंड विधानसभा में सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लिमिटेड (सिद्धकोफेड) के निदेशक मण्डल की चतुर्थ बैठक आयोजित हुई। बैठक में कृषि एवं वनोपज क्षेत्र के सुदृढ़ीकरण, किसानों की आय वृद्धि, स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन देने तथा प्रशिक्षण एवं विपणन तंत्र को सशक्त बनाने से संबंधित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई और कई प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि झारखंड राज्य में कृषि एवं वनोपज क्षेत्र में अत्यधिक संभावनाएं हैं। किसानों को आधुनिक और तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है।



### सीएम बोले - फसलों का मूल्य समय पर मिले, किसानों का मनोबल बढ़े

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि राज्य सरकार का मुख्य उद्देश्य किसानों को खेती के प्रत्येक चरण–उत्पादन, भंडारण, प्रसंस्करण से लेकर विपणन तक–पूर्ण सहयोग प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को आधुनिक तकनीक, उन्नत बीज, सिंचाई की बेहतर सुविधा और बाजार तक उनकी पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में लगातार काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि किसानों को उनकी फसलों के उचित मूल्य का भुगतान समय पर मिलना चाहिए, ताकि उनका मनोबल बढ़े, वे आर्थिक रूप से सशक्त हों और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ सकें। उन्होंने कहा कि खेती-किसानी राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, इसलिए किसानों की समृद्धि ही सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने जलस्त्रोतों के संरक्षण और चेक डैमों की मरम्मत एवं देखरेख की आवश्यकता पर भी विशेष बल दिया। मुख्यमंत्री ने सुझाव दिया कि इन जल संरचनाओं की देखरेख की जिम्मेदारी किसानों के समूहों या जलसहिया समितियों को सौंपी जाए, ताकि स्थानीय स्तर पर स्वामित्व और जवाबदेही दोनों सुनिश्चित हो सकें। इस पहल से न केवल जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि ग्रामीण आजीविका को भी स्थायी आधार प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों के हित में एक विशेष मोबाइल एप्लीकेशन विकसित किया जाए।

### राज्य के वनोपज उत्पादों को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के लिए सरकार कर रही पहल

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि झारखंड सरकार राज्य के वनोपज उत्पादों को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के लिए ठोस एवं निर्णायक पहल कर रही है। सरकार का उद्देश्य न केवल इन उत्पादों के विपणन और मूल्य संवर्धन को बढ़ावा देना है, बल्कि राज्य के किसानों, विशेषकर ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों के कृषकों को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना भी है।मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार खेतिहर समुदाय को वैकल्पिक कृषि, प्रशिक्षण, तकनीकी सहयोग और विपणन के बेहतर अवसर उपलब्ध करा रही है, ताकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा और गति दी जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों को ज्ञान और तकनीक के माध्यम से समृद्ध बनाने के लिए किसान पाठशाला जैसी पहल को सुदृढ़ किया जाए। किसानों को आधुनिक कृषि पद्धतियों, संरक्षण तकनीकों तथा नवाचारों से जोड़ने के लिए वीडियो आधारित प्रशिक्षण मॉड्यूल तैयार किए जाएँ, ताकि वे संबंधित मूल्य संवर्धन की तकनीकों को व्यवहारिक रूप से अपना सकें। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि इन पहलों के माध्यम से ग्रामीण एवं जनजातीय समुदायों को उनकी परंपरागत आजीविका से जोड़ते हुए आधुनिक आर्थिक तंत्र में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और परिणामोन्मुख दृष्टिकोण अपनाया जाए, ताकि झारखंड के किसान वर्ग को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त हो।

## दीपावली हुई और रोशन, यूनेस्को ने घोषित किया अमूर्त धरोहर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) ने भारत में धूमधाम से मनाए जाने वाले दीपोत्सव दीपावली को अपनी अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल किया है। इसमें घाना, जॉर्जिया, कांगो, इथियोपिया और मिस्त्र सहित कई देशों के सांस्कृतिक प्रतीक और लोक परंपराएं भी शामिल हैं। यह निर्णय यहां लाल किला परिसर में आयोजित यूनेस्को की एक महत्वपूर्ण बैठक में बुधवार को लिया गया। पैनल का 20वां सत्र 8-13 दिसंबर तक लाल किले में चल रहा है। यह पहली बार है जब भारत अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए अंतरसरकारी समिति के सत्र की मेजबानी कर रहा है।

यूनेस्को ने जैसे ही दीपावली को प्रतिष्ठित सूची में शामिल किए जाने की घोषणा की, लाल किला- जया श्रीराम और भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा। घोषणा के बाद मौके पर मौजूद लोग खुशी से झूम उठे। बैठक में शामिल केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और भारतीय दल के अन्य सदस्यों ने इस अवसर पर पारंपरिक पगड़ी पहन रखी थी। यूनेस्को की इस घोषणा के बाद केंद्र सरकार ने 10 दिसंबर को ही विशेष दीपावली समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया है, ताकि दुनिया के सामने भारत की आध्यात्मिक- सांस्कृतिक पहचान को और अधिक प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जा सके।



### भारत की 15 सांस्कृतिक परंपराएं अमूर्त विश्व धरोहर सूची में सम्मिलित

**फिलहाल** भारत की 15 सांस्कृतिक परंपराएं पहले से अमूर्त विश्व धरोहर सूची में सम्मिलित हैं। इनमें वेद पठन (2008), कुटियट्टम (2008), रामलीला (2008), राम्मन (2009), मुदियेट्ट (2010), कालबेलिया लोक गीत और नृत्य (2010), छऊ नृत्य (2010), लद्दाख में बौद्ध पाठ (2012), मणिपुर का संकीर्तन (2013), जंडियाला गुरु के ठठेरा बर्तन निर्माण (2014), योग (2016), नवरोज (2016), कुंभ मेला (2017), कोलकाता की दुर्गा पूजा (2021) और गुजरात का गरबा (2023) शामिल हैं। अब दीपावली (2025) के जुड़ जाने से भारत की सांस्कृतिक धरोहर सूची और अधिक समृद्ध हो गई है।

## मतदाता सूची मैपिंग 65 प्रतिशत पूरा

**सीईओ ने शहरी मतदाताओं से सहयोग की अपील की**

प्रात: नागपुरी संवाददाता

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के। रवि कुमार ने बताया कि झारखंड में वर्तमान मतदाता सूची का विगत एसआईआर सूची से 65 प्रतिशत मैपिंग कार्य पूरा हो चुका है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह प्रक्रिया 70 प्रतिशत से अधिक पूरी हो गई है। उन्होंने शहरी मतदाताओं से अपील की कि वे अपने नाम की खोज और



सत्यापन में सक्रिय सहयोग दें। सीईओ ने बताया कि मतदाताओं की सुविधा के लिए ट्यूटोरियल वीडियो जारी किया गया है, जिसकी मदद से लोग भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट या संबंधित राज्य के सीईओ पोर्टल पर जाकर विगत एसआईआर सूची में अपना नाम खोज सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिन मतदाताओं को मैपिंग में कठिनाई हो रही है या जो अन्य राज्यों से आए हैं, वे अपने राज्य के सीईओ वेबसाइट का उपयोग कर विवरण ढूंढ सकते हैं। सीईओ ने यह भी बताया कि जिनका नाम नहीं मिल पा रहा है, वे 1950 हेल्पलाइन पर कॉल कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक पैतृक मैपिंग से एसआईआर के दौरान कम दस्तावेज देने पड़ेंगे और प्रक्रिया आसान होगी।

## योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू कर रही सरकार : मंत्री

**रांची।** ग्रामीण विकास विभाग की मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि इस वर्ष हेमंत सरकार राज्य में नियुक्तियों को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से लंबित पड़ी आलिम-फाजिल की नियुक्तियों को शुरू किया जाना इसी नीति का प्रत्यक्ष उदाहरण है। मंत्री ने बुधवार को विधानसभा परिसर में मीडिया से बात करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड राज्य निरंतर विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है और जनहित से जुड़ी योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है।

## सूचना आयोग सहित महत्वपूर्ण पदों के लिए अहम बैठक, राहुल गांधी ने जताई असहमति

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह के साथ लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) सहित महत्वपूर्ण नियुक्तियों को अंतिम रूप देने के लिए बैठक की। संसद भवन में लगभग डेढ घंटे चली इस बैठक में इन पदों पर सुझाए गए नामों पर सहमति नहीं बन पाई। सूत्रों के अनुसार सीवीसी,



सीआईसी एवं अन्य महत्वपूर्ण पदों के लिए कुछ नाम सुझाए गए थे, लेकिन विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने उन नामों का विरोध जताया। उन्होंने इस मुद्दे पर लिखित रूप से असहमति जताई है। उल्लेखनीय है कि इस महत्वपूर्ण बैठक का उद्देश्य मुख्य सूचना आयुक्त, सूचना आयुक्त और केन्द्रीय सतर्कता आयोग के सर्तकता आयुक्त के नाम पर सहमति बनानी थी। इन पदों के चयन के लिए तीन सदस्य होते हैं जिसमें प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता, और गृह मंत्री शामिल हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता के रूप में, राहुल गांधी इन निगरानी निकायों के प्रमुखों की नियुक्ति के लिए जिम्मेदार चयन समितियों के वैधानिक सदस्य हैं।

## रोजगार लिंकेज और एआई आधारित स्किलिंग बढ़ाने की पहल

# श्रम और रोजगार मंत्रालय ने माइक्रोसॉफ्ट के साथ किया अहम समझौता

एजेंसी

**नई दिल्ली।** श्रम और रोजगार मंत्रालय ने बुधवार को केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया और माइक्रोसॉफ्ट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सत्या नडेला की मौजूदगी में माइक्रोसॉफ्ट के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। ये समझौता रोजगार लिंकेज को बढ़ाने और एआई आधारित स्किलिंग बढ़ाने के लिए किया गया है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यहां केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मांडविया और माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ नडेला की मौजूदगी में माइक्रोसॉफ्ट के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता सहयोग रोजगार लिंकेज को बढ़ाने, एआई आधारित स्किलिंग बढ़ाने और भारत के कर्मचारियों को वैश्विक अवसरों के लिए तैयार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस साझेदारी की एक सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि माइक्रोसॉफ्ट अपने बड़े अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क से 15 हजार से अधिक कंपनियों और



पार्टनर्स को श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के नेशनल करियर सर्विस (एनसीएस) प्लेटफॉर्म पर लाने के लिए काम करेगा। ये सहयोग रोजगार के अवसरों को बढ़ाने, एआई आधारित स्किलिंग (कौशल विकास) को बड़े स्तर पर ले जाने और भारत के कार्यबल को वैश्विक अवसरों के लिए तैयार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। डॉ. मांडविया ने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ नडेला के साथ अच्छी बातचीत हुई। हम डिजिटल आर्किटेक्चर को मजबूत करने के लिए भारत के साथ पार्टनरशिप करने के माइक्रोसॉफ्ट के कमिटमेंट का स्वागत करते हैं। इस पार्टनरशिप से 15,000 से ज्यादा माइक्रोसॉफ्ट पार्टनर्स नेशनल करियर सर्विस पोर्टल को जॉब प्रोवाइडर के तौर पर ऑनबोर्ड कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सोशल सिक्योरिटी और वेलफेयर के लिए एक इनक्लूसिव, टेक्नोलॉजी-इनेबल्ड इकोसिस्टम बनाने के लिए कमिटेड है, जहां कोई भी पीछे न छूटे।

## इंडिगो संकट के बीच स्पाइसजेट रोजाना संचालित करेगी अतिरिक्त 100 उड़ानें

एजेंसी

**नई दिल्ली।** इंडिगो के हालिया संकट के बीच घरेलू एयरलाइन कंपनी स्पाइसजेट ने इस शीतकालीन सत्र में अपने परिचालन का विस्तार करने की घोषणा की है। स्पाइसजेट ने कहा कि वह 100 अतिरिक्त दैनिक उड़ानें शुरू करने की तैयारी कर रही है, ताकि मौजूदा विमानन क्षमता की कमी को दूर किया जा सके। कंपनी ने बताया कि रेगुलेटरी से मंजूरी मिलने के बाद यह सेवा




शुरू हो जाएगी। स्पाइसजेट ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि प्रमुख रूटों पर हवाई यात्रा की मांग लगातार बढ़ रही है, इसलिए अतिरिक्त उड़ानें शुरू करने की तैयारी की जा रही हैं। इंडिगो में चल रही परिचालन बाधाओं के बीच यह कदम एयरलाइन उद्योग में क्षमता संतुलित करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# दिल्ली स्थित झारखंड भवन में ठहरने के नियम पर सदन में सवाल

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**



**रांची।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन बुधवार को विपक्ष ने दिल्ली स्थित झारखंड भवन और ऊर्जा विभाग के गेस्ट हाउस में ठहरने से जुड़े नियमों और व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल उठाए। इसके साथ ही नल-जल योजना और अबुआ आवास से जुड़े मुद्दे भी सदन में उठे। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड भवन में ठहरने से संबंधित नियमों को गलत बताते हुए कहा कि कैबिनेट निगरानी विभाग का यह निर्णय कि केवल विधायकों के सगे संबंधी ही झारखंड भवन में रह सकते हैं, उचित नहीं है और इसे तुरंत वापस लिया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि डॉ. रामेश्वर उरांव ने आलोक दूबे और लाल किशोर नाथ शाहदेव को ठहराने के लिए संबंधी बनाकर अनुशंसा की। मरांडी ने विधानसभा अध्यक्ष से पांच वर्षों का रजिस्टर मंगाने की मांग की, ताकि स्पष्ट हो सके कि झारखंड भवन में वास्तव में कौन-कौन ठहरता रहा है।

मरांडी ने कहा कि दिल्ली स्थित ऊर्जा विभाग के गेस्ट हाउस के लिए राज्य सरकार हर महीने पांच लाख रुपये किराया देती है, जहां, 8 स्टाफ तैनात हैं, 45 वाहन उपलब्ध हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या इस गेस्ट हाउस में अब तक कोई विधायक ठहरा भी है या नहीं? इसकी जानकारी के लिए इस गेस्ट हाउस के रजिस्टर, ठहरने वालों की सूची, संचालन व्यवस्था, पदस्थ इंचार्ज और आवंटन प्रक्रिया की जानकारी सदन के सामने लाने की मांग की। बाबूलाल मरांडी के सवालों पर राज्य के संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि यह एक गंभीर मामला है और सरकार इस पर गंभीरता से कार्रवाई करेगी।

## अवैध खनन मामला : सुप्रीम कोर्ट के फैसले का किया स्वागत

**झारखंड** में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष एवं विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने साहिबगंज अवैध पत्थर उत्खनन मामले में उच्चतम न्यायालय द्वारा सीबीआई जांच जारी रखने के निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने इसे राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक कदम बताया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बुधवार को अपनी प्रतिक्रिया देते हुए मरांडी ने कहा कि साहिबगंज में 1,500 करोड़ रुपये से अधिक के अवैध पत्थर खनन की सीबीआई जांच का राज्य सरकार द्वारा विरोध किए जाने के बावजूद उच्चतम न्यायालय ने सीबीआई की कार्रवाई को जारी रखने का स्पष्ट निर्देश दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि अदालत ने राज्य सरकार द्वारा अपराधियों को संरक्षण देने की प्रवृत्ति पर कड़ी आपत्ति जताई है। मरांडी ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने झारखंड उच्च न्यायालय के सीबीआई जांच के आदेश को सही माना है और इसी के विरोध में राज्य सरकार की ओर से दायर विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) को खारिज कर दिया है।

# सिल्ली राजवाड़ी परिसर में भागवत कथा सम्पन्न

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**



**सिल्ली।** सिल्ली राजबाड़ी परिसर में मंगलवार देर शाम सिल्ली राजवाड़ी एवं हरे कृष्ण नाम हट्ट संघ सिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में भागवत कथा का आयोजन किया गया। नगर संकीर्तन ,भजन ,कीर्तन तथा आरती के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ।हरे कृष्ण के गूंज से पूरा इलाका भक्तिमय हो गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि इस्कॉन त्रिदंडी सन्यासी, दीक्षा गुरु एवं इस्कॉन नामहट्ट के झारखण्ड, बिहार, पश्चिम बंगाल,असम एवं उड़ीसा के मुख्य क्षेत्रीय निर्देशक माया पुर के श्रीमद गौरांग प्रेम स्वामी महाराज एवं इस्कॉन के झारखण्ड पुरुलिया एवं बांकुड़ा के प्रचारक श्रीवास चरण दास शामिल हुए। भागवत कथा का वाचन करते हुए श्रीमद गौरांग प्रेम स्वामी महाराज ने भागवत कथा में भगवान? के 24 अवतारों की कथा वर्णन करने के पश्चात ₹एते चांशकलाः पुंसः कृष्णस्तु भगवान स्वयम₹ श्लोक को व्याख्या किए। उन्होंने कहा भगवान कृष्ण पूर्ण पुरुषोतम भगवान हम सभी जीव के विभिन्न अंश है। और अंश का कार्य पूर्ण की सेवा करना है, यही श्री चैतन्य महाप्रभु ने हमे सिखायें हैं,और सबसे सरल विधि कलियुग में श्री कृष्ण का कीर्तन करना है। उन्होंने कहा श्री कृष्ण की कथा सुनते-सुनते मनुष्य स्वयं से मिल जाता है। जो अपने आप से मिल जाता है, उसे कभी अकेलापन नहीं सताता। भागवत कथा का प्रभाव अनंत है।

## संक्षिप्त

### समाजसेवी शिव शंकर साहू ने जरूरतमंदों के बीच बांटे कंबल



**सोनाहातू।** प्रखंड के तेलवाडीह पंचायत के सोमाडीह गांव में वृद्ध,असहायों के बीच समाजसेवी शिव शंकर साहू ने कंबल वितरण किया। कंबल वितरण के दौरान समाजसेवी शिव शंकर साहू ने कहा कि गरीबों व असहायों को मदद करना जरूरी था। उन्होंने कहा कि मैं असहायों को ठंड से बचाने के लिए प्रयास करूंगा। यह कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा। गांव के पचास से अधिक वृद्ध और असहाय को कंबल दिया गया है। मौके पर जितवाहन उरांव, बिष्णु साहु, सुकरा उरांव, लखीचरण, कार्तिक आदि मौजूद थे।

### राहे का युवक बना श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी

**राहे।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित संयुक्त



स्नातक स्तरीय परीक्षा में प्रखंड के राहे गांव का युवक संदीप बैठा का चयन श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी के रूप में चयनित हुआ है। संदीप के सफलता से परिजनों ओर ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। लोगों ने इनकी सफलता पर बधाई दिया है। संदीप का माध्यमिक शिक्षा राहे के सर्वोदय स्कूल से हुआ है। स्नातक की पढ़ाई रांची कॉलेज से किया है। वर्तमान में इंडियन बैंक में कार्यरत हैं। बैंक की नौकरी करते हुए इन्होंने सीजीएल की तैयारी की थी। इनके पिता गणेशराम बैठा आवासीय स्कूल खूंटी में कार्यरत है। माता मंजू देवी गृहणी है।

### चान्हो प्रखंड महिला कांग्रेस कमिटी की अहम बैठक सम्पन्न

**चान्हो।** मांडर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चान्हों प्रखंड में पूर्व मंत्री बंधु तिर्की के निदेर्शानुसार महिला प्रखंड कांग्रेस कमिटी की एक महत्वपूर्ण बैठक प्रियंका उरांव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक के दौरान संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान, महिला कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रखंड अध्यक्ष मो. इस्तेयाक ने कहा कि संगठन तभी मजबूत होगा जब हर स्तर पर संवाद, सहभागिता और सक्रियता बनी रहे। उन्होंने महिला पदाधिकारियों से जनता के बीच नियमित रूप से संपर्क बनाए रखने तथा उनकी समस्याओं को प्राथमिकता से उठाने की अपील की। बैठक सकारात्मक माहौल में सम्पन्न हुई तथा महिला कमिटी की सदस्यों ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए एकजुट होकर काम करने का संकल्प लिया। बैठक में मुख्य रूप से प्रियंका उरांव, मुखिया गुड़िया कुमारी, सुशीला उरांव, रंजिता खलखो, आशा देवी, फूलो देवी, आराधना एक्का, चिंता मुनि उरांव, सरिता देवी, अनीता उरांव, सावित्री देवी, रीना उरांव आदि उपस्थित रहीं।

# लाखों का जेवर और 12 लाख नगद चोरी करने वाला चोर धराया

**4.12 लाख रुपए नगद और लाखों रुपए के जेवर किये गए बरामद**

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**



**रामगढ़।** शहर के जेल रोड में रहने वाले मनोज कुमार साहू के घर से लाखों रुपये की चोरी करने वाला चोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। एसपी अजय कुमार ने बुधवार को प्रेस वार्ता कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार चोर सनी करमाली उर्फ सनी लोहार ने अपने साथियों के साथ मिलकर इस बड़ी घटना को अंजाम दिया था। उसकी निशानदेही पर 4.12 लाख रुपए नगद और लाखों रुपए के जेवर बरामद कर लिए गए हैं। एसपी ने बताया कि 7 दिसंबर को दिनदहाड़े सनी करमाली अपने साथियों के साथ मिलकर मनोज कुमार साहू के घर में घुसा था। वहां से उसने 12 लाख रुपए नगद और लाखों रुपए के सोने चांदी के जेवर चुरा लिए थे।

**कई दिनों से घर की कर रहा था रेकी**

घटना की सूचना मिलते ही एसपी ने चोरों की गिरफ्तारी के लिए एसआईटी बनाई। एसआईटी ने तत्काल इस मामले में जांच शुरू की और चोरों की पहचान कर ली। सनी करमाली उर्फ सनी लोहार मूल रूप से बोकारो जिले का रहने वाला है। रामगढ़ में जेल रोड में ही वह रह रहा था। उसने मनोज कुमार साहू के घर को पहले से ही टारगेट कर रखा था। रविवार को जैसे ही मनोज कुमार साहू अपने बच्चों को ट्यूशन छोड़ने के लिए गए सनी उनके घर में अपने साथियों के साथ घुस गया। मनोज कुमार साहू के घर से लगभग 500 मीटर की दूरी पर ही रह कर सनी ने रेकी की थी। इसलिए उसे मनोज साहू के आने जाने में लगने वाले समय का पता था।

**बोकारो में छुपा कर रखा गया था चोरी का समान**

एसपी ने बताया कि सनी ने चोरी के जेवरात और रुपए छुपाने के लिए बोकारो को ही ठिकाना चुना था। पुलिस ने जब छापेमारी की तो उसके पास से 4 लाख, 12 हजार 350 रुपए बरामद हुए। इसके अलावा चार पीस कनबाली, एक जोड़ी झुमका, एक मांगटीका, एक नथिया, दो पीस चांदी का लॉकेट, एक पीस चांदी का चैन, दो जोड़ी चांदी का बिछिया और एक मोबाइल बरामद हुआ। छापेमारी दल में रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, रामगढ़ थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडेय, सब इंस्पेक्टर सुमंत कुमार राय, अनिल कुमार, एएसआई मनोज कुमार सहित कई लोग शामिल थे।

## इटकी के टाना भगत और महिला कृषकों के बीच गेहूं और चना बीज का वितरण




**इटकी।** इटकी प्रखण्ड मुख्यालय स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में बिरसा फसल बिस्तार योजना के तहत किसानों के बीच 3.75 टन गेंहू और एक टन चना बीज वितरण किया गया। सरकार की उक्त योजना के तहत कृषकों को 50 प्रतिशत अनुदान पर गेहूं और चना का बिज उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रमुख किरण उरांव और विशिष्ट अतिथि कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष रमेश महली, उप प्रमुख परवेज राजा ने सरई फार्मर्स प्रोड्यूसर कम्पनी से जुड़े 85 महिला कृषकों को प्रति एकड़ के दर से 40 -40 केजी बीज बांटा। जबकि रानीखटंगा में आयोजित कार्यक्रम कृषि विभाग द्वारा 20 टाना भगत किसानों को भी अनुदान पर गेहूं का बीज दिया गया। कार्यक्रम में बीटीएम सुमन बारला, उप प्रमुख परवेज राजा, अबू माज, सखी मंडल की महिला किसान सहित दर्जणों लोग उपस्थित थे।

### मुरी रनिंग स्टाफ ने किया धरना प्रदर्शन

**सिल्ली।** मुरी लांबी के एक लोको पायलट को मुरी- से हटिया एस्टाबलिस-टॉन्सफर पालिसी के विरुद्ध में मुरी लांबी के समक्ष धरना सह विरोध प्रदर्शन किया गया। जिसमें नारे लगाए गए कि सीनियरीटी के अनुसार टॉन्सफर किया जाए, रनिंग स्टाफ जिन्दाबाद, इन्क्लाब जिन्दाबाद। इस इस बिषय को लेकर मंडल प्रबंधक, डीपी, डीईई, आरपीएफ, जीआरपी , सी सी सी को



आवेदन देकर सुचित किया गया। धरना प्रदर्शन के दौरान मुरी के सारे रनिंग स्टाफ द्वारा निर्णय लिया गया है कि मुरी लांबी के एक लोको पायलट को नियम विरुद्ध तरीके से,एज पर एप्लिकेशन सीनियरीटी को नजरअंदाज कर आउट ऑफ टर्म स्रोस एवं पैरवी से हटिया टॉन्सफर कर दिया गया है। जबकि बिना स्रोस एवं पैरवी वाले रनिंग स्टाफ सात -आठ साल से हटिया टॉन्सफर वेटिंग में हैं। ऐसा कौन सा विशेष स्कील उस ड्राईवर में है जो अन्य ड्राईवर में नहीं है , सबको ट्रेन ही चलाना है,जिसे आउट ऑफ टर्म हटिया लाया गया। उससे उपर लगभग 120 से 130 क्रू हटिया स्टाफ टॉन्सफर वेटिंग में है। उसी के साथ प्रशासन इतना मेहरबान क्यों है ।रेलवे को वितीय धाटा भी हो रहा है ।जब उस ड्राईवर को हटिया ही रखना था तो लगभग छ महीना पहले ही ड्राईवर प्रमोशन देकर मुरी लाया गया फिर 120 से 130 स्टाफ के बाटम से आउट ऑफ टर्म हटिया टॉन्सफर कर दिया गया।

### अपर समाहर्ता ने की एसआइआर की समीक्षा, बीएलओ को दिया निर्देश

**खूंटी।** तोरपा प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को गहन मतदाता पुनरीक्षण (एसआइआर) कार्य की प्रारंभिक गतिविधियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर समाहर्ता सह निवार्ची पदाधिकारी तोरपा परमेश्वर मुंडा ने की। बैठक में तोरपा प्रखंड के सभी बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) और उनके सुपरवाइजर शामिल हुए। अपर समाहर्ता ने बीएलओ ऐप के माध्यम से वर्ष 2003 की मतदाता सूची की वर्तमान मतदाता सूची से पैरेंटल और पारिवारिक मैपिंग की प्रगति की बूथवार समीक्षा की। जिन बीएलओ का प्रदर्शन कमजोर पाया गया, उनसे फील्ड में आ रही समस्याओं की जानकारी ली गई और उनके निराकरण के उपाय बताए गए। बैठक के दौरान ऑनलाइन नाम खोजने की प्रक्रिया भी समझाई गई और बीएलओ को वहीं पर अभ्यास कर स्वयं सक्षम बनने के लिए प्रोत्साहित किया गया। अपर समाहर्ता ने निर्देश दिया कि किसी भी योग्य मतदाता का नाम सूची से छूटना नहीं चाहिए। जिन व्यक्तियों का मैपिंग कार्य सभी प्रयासों के बाद भी संभव नहीं हो पाता, उनकी अलग सूची तैयार करने को कहा गया, ताकि उचित सुनवाई कर उनका नाम जोड़ा जा सके। अपर समाहर्ता ने बीएलओ को मृत, अनुपस्थित, स्थानांतरित, शादीशुदा तथा डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची जल्द से जल्द तैयार करने का निर्देश दिया, ताकि मतदाता सूची को अधिकतम शुद्ध बनाया जा सके। इसी क्रम में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी की ओर से भाजपा, झामुमो, कांग्रेस और राजद के प्रखंड स्तरीय प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई। उन्हें एसआईआर की प्रारंभिक गतिविधियों से अवगत कराया गया और बूथ लेवल एजेंट नियुक्त कर उनकी सूची उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया।

## विधायक ने सदन में उठाया खूंटी में जाम का मुद्दा

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**खूंटी।** खूंटी विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामसूर्या मुंडा ने बुधवार को विधानसभा में जिले की सबसे गंभीर समस्या–मेन रोड पर बढ़ते जाम–का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने कहा कि शहर में जाम की स्थिति लगातार बदतर होती जा रही है, जिसके कारण लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। साथ ही दुर्घटनाओं और जनहानि की घटनाएं भी बढ़ रही हैं। विधायक मुंडा ने सरकार से मांग की कि बाइपास निर्माण में समय लगेगा, इसलिए तत्काल राहत के लिए समाहरणालय से लेकर भगत सिंह चौक तक सड़क का चौड़ीकरण, मजबूतीकरण और डिवाइडर या सर्विस रोड का निर्माण अतिआवश्यक है। उन्होंने व्यवहार न्यायालय के सामने प्रस्तावित बस स्टैंड और नामकोम बस स्टैंड को जल्द चालू कराने की भी मांग की। विधायक ने कहा कि यदि दोनों बस स्टैंड शुरू हो जाएं, तो शहर के बीचों-बीच लगने वाली बसों की भीड़ कम होगी, जिससे जाम की समस्या में काफी कमी आएगी। साथ ही सड़क चौड़ीकरण और डिवाइडर बनने से बाजारटांड़ से लेकर भगत सिंह चौक तक लगने वाले भीषण जाम से लोगों को तत्काल राहत मिल सकेगी।

## नीरजा सहाय डीएवी में मानवाधिकार दिवस का आयोजन

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**




**पिठोरिया।** कांके स्थित नीरजा सहाय डीएवी में प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में मानवाधिकार दिवस का आयोजन किया गया। कक्षा नौवीं की समीक्षा राजबाला ने मंच संचालन किया। नौवीं की ही मेहविश ने अपने भाषण में कार्यक्रम की उपादेयता और महत्त्व को रेखांकित किया। आठवीं की अल्फिया शोएब ने कविता के माध्यम से मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने का प्रयास किया। सातवीं की एलिना अली खान ने मानवाधिकार की शपथ दिलाई। विद्यालय की वरीय शिक्षिका सुष्मिता मुखर्जी के मार्गदर्शन में सातवीं के विद्यार्थियों ने लघु नाटिका के माध्यम से शिक्षा के अधिकार को दशार्या। विद्यालय के शिक्षक हिमांशु रंजन ने क्विज का संचालन किया। प्रश्नों के माध्यम से मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता उत्पन्न की। इस अवसर पर प्राचार्या किरण यादव ने कहा कि आज का दिन हमें न केवल अपने अधिकारों के प्रति सजग करता है, बल्कि हमें दूसरों के अधिकारों के प्रति भी संवेदनशील होना चाहिए।

## सर्द हवाओं से इटकी में बढ़ी बीमारियों की मार, अस्पतालों के ओपीडी में उमड़ी भीड़

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**




**इटकी।** इटकी में इन दिनों सर्द हवाओं के ठिठुरन के चपेट में आकर लोग बड़ी तदाद में कई बिमारियों से ग्रस्त हो रहे है। सर्दी खांशी और जुकाम जैसी बिमारियों का प्रकोप काफी बढ़ गया है। प्रतिदिन इटकी यक्ष्मा आरोग्यशाला के आउटडोर और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के ओपीडी के साथ निजी अस्पतालों में इलाज के लिए लोगों की लम्बी कतार लग रही है। अस्पताल पहुंचने वाले ज्यादातर लोग में सर्दी खांशी और गले खराब की शिकायत मिल रही है। खाश कर इन बिमारियों के चपेट में छोटे बच्चे आ रहे है। टीबी,अस्थामा, सर्दी जुकाम,खांशी और सांस की समस्या जैसी रोग से पिड़ित मरीजों की कड़ाके ठंड में परेशानी बढ़ गई है। मौसम में उतार चढ़ाव के कारण वायरल संक्रमण, सर्दी- खांशी जुकाम, ब्लड प्रेशर,डायबिटिज, हार्ट, निमोनिया सहित शरीर के जोड़ो में दर्द से जैसी अन्य बिमारी का प्रकोप देखा जा रहा है। दवा काउंण्टर में एंटी एलेर्जी ड्रग की सप्लाई काफी बढ़ गई है। इटकी यक्ष्मा आरोग्यशाला के अधीक्षक पीके भगत का माने तो इस ठंड के दिनों में दिल के रोगी और उच्च रक्तचाप के मरीजों को विशेष रूप से ऐतिहात वरतने की जरूरत है। इस मौसम में जहां तक हो सकें खुद को गर्म रखें और बाहर निकलें तो प्रर्याप्त मात्रा में शरीर को कपड़ों से ढक कर निकले ।

## छोटानागपुर लॉ कॉलेज ने मानवाधिकार दिवस पर सदमा में किया सेवा कार्य

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**




**रांची।** मानवाधिकार दिवस के अवसर पर 10 दिसंबर को ओरमांझी प्रखंड के सदमा गाँव में छोटानागपुर लॉ कॉलेज, नमकुम द्वारा कंबल एवं आवश्यक सामग्रियों का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम मानवाधिकारों के संरक्षण और जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनसेवा कार्यक्रम के रूप में आयोजित किया गया। इस ऐतिहासिक तिथि को विश्वभर में मानवाधिकारों की सुरक्षा के मील के पत्थर के रूप में जाना जाता है, और इसी क्रम में महाविद्यालय ने सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय दिया। मानवाधिकार दिवस पर कॉलेज की टीम ने सदमा गाँव में वृद्धजनों के बीच कंबल वितरण कर सामाजिक संवेदना का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के शिक्षकों और छात्रों की टीम ने घर-घर जाकर बुजुर्गों को गर्म कंबल प्रदान किए, जिससे उन्हें सर्द मौसम में राहत मिली। इसी क्रम में कॉलेज की टीम सदमा मध्य विद्यालय पहुँची, जहां 300 से अधिक बच्चों के बीच खाद्य सामग्री एवं पठन-पाठन से संबंधित शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया गया। सामग्री प्राप्त कर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के शिक्षकों ने छात्रों को मानवाधिकारों, उनके महत्व और दैनिक जीवन में उनके अनुपालन के बारे में जागरूक भी किया। यह जनसेवा कार्यक्रम न केवल स्थानीय ग्रामीणों में जागरूकता बढ़ाने में सफल रहा, बल्कि युवा विधि छात्रों में मानवाधिकारों के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी की भावना को भी मजबूती प्रदान की। मानवाधिकार दिवस पर छोटानागपुर लॉ कॉलेज की यह पहल समाज को प्रेरित करने वाला सराहनीय कदम साबित हुई।

## ट्रस्ट ने दो निर्धन बालिकाओं की पढ़ाई का लिया जिम्मा

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**




**रांची।** कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट रांची एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजिट्ठ) दिल्ली शाखा के सयुंक्त तत्वाधान मे ट्रस्ट के संस्थापक और संरक्षक स्वामी सदानंद जी महाराज के आशीर्वाद एवं आदेश से दो निर्धन जरुरतमंद कन्याओं संस्कृति पाठक एवं सम्भवी पाठक को कांके रोड स्थित गांधीनगर डी.ए.वी. स्कूल मे कक्षा 10 में एडमिशन कराने हेतु संस्कृति पाठक को रुपया 26,230/ (छब्बीस हजार दो सै तीस) एवं कुमारी सम्भवी पाठक 8 क्लास मे एडमिशन कराने के लिए- 21,890(इक्कीस हजार आठ सौ नब्बे) रुपये का चेक प्रदान किया। स्कूल को एडमिशन का तथा छह माह का फीस, टोटल-48 हजार एक सौ बीस का चेक दिया गया। जिससे उनका पढाई निरंतर सुचारु रूप से हो सके। ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि बालिका कुमारी संस्कृति पाठक और कुमारी सम्भवी पाठक पिता स्व. इन्द्रेश कुमार पाठक माता पल्लवी पाठक शांती नगर गांधी नगर कांके रोड के निवासी है। तथा विगत 6 वर्षों से गुरुजी सदानंद महाराज के सानिध्य में पढ़ाई का पूरा खर्च ट्रस्ट द्वारा दिया जा रहा है। ट्रस्ट द्वारा दोनों बालिकाओं का पूरी पढ़ाई का पूरा जिम्मा लिया गया है।आज के सेवा के इस महान प्रकल्प मे ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी, पूरणमल सर्राफ, सज्जन पाड़िया, संजय सर्राफ के अलावे ट्रस्ट के कई सदस्य उपस्थित थे।

# आईसीएआई एमएसएमई क्लिनिक का शुभारंभ

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** दी इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की कमेटी ऑन एमएसएमई ने पूरे भारत में अपनी शाखा भवनों में आईसीएआई एमएसएमई क्लिनिक का शुभारंभ किया। आईसीएआई के प्रेसिडेंट सीए चरनजोत सिंह नंदा और वाईस प्रेसिडेंट सीए प्रसन्ना कुमार डी ने इसका ऑनलाइन उद्घाटन किया। इस अवसर पर आईसीएआई के प्रेसिडेंट ने बताया कि एमएसएमई क्लिनिक प्रत्येक शुक्रवार को शाम 4 बजे से 6 बजे तक संचालित किया जाएगा। इसमें एमएसएमई क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन एवं निशुल्क सलाह प्रदान की जाएगी।




क्लिनिक में फाइनेंसियल प्लानिंग एवं कैश फ्लो, डिजिटल अकाउंटिंग टूल्स, टैक्स रेडीनेस एवं कंप्लायंस, फंडिंग एवं क्रेडिट लिंकेंज, एचआर एवं पेरोल ऑप्टिमाइजेशन, सरकारी योजनाएं, इंटरनल कंट्रोल्स एवं ऑडिट, डिजिटल मार्केटिंग और ब्रांडिंग, एक्सपोर्ट ऑपर्च्युनिटीज और जीईएम प्रमुख रूप से शामिल हैं।

प्रेसिडेंट ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य देशभर के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को सशक्त बनाना है। उन्हें वित्तीय एवं अनुपालन संबंधित चुनौतियों से निपटने में सहायता देना है। उद्घाटन कार्यक्रम में आईसीएआई की कमेटी ऑन एमएसएमई के अध्यक्ष सीए ज्ञान चंद्र मिश्रा और उपाध्यक्ष सीए अर्पित काबरा भी उपस्थित थे। उन्होंने इस पहल के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। इस उद्घाटन सत्र के दौरान रांची से शाखा अध्यक्ष सीए अभिषेक केडिया, सचिव सीए भुवनेश ठाकुर और एमएसएमई से संबंधित ऑफिसियल उपस्थिति रहे।

## शशि पन्ना बने आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय संयोजक

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** युवा नेता शशि पन्ना को अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस का राष्ट्रीय संयोजक नियुक्त किया है। कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा अनुमोदित यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। ए.आई.सी.सी. के महासचिव सह सांसद के.सी. वेणुगोपाल ने इसकी सूचना दी है। श्री पन्ना झारखंड के एक सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता और युवा आदिवासी अधिकारों के मुखर स्वर रहे हैं। वर्षों से वे आदिवासी समुदाय के संवैधानिक संरक्षण, वन अधिकार, भूमि अधिकार और सामाजिक न्याय के मुद्दों पर गहनता से कार्य करते रहे हैं।



## संक्षिप्त

### साहिबगंज अवैध पत्थर खनन मामले में भगवान भगत को झटका

**रांची।** झारखंड के साहिबगंज के 1250 करोड़ रुपये के अवैध पत्थर खनन मामले में आरोपित भगवान भगत को झारखंड उच्च न्यायालय से राहत नहीं मिली है। ईडी कोर्ट द्वारा डिस्चार्ज पिटीशन खारिज किए जाने और आरोप गठन को चुनौती देने वाली उनकी याचिका को उच्च न्यायालय ने बुधवार को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति सुजीत कुमार प्रसाद की अदालत ने यह फैसला सुनाया। इस मामले में ईडी की ओर से अधिवक्ता अमित कुमार दास और सौरव कुमार ने पक्ष रखा। उल्लेखनीय है कि भगवान भगत को प्रवर्तन निदेशालय ने 7 जुलाई 2023 को गिरफ्तार किया था और उनके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया जा चुका है। वह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बरहेट विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के करीबी सहयोगी माने जाते हैं। आरोप है कि यह लोग अवैध पत्थर खनन से जुटाई गई राशि पंकज मिश्रा तक पहुंचाते थे।

### रांची एयरपोर्ट पर इंडिगो की तीन उड़ानें रद्द

**रांची।** रांची बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर इंडिगो एयरलाइंस की तीन उड़ानें संचालन कारणों से रद्द कर दी गई हैं। इन उड़ानों में 6ए 5071/2294 (दिल्ली-रांची-दिल्ली), 6ए 186/191 (हैदराबाद-रांची-हैदराबाद) और 6ए 5339/6031 (दिल्ली-रांची-दिल्ली) शामिल हैं। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (अअक), इंडिगो प्रबंधन और उक्रऋकी संयुक्त टीम यात्रियों की सहायता में लगी हुई है। यात्रियों को उड़ान की स्थिति, रिफंड और अन्य मदद लगातार दी जा रही है। एयरपोर्ट प्रशासन ने बताया कि 8 और 9 दिसंबर को इंडिगो की ऑन-टाइम परफॉर्मेंस 66.7 प्रतिशत रही और बाकी सभी उड़ानों का संचालन सामान्य है। रद्द उड़ानों का पूरा रिफंड यात्रियों को दिया जा रहा है। अन्य एयरलाइंस पर इसका कोई असर नहीं पड़ा है और उनकी उड़ानें पहले की तरह चल रही हैं। यात्रियों से अपील है कि एयरपोर्ट आने से पहले अपनी उड़ान की स्थिति चेक कर लें। किसी भी सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 0651-2250282 पर संपर्क कर सकते हैं।

### झारखंड में मौसम रहा शुष्क, गुमला सबसे ठंडा

**रांची।** मौसम विभाग की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, झारखंड में पिछले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क बना रहा। राज्य के पश्चिमी व मध्य भागों में कहीं-कहीं हल्की ठंड में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। अधिकतम व न्यूनतम तापमान में अधिकांश जगहों पर कोई बड़ा बदलाव नहीं देखा गया। पश्चिमी विक्षोभ की प्रभावी स्थिति व सब-ट्रॉपिकल जेट स्ट्रीम के सक्रिय रहने से अगले एक-दो दिनों तक सुबह और देर रात की ठंड बनी रहने की संभावना है। कहीं-कहीं न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे दर्ज किया गया। रिपोर्ट के अनुसार, राज्य में अधिकतम तापमान 28.4 डिग्री सेल्सियस डालटनगंज व चाईबासा में दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 4.0 डिग्री सेल्सियस गुमला में रिकॉर्ड हुआ।

## झारखंड में नल-जल योजना की 40 प्रतिशत से अधिक परियोजनाएं अधूरी

# केंद्रांश की राशि नहीं मिलने से अधूरी हैं नल-जल की कई योजनाएं : पेयजल मंत्री

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** झारखंड में नल-जल योजना का कार्य धन की कमी के कारण प्रभावित हो रहा है। केंद्रांश की पर्याप्त राशि समय पर नहीं मिलने से कई जिलों में परियोजनाएं अधूरी पड़ी हैं। यह बातें राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने बुधवार को विधानसभा में प्रश्नों का उत्तर देते हुए कही। मंत्री ने कहा कि पूरे राज्य में इस योजना के तहत 97,535 परियोजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनमें से 56,386 पूरी हो चुकी हैं। बाकी योजनाएं निमार्णाधीन हैं और संसाधनों की कमी के चलते उनके कार्यों में देरी हो रही है। विधानसभा के शीतकालीन सत्र में पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने बताया कि केंद्र से अपेक्षित धन उपलब्ध नहीं होने के बावजूद राज्य सरकार अपने हिस्से की 1231 करोड़ रुपये की राशि से परियोजनाओं को गति देने का प्रयास कर रही है।

इससे पहले झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के विधायक हेमलाल मुर्मू ने संथाल परगना क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति योजनाओं की खराब स्थिति पर सवाल उठाया।उन्होंने कहा कि कई क्षेत्रों में योजनाएं चालू होते हुए भी लोगों को पीने का पानी नहीं मिल रहा है, जबकि अधूरे कार्यों के बावजूद एजेंसियों को भुगतान कर दिया गया है। उन्होंने यह भी पूछा कि लिट्टिपाड़ा और डिप्टी पाड़ा प्रखंडों में गंगा नदी से जलापूर्ति की कोई योजना लागू की जा रही है या नहीं। जवाब में मंत्री ने कहा कि गंगा नदी से प्रस्तावित जलापूर्ति योजनाओं की सूची वे संबंधित विधायक को उपलब्ध करा देंगे। मुर्मू ने आगे बताया कि इन दोनों प्रखंडों में 40 प्रतिशत से अधिक कार्य अधूरे पड़े हैं। इस पर मंत्री ने स्वीकार किया कि धन की कमी के कारण काम आगे नहीं बढ़ पा रहा है। लोक जनशक्ति पार्टी-रामविलास (लोजपा-आर) के विधायक जनार्दन पासवान ने आरोप लगाया कि चतरा जिले में नल-जल योजना के तहत कोई काम नहीं हुआ है और यहां सिर्फ लूट हुई है। उन्होंने मामले की जांच कराने की मांग की।



## अबुआ आवास योजना : झारखंड सरकार लाभुकों को दो किस्तों में राशि देने पर करेगी विचार

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार अबुआ आवास योजना के तहत लाभुकों को दो किस्तों में राशि देने पर विचार कर रही है। यह जानकारी राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने बुधवार को झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र में दी। मंत्री भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक शत्रुघ्न महतो के अल्पसूचित प्रश्न का जवाब दे रही थीं। विधानसभा में विधायक ने बताया कि हजारों लाभुकों को योजना की पहली किस्त मिल गई है, लेकिन दूसरी किस्त जारी नहीं होने से आवास निर्माण अधूरा है। इसके कारण लोग कड़ाके की ठंड में खुले में रात बिताने को मजबूर हैं। मंत्री ने स्पष्ट किया कि विधानसभा चुनाव के बाद केंद्र सरकार से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एक बार फंड मिला था, लेकिन उसके बाद धनराशि नहीं मिली। इसी वजह से राज्य सरकार अबुआ आवास की दूसरी किस्त जारी करने में सक्षम नहीं है।

उन्होंने बताया कि सरकार को 24 लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं और तीन हजार करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है, जिसमें से 12 अरब रुपये जिलों को वितरित किए जा चुके हैं। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सुझाव दिया कि लाभुकों को दो किस्तों में राशि दी जाए, ताकि उनका घर समय पर पूरा हो सके। उन्होंने इंदिरा आवास योजना का उदाहरण देते हुए कहा कि कई किस्तों में भुगतान की शिकायतें पहले भी रही हैं। मंत्री ने कहा कि सरकार इस सुझाव पर गंभीरता से विचार करेगी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि यदि केंद्र सरकार पीएम आवास योजना की राशि बढ़ाकर दो लाख रुपये कर दे, तो यह जनता के हित में बेहतर कदम होगा।

## शराब घोटाला : बाबूलाल मरांडी ने टेंडर में अनियमितता का लगाया आरोप

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** झारखंड में शराब घोटाले को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राज्य सरकार पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार शराब कारोबार में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं और टेंडर प्रक्रिया में गड़बड़ी को छिपाने का प्रयास कर रही है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बुधवार को अपनी प्रतिक्रिया देते हुए मरांडी ने लिखा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एक बार फिर किसी सरकारी अधिकारी की बलि देकर स्वयं को बचाने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि शराब घोटाले में लगातार बढ़ते आंकड़े गंभीर सवाल खड़े करते हैं। पहले 38 करोड़, फिर 70 करोड़ और अब 136 करोड़ रुपये के नुकसान का खुलासा हुआ है।

### मानवाधिकार दिवस पर जोहार रांची ने की गोष्ठी

**रांची।** विश्व मानवाधिकार दिवस पर जोहार रांची ने सत्य भारती सभागार में गोष्ठी आयोजित की। गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि झारखंड में आदिवासी समुदाय के सामुदायिक मानवाधिकारों का बड़े पैमाने पर हनन जारी है। जोहार रांची के कन्वीनर रतन तिर्की ने बताया कि संगठन झारखंडियों के संवैधानिक अधिकारों के लिए लंबे समय से संघर्षरत है। उन्होंने कहा कि जोहार चाईबासा और जोहार रांची ने विधिक जागरुकता अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रभाकर तिर्की ने कहा कि पेसा कानून, वनाधिकार कानून और पांचवीं अनुसूची का प्रभावी लागू न होना, आदिवासी समाज के मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन है। मौके पर जोहार के सदस्य प्रभाकर तिर्की, विनीत मुंडू, अंतोनी केजे, जोय बाखला, अकई झरिया मिंज, प्रीति तिर्की, अधिवक्ता सिलंवती कुजूर, अधिवक्ता मुक्ता मरांडी, प्रेम मार्डी, पंकज कुजूर और सेंट जेवियर्स कॉलेज के छात्र-छात्राएं शामिल हुए।



### मानवाधिकार उल्लंघन के खिलाफ संगठनों ने किया प्रदर्शन

**रांची।** अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस के उपलक्ष्य में झारखंड जन अधिकार महासभा, पीपल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज, आदिवासी विमेंस नेटवर्क एवं अन्य संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा अल्बर्ट एक्का चौक में राज्य एवं केंद्रीय द्वारा मानव अधिकार के उल्लंघन के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। इसमें संगठन के सदस्यों के साथ आदिवासी समुदाय के लोग भी शामिल हुए। सभी ने राज्य और केंद्र सरकार पर मानवाधिकार उल्लंघन के आरोप लगाए। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि आदिवासी क्षेत्रों में विस्थापन, जबरन खनन और जबरन कैंप निर्माण बढ़ गया है, जिससे लोगों में डर और असुरक्षा बढ़ रही है। उनका आरोप है कि कॉर्पोरेट कंपनियों के हित में आदिवासी जमीनों पर कब्जे का दबाव बनाया जा रहा है। प्रदर्शन के दौरान कई लोगों ने सोनम वांगचुक और उमर खालिद की रिहाई की भी मांग की। उन्होंने कहा कि आदिवासियों को नक्सली बताकर कार्रवाई करना गलत है और विचाराधीन आदिवासी कैदियों को रिहा किया जाना चाहिए। साथ ही वअढअ जैसे दमनकारी कानूनों को खत्म करने की मांग भी उठाई गई। उनका कहना है कि आदिवासी समुदाय विकास चाहता है, लेकिन जबरन विस्थापन और मनमाने खनन प्रोजेक्टों को वह स्वीकार नहीं करेगा। कई गांवों के पास बिना सहमति के सुरक्षा कैंप बनाए जा रहे हैं, जिससे लोग डरे हुए हैं। उन्होंने सरकार से अपील की कि आदिवासी समुदाय की राय और पारंपरिक अधिकारों का सम्मान किया जाए और उनकी समस्याओं का समाधान निकाला जाए।




### मानवाधिकार दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित

**रांची।** एक्सीलेंट पब्लिक स्कूल, नया टोली सिमलिया में शनिवार को मानव अधिकार दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्या शोभा देवी के निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर मानव अधिकार मिशन के राज्य मीडिया सचिव शिव किशोर शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। विद्यालय के निदेशक सच्चिदानंद विश्वकर्मा एवं कार्तिक विश्वकर्मा ने मानव अधिकार दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हर वर्ष 10 दिसंबर को मनाया जाने वाला यह दिवस विश्वभर में समानता, स्वतंत्रता और गरिमा के मूल मूल्यों को सशक्त करता है। उन्होंने कहा कि मानव अधिकार प्रत्येक नागरिक को सम्मानित जीवन जीने की गारंटी देते हैं। मुख्य अतिथि शिव किशोर शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि मानव अधिकार दिवस समाज के मानव अधिकार ढांचे की रीढ़ है। यह हमें बिना किसी भेदभाव के शांति और सुरक्षा के साथ जीने, फलने-फूलने और प्रगति करने का अधिकार देता है। उन्होंने छात्रों को मानव अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की प्रेरणा दी। इससे पूर्व विद्यालय परिवार ने आगामी 13 दिसंबर 2025 को वार्षिक खेलकूद समारोह भव्य रूप से आयोजित करने का निर्णय लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड उच्च न्यायालय के वरीय अधिवक्ता पी.के. लाला को आमंत्रित किया गया है, जिसकी सहमति भी प्राप्त हो चुकी है।



## भारत-नेपाल दिव्यांगजन टी-20 क्रिकेट सीरीज 13 से

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** भारत एवं नेपाल के बीच दिव्यांगजनों का 3 अंतर्राष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट मैच 13 से 15 दिसंबर तक अनगड़ा स्थित अमिताभ चौधरी क्रिकेट स्टेडियम में होगा। सीरीज चैंपियन स्पिरिट कप दिव्यांग क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त झारखंड डिसेबल्ड क्रिकेट एसोसिएशन और राउंड टेबल इंडिया (244, 160, 284) के तत्वारवधान में हो रहा है।

सूब्रो जोरदर के नेतृत्व में भारतीय टीम में महनतेस चालूवाड़ी (उप कप्तान), नफीस सिद्दकी, कैलाश प्रसाद, जमीर पठान, अनवर मुक्तार अंसारी, साजीद करीम तंबोली, धर्मेंद्र कुमार, सैयद शाह अजीज, अकीब मलिक, राहुल शर्मा, सूरज मनकले, मो.शौकत अली, जितेंद्र कुमार यादव, महेश कुमार अगली, श्याम चकवा, रांची के विजय कुमार महतो और चन्दन लोहरा शामिल हैं।




डीसीसीबीआई के अध्यक्ष मुकेश कंचन ने बताया कि नेपाल की टीम 12 दिसंबर को आएगी। झारखंड डिसेबल क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष राहुल मेहता ने बताया कि उषा मार्टिन विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित मैच में प्रवेश निशुल्क है। संरक्षक रमेश सिंह ने बताया कि सरकार और उद्योग जगत को ऐसे आयोजन में और ज्यादा सहयोग करना चाहिए। प्रमुख समन्वयक प्रणव कुमार बब्बू ने बताया कि सभी मैच 11 बजे प्रारंभ होगा। राउंडटेबल इंडिया के रांची चैप्टर 244 के अध्यक्ष आकाश खोसला ने कहा कि हमे इस तरह की प्रतियोगिताओं को और प्रोत्साहन देना चाहिए। आयोजन में सरिता सिन्हा, जगदीश सिंह जग्गू, अंतु तिर्की, प्रियंका घोष, मुकेश कुमार आदि का विशेष योगदान है।

## शराब घोटाला : पूर्व आबकारी आयुक्त अमित कुमार से एसीबी की चौथी बार पूछताछ

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** झारखंड के चर्चित शराब घोटाला मामले की जांच कर रहा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) पूर्व उत्पाद आयुक्त एवं झारखंड स्टेट बेवरेजेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड (जेएसबीसीएल) के पूर्व प्रबंध निदेशक भारतीय प्रशासनिक सेवाा (आईएएस) के अधिकारी अमित कुमार से लगातार पूछताछ कर रहा है। एसीबी ने बुधवार को भी उन्हें चौथी बार पूछताछ के लिए तलब किया। अमित कुमार वर्तमान में वाणिज्यकर विभाग के आयुक्त पद पर कार्यरत हैं। इससे पहले एसीबी ने मंगलवार को भी उनसे तीसरे दिन लगातार पूछताछ की थी, लेकिन जांच टीम उनके जवाबों से संतुष्ट नहीं हुई। इसी वजह से उन्हें आज फिर बुलाया गया, जहां उनसे विस्तृत पूछताछ की जा रही है। अधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, एसीबी के जांच अधिकारी मुख्य रूप से मई 2022 में लागू नई उत्पाद नीति से जुड़े सवाल पूछ रहे हैं। जांच का मुख्य केंद्र छत्तीसगढ़ की ब्लैकलिस्टेड प्लेसमेंट एजेंसियों और शराब कारोबारियों को झारखंड में काम करने की अनुमति कैसे मिली? और शराब कारोबार में ऐसी कंपनियों को शामिल क्यों किया गया, जिन पर बाद में घोटाले के गंभीर आरोप लगे हैं।




## सरला बिरला विश्वविद्यालय ने जीता स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय की टीम ने आंध्र प्रदेश के गुंटूर में आयोजित स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन-2025 के ग्रैंड फिनाले में शानदार जीत दर्ज की। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में पूरे देश से चयनित प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विश्वविद्यालय की तीन टीमें (18 प्रतिभागी) इस प्रतियोगिता के फाइनल राउंड के लिए चयनित हुई थीं, जिन्हें अलग-अलग स्थानों - गुंटूर, कोल्हापुर एवं कानपुर - में आयोजित अंतिम चरण के लिए भेजा गया था। सरला बिरला विश्वविद्यालय के एसपीओसी डॉ. मनोज पांडेय ने बताया कि हर्ष कुमार, अंजली केशरी, हर्ष केशरी, अविनाश कुमार, रूपेश एवं प्रांशु रंजन की टीम विजेता रही। गौरतलब है कि सरला बिरला विश्वविद्यालय ने लगातार दो वर्षों तक स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन-2024 एवं 2025 (सॉफ्टवेयर संस्करण) में विजेता बनकर संस्थान का मान बढ़ाया है। राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित प्रतियोगिता स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन में छात्र वास्तविक जीवन की समस्याओं के समाधान के लिए नवाचार प्रेरित तकनीकी समाधान का विकास करते हैं। प्रतियोगिता में रचनात्मकता के अलावा टीमवर्क और व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ावा हासिल होता है। विवि के विद्यार्थियों की इस शानदार उपलब्धि पर एसबीयू के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक, कुलपति प्रो सी जगनाथन एवं राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।




## 50वीं सब जूनियर व जूनियर राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता 27 से, 950 बच्चे लेंगे हिस्सा

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** रांची में 27 से 30 दिसंबर तक 50वीं सब जूनियर और जूनियर राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता है, जिसे झारखंड योग एसोसिएशन और अरविंदो सोसायटी हेसल ब्रांच मिलकर करा रहे हैं। कार्यक्रम रातू रोड के रतनलाल जैन स्मृति भवन में होगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह और कार्यकारी अध्यक्ष पंकज प्रसाद ने बताया कि 8 से 18 साल के बच्चे इसमें भाग लेंगे। अभी तक 27 राज्यों से करीब 950 प्रतिभागी और अधिकारी आने की पुष्टि कर चुके हैं। 24 दिसंबर को अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, सिक्किम और त्रिपुरा की टीमें रांची पहुंच जाएंगी। झारखंड योग संघ के महासचिव आदित्य कुमार सिंह के मुताबिक बच्चों को 6 अलग-अलग आयु वर्ग में बांटा गया है। इस प्रतियोगिता में पारंपरिक योग, आर्टिस्टिक योग, रिदमिक योग और फ्री फ्लो योग जैसी रोचक स्पधाएं होंगी। संघ के सीईओ संजय कुमार झा ने कहा कि तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। बाहर से आने वाले खिलाड़ियों के रहने की व्यवस्था रानी सती मंदिर धर्मशाला और रतनलाल जैन समिति भवन में की गई है। 27 दिसंबर को सुबह 10:30 बजे प्रतियोगिता की शुरूआत मार्च-पास्ट से होगी। उद्घाटन के मौके पर 50 किलो का केक काटा जाएगा। साथ ही शानदार योग प्रदर्शन और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।



## विश्व मानवाधिकार दिवस पर डालसा ने जिले भर में आयोजित किए कई कार्यक्रम

**डालसा मानव अधिकारों की रक्षा के लिए सदैव सजग - सचिव**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**चाईबासा।** झालसा रांची के निर्देश पर और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डी एल एस ए चाईबासा मौहम्मद शाकिर के मार्ग दर्शन में विश्व मानव अधिकार दिवस (10 दिसंबर) के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में जिले में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए, इसी क्रम में सदर प्रखंड कार्यालय के समीप स्थित अनुसूचित जनजाति बालिका विद्यालय में प्राधिकार की द्वारा आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं को संबोधित करते हुए सचिव रवि चौधरी ने कहा कि सभ्य समाज में हमें सभी मनुष्यों के अधिकारों का सम्मान करना चाहिए हमें इस बात का सदैव ध्यान रखना है कि हम अपनी सुविधा या लाभ के लिए दूसरों के अधिकारों का उल्लंघन न करें, हमें इस बात का भी ध्यान रखना है कि हमें संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के बारे में भी सजग किया गया है, हमें सशक्त राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका सुनिश्चित करते हुए सुदृढ़ समाज की स्थापना के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए, इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं भी उपस्थित थे, बच्चों ने इस मौके पर एक रैली का आयोजन कर लोगों को जागरूक करने का भी प्रयास किया। दूसरे अन्य कार्यक्रम में मंडल कारा चाईबासा और महिला महाविद्यालय में भी सचिव रवि चौधरी ने स्वयं उपस्थित होकर मानव अधिकार दिवस की प्रासंगिकता और उद्देश्य के प्रति जानकारी प्रदान की इस अवसर पर उन्होंने मंडल कारा में आयोजित कार्यक्रम में बंदियों को संबोधित करते हुए उन्होंने मानव अधिकार से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी देते हुए उनके कर्तव्य का भी बोध कराया , उन्होंने उन्हें को जानकारी दी की प्राधिकार के द्वारा उन्हें भी मानवीय सहायता प्रदान की जाती है, महिला कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में ..एंं की छात्रों को संबोधित करते हुए प्राधिकार के सचिव श्री चौधरी ने बताया कि 10 दिसंबर 1948 ईस्वी में संयुक्त राज्य संघ के द्वारा सार्वभौमिक घोषणा के द्वारा इसे लागू किया गया।

## मेघाहातुबुरु खदान में बाहरी भर्ती के विरोध में मजदूरों का जोरदार प्रदर्शन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**गुवा।** गुवा के बाद अब मेघाहातुबुरु खदान इकाई में भी बाहरी लोगों की भर्ती का विरोध तेज हो गया है। इसी मुद्दे को लेकर झारखंड मजदूर संघर्ष संघ यूनियन ने मेघाहातुबुरु जनरल ऑफिस के समक्ष जोरदार प्रदर्शन करते हुए खदान प्रबंधन के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया। सुबह से ही बड़ी संख्या में मजदूर बैनर और तख्तियों के साथ कार्यालय के बाहर जमा होने लगे, जिसके बाद पूरे परिसर में स्थानीयों को उनका हक दो और बाहरी भर्ती बंद करो जैसे नारे गूंजते रहे। इस दौरान यूनियन के महासचिव आफताब आलम ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मेघाहातुबुरु खदान में बाहरी लोगों की बहाली किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सेल प्रबंधन ने इस पर रोक नहीं लगाई तो यूनियन आर-पार की लड़ाई के लिए तैयार है। आलम ने स्पष्ट कहा कि स्थानीय युवाओं के अधिकारों से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रदर्शन के उपरांत यूनियन ने सेल प्रबंधन को चार सूत्री मांग पत्र सौंपा।

### संक्षिप्त

#### अंचलाधिकारी ने की अवैध बालू व्यवसाय के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

**लोहरदगा।** जिले में इन दिनों अवैध बालू का कारोबार खूब फल फूल रहा है। कारोबारी रात के अंधेरे में नदियों से अवैध बालू खनन कर रहे हैं। अन्य जगहों पर बालू डंप कर बाद में महंगे दामों में बिक्री कर रहे हैं। ऐसा ही एक मामले में उपायुक्त के कड़े निर्देश पर सदर अंचलाधिकारी एवं खनन पदाधिकारी ने मंगलवार को जयनाथपुर मोड़ चंदकोपा निंगनी रोड स्थित आर्यन महतो के घर के समीप 12 सौ घन क्षेत्र एरिया में डंप किया अवैध बालू को जब्त किया है। खनन पदाधिकारी राजा राम ने बताया कि उनके खिलाफ अग्रतर कारवाई के लिए नोटिस तैयार किया गया है। श्री राम ने बताया डंप किए गए स्थल पर ट्रैक्टर के चक्के के ताजा निशान पाये गये हैं। इससे पता चलता है कि यहां से बालू का अवैध धंधा किया जाता है। छापेमारी की सूचना मिलते ही व्यवसायी सचित कुमार गुप्ता फरार हो गया। तिवारीदुरा निवासी सचित कुमार गुप्ता एवं जयनाथपुर निवासी आर्यन महतो के खिलाफ नोटिस जारी किया गया है। आसपास के लोगों ने बताया कि सचित गुप्ता द्वारा लगातार अवैध बालू खनन एवं डंप कर बालू ऊंचे दामों में बिक्री की जाती है। पूर्व में भी खनन विभाग द्वारा मामले दर्ज किए गए हैं। कुछ दिनों पहले भी बिना नंबर प्लेट वाले टैक्टर के डाला में किसान ऑटो लिखा अवैध बालू ढुलाई करते हुवे वीडियो वायरल हुआ था।

#### नकली शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

**पलामू।** पलामू के पांकी थाना पुलिस ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए सालमदिरी (ऐनवा-मैनवा) जंगल में संचालित अवैध नकली शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में नकली अंग्रेजी शराब, स्प्रीट, केमिकल, रैपर, खाली बोतलें सहित अन्य सामग्रियां बरामद कीं। बुधवार को इस संबंध में जानकारी दी गयी। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने एक सफेद कार को पकड़कर 28 पेटी ओल्ड मोंक रम बरामद किया। वाहन में सवार दो आरोपियों आरीफ अंसारी उर्फ गाडेन और एजाज आलम को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उन्होंने खुलासा किया कि शराब सालमदिरी जंगल स्थित फैक्ट्री से लोड कर बिहार भेजी जाती थी और पूर्व में भी कई बार सप्लाई की गई है।

## डीसी-डीडीसी ने अबुआ आवास योजना की प्रगति की समीक्षा की

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**चाईबासा।** बुधवार को पश्चिमी सिंहभूम जिला समाहरणालय स्थित सभागार में जिला दंडाधिकारी -सह- उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता एवं उप विकास आयुक्त संदीप कुमार मीणा, निदेशक- लेखा प्रशासन-सह-स्वनियोजन सुनील खलको व सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी की उपस्थिति में मनरेगा अंतर्गत क्रियान्वित योजनाओं और प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) व अबुआ आवास योजना तहत संपादित कार्यों की समीक्षा हेतु बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में उपायुक्त के द्वारा मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन, जॉब कार्ड रिन्यूअल, प्रति ग्राम चालू योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, दीदी बाड़ी योजना, एक्शन टेकन रिपोर्ट(एटीआर) और आवास निर्माण से संबंधित अद्यतन प्रतिवेदन का प्रखंड वार अवलोकन किया गया। बैठक में समीक्षा के दौरान उपायुक्त के द्वारा लक्ष्य से कम मानव दिवस सृजन से संबंधित प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी को लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि प्राप्त करने और सभी प्रखंडों में दीदी बाड़ी योजना, आवास योजना आदि अंतर्गत कार्य योजना तैयार कर मानव दिवस सृजन के तहत महिलाओं का अनुपात 50% सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा ई-केवाईसी के माध्यम से जॉब कार्ड रिन्यूअल के कार्यों को आगामी 20 दिसंबर 2025 तक लक्ष्य के विरुद्ध 70% लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में प्रखंड वार प्रति ग्राम चालू योजनाओं की स्थिति से संबंधित प्रतिवेदन का समीक्षा करते हुए उपायुक्त के द्वारा निर्देश दिया गया कि प्रतिदिन प्रत्येक ग्राम में 5 योजनाओं का क्रियान्वयन और प्रति पंचायत 150 श्रमिकों को मनरेगा तहत रोजगार उपलब्ध करवाना सुनिश्चित किया जाए। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा मनरेगा तहत वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं इससे पूर्व की लंबित योजनाओं से संबंधित प्रतिवेदन का समीक्षा के दौरान निर्देश दिया गया कि वैसी सभी योजनाएं जिसे बंद की जा सकती है, उन सभी को नरेगासॉफ्ट एप्लीकेशन में बंद करते हुए उस स्थान पर नई योजना का चयन किया जाए। इसके अलावा बैठक में सोशल ओडिट सर्वेक्षण के माध्यम से उठाए गए मामलों में प्रस्तुत एक्शन टेकन रिपोर्ट(एटीआर) अपडेशन कार्यों का भी समीक्षा किया गया। बैठक में उपायुक्त के द्वारा निर्देश दिया गया कि प्रत्येक प्रखंड के सभी गांव में मनरेगा अंतर्गत क्रियान्वित योजनाओं का जांच किया जाए तथा जिस गांव में जारी वित्तीय वर्ष के दौरान योजनाओं का क्रियान्वन नहीं किया गया है, उन सभी गांवों की सूची तैयार करते हुए प्रत्येक गांव में मनरेगा तहत योजना स्वीकृत कर योजना को प्रारंभ कर स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध करवाने और विभिन्न योजनाओं के तहत संलग्न सभी श्रमिकों का मास्टर रोल जेनरेट करना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में उपायुक्त के द्वारा अबुआ आवास योजना वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25, प्रधानमंत्री आवास योजना(ग्रामीण) वित्तीय वर्ष 2024-25 अंतर्गत किए जा रहे कार्यों से संबंधित प्रगति प्रतिवेदन का प्रखंड वार अवलोकन के दौरान सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्धारित समय सीमा के अंदर अपेक्षित प्रगति लाने का निर्देश दिया गया।

### बार काउंसिल सदस्य अनिल महतो के जन्मदिवस पर अधिवक्ताओं ने केक काटकर दी बधाई



**चाईबासा।** झारखंड स्टेट बार काउंसिल के सदस्य वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल कुमार महतो के जन्म दिवस पर बुधवार को बार एसोसिएशन प्रांगण में अधिवक्ताओं द्वारा के काटकर जन्म दिवस मनाया गया। मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ताओं एवं अन्य अधिवक्ताओं ने अनिल कुमार महतो को पुष्प गुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया। एवं उनके दीघार्यु होने की कामना की। मौके पर मुख्य रूप से वरिष्ठ अधिवक्ता निरंजन प्रसाद साव, अंकुर कुमार चौधरी, सतीश चंद्र महतो, किशोर महतो ,गौरांग महतो, कैसर परवेज, फादर अगस्टीन कुल्लू, किशोर कुमार सिन्हा, दिलीप सिंह, भूपेश महतो, कुसुम रजनी, प्रहलाद महतो, रघुवर महतो, ताज खान, अमर बक्शी, आशीष कुमार सिन्हा, सुकुमार दरिपा, दुर्योधन गोप, विनय कालुंडिया, रघुनाथ लमाय, राजाराम गुप्ता, अली हैदर, प्रमोद प्रसाद, महेश निषाद, संजीव ठाकुर , सौरव घोष, राकेश पांडे, कृष्णा महतो, बालाजी बारीक, नीमचंद राम,विमल पांडे, सुनील छाबड़ा,विशाल शर्मा, प्रदीप शर्मा ,अधिवक्ता रेनू महतो अनामिका गोप, शोभा कुमारी, प्रीति कुमारी ,शिप्रा कुरली, बसंती गोप, पूजा चौरसिया, प्रियंका कुमारी, के अलावा काफी संख्या में अधिवक्तागण मौजूद थे।

### सांसद जोबा माझी के सवाल पर कांटाबाजी इस्पात एक्सप्रेस का गोइलकेरा स्टेशन में मिला ठहराव




**चक्रधरपुर।** सिंहभूम की सांसद जोबा माझी के प्रयास से जल्द ही गोइलकेरा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन संख्या-22861-22862 हावड़ा-कांटाबाजी इस्पात एक्सप्रेस का ठहराव शुरू होगा। बुधवार को संसद में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सांसद जोबा माझी के अतारांकित प्रश्न का उत्तर देते हुए ठहराव देने पर हामी भर दी है। सांसद जोबा माझी ने प्रश्न संख्या-1733 के माध्यम से रेल मंत्री से मांग करते हुए कहा था कि कोविड-19 के पूर्व से इस्पात एक्सप्रेस का ठहराव गोइलकेरा स्टेशन पर होता आ रहा था। लेकिन बाद में इस्पात एक्सप्रेस को दो अलग-अलग नम्बर से परिचालन शुरू किया गया। जिसमें सप्ताह में तीन दिन ट्रेन संख्या- 12871-12872 इस्पात एक्सप्रेस और चार दिन ट्रेन संख्या 22861-22862 का परिचालन शुरू किया गया। लेकिन ट्रेन संख्या- 22861-22862 का ठहराव गोइलकेरा में नहीं दिया गया। इससे यात्रियों में असमंजस की स्थिति उत्पन्न होने लगी। महीनों तक यात्री इससे परेशान रहे। मामला सांसद के संज्ञान में आने के बाद रेल मंडल मुख्यालय को पत्र लिखा गया। लेकिन स्थिति जस की तस बनी रही। अब संसद के शीतकालीन सत्र में जोबा माझी के द्वारा प्रश्न किये जाने के बाद रेल मंत्री ने सहमत होते हुए ट्रेन संख्या-22861-22862 हावड़ा-कांटाबाजी एक्सप्रेस का ठहराव गोइलकेरा स्टेशन में देने की सहमति प्रदान कर दी है। उम्मीद की जा रही है जल्द ही ट्रेन का ठहराव शुरू कर दिया जाएगा। इससे गोइलकेरा के सैकड़ों रेल यात्रियों को राहत मिलेगी।

### सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत

**धनबाद।** झरिया निवासी सुरेश महतो (45) की बुधवार को हुए सड़क हादसे में मौत हो गई। घटना बरवाअड्डा के किसान चौक के समीप उस समय घटी, जब सुरेश महतो सड़क पार कर रहे थे। उसी दौरान एक तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर लगते ही वे सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि सुरेश कृषि बाजार समिति से फल खरीदने गए थे। रोज की तरह बुधवार को भी वे घर से फल लाने निकले थे। सुरेश अपने परिवार के साथ ससुराल में रहते थे और ठेला लगाकर विभिन्न इलाकों में घूम-घूमकर फल बेचकर परिवार का भरण-पोषण करते थे। वहीं हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी।

## टाटा डीएवी पब्लिक स्कूल नोवामुंडी में मानवाधिकार दिवस मनाया गया

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**चाईबासा।** बुधवार को टाटा डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल नोवामुंडी में मानवाधिकार दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के संगीत शिक्षक अरविंद ठाकुर के नेतृत्व में विद्यालय के बच्चों द्वारा संगीत एवं वंदे मातरम गीत प्रस्तुत कर किया गया। कक्षा 11वीं के छात्र अश्विनी गिरी के द्वारा उपरोक्त विषय पर भाषण प्रस्तुत किया गया। आज के प्रमुख प्रवक्ता के तौर पर वरीय शिक्षक डी. के देव ने मानवाधिकार दिवस के उद्देश्य के बारे में विस्तार से कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस मनाने का उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को दुनिया भर में मानवाधिकारों की रक्षा और संवर्धन के महत्व की याद दिलाना है। यह दिवस संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा मानव अधिकारों के विश्व व्यापी घोषणा को अपनाने के उपलक्ष में मनाया जाता है।

## उपायुक्त ने की जलजीवन मिशन व स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)-क्क और जल जीवन मिशन की समीक्षा की। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत ओडीएफ 2024-25 में सभी प्रखंडों में निमार्णाधीन एवं शौचालयों की स्थिति, ओडीएफ 2025-26 में नए लक्ष्य व वित्तीय व्यय की स्थिति, ओडीएफ प्लस मॉडल गांव के लिए मिले लक्ष्य पर चर्चा की। इसके अतिरिक्त 5 स्टार मॉडल गांव, गांवों में कचरा उठाव वाहन की उपलब्धता एवं क्रियाशीलता, गोबर धन योजना, माहवारी स्वच्छता प्रबंधन, पीडब्ल्यू के संचालन के लिए बिजली एवं मशीनों की विवरणी, कम्युनिटी सैनिटरी काम्प्लेक्स की समीक्षा की गई। लक्ष्य को वित्तीय वर्ष में ही पूर्ण करने का आदेश दिया गया। जल जीवन मिशन अंतर्गत घर-घर कनेक्शन, हर घर जल सर्टिफिकेशन, जलकर की स्थिति, पीएम जनमन अंतर्गत कनेक्शन, पीएम गति शक्ति, स्कूलों में टैप वाटर कनेक्शन, आंगनवाड़ी के केंद्रों में टैप वाटर कनेक्शन आदि की समीक्षा की गई। सिंगल विलेज स्कीम में योजना पूर्ण और घर-घर कनेक्शन की समीक्षा कर राजस्व प्राप्त करने का निर्देश दिया गया।

## महिला कॉलेज चाईबासा में मानव अधिकार दिवस मनाया गया

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**चाईबासा।** महिला कॉलेज चाईबासा में एन.एस.एस. बी.एड. यूनिट और जिला विधिक सेवा प्राधिकारण पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा झारखंड के संयुक्त तत्वावधान में मानव अधिकार दिवस मनाया गया।इस अवसर पर प्रो रूपकला माधुरी खालको ने सभी का स्वागत किया और इस दिवस को मनाने के उद्देश्य से अवगत कराया। डालसा सचिव ने कहा जिला विधि सेवा प्राधिकार के उद्देश्यों से अवगत कराया। मानवाधिकार दिवस एक वैश्विक मंच है और उ्छरअ इस दिन को 'सभी के लिए न्याय' के अपने मिशन को आगे बढ़ाने के लिए उपयोग करते हैं, जिससे यह दिन केवल एक स्मरणोत्सव न रहकर, अधिकारों के प्रति जागरूकता और सशक्तिकरण का दिन बन जाता है। विकास दोदराजका ने बताया संयुक्त राष्ट्र ने 10 दिसंबर 1948 को मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा को अपनाया। यह घोषणा पूरी दुनिया के सभी देशों के लिए एक ऐतिहासिक दस्तावेज बन गई, जो बताता है कि हर व्यक्ति को जन्म से लेकर मृत्यु तक कुछ मूलभूत अधिकार प्राप्त हैं, जिन्हें किसी भी परिस्थिति में छीना नहीं जा सकता। डॉ अर्पित सुमन ने मंच संचालन किया और कहा प्रत्येक वर्ष महिला कॉलेज चाईबासा में मानवाधिकार दिवस मनाया जाता है।मानवाधिकार दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य हर व्यक्ति की गरिमा और स्वतंत्रता की रक्षा करना है। धन्यवाद ज्ञापन डॉ राजीव लोचन नमता ने किया। इस अवसर पर छात्राओं ने कई प्रश्न पूछे और उसका उत्तर डालसा सचिव के द्वारा दिया गया।राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।इस अवसर पर अतिथि के रूप में फादर यूजिन एक्का ,फादर बलदेव, संजीव प्रधान साथ ही कॉलेज के प्राध्यापक डॉ ओनिमा मानकी, डॉ पुष्पा कुमारी ,डॉ बबीता कुमारी, प्रीति देवगम , सितेंद्र रंजन सिंह ,डॉ सुचिता बाड़ा , बी.एड. सेमेस्टर एक और दो की छात्राएँ एवं पारा लीगल वॉलंटियर्स उपस्थित हुईं।

### डीसी ने समाहरणालय सभागार में सुनी आमजनों की समस्याएं

## डीलर चार किलो ही देता है राशन, उपायुक्त के पास पहुंची शिकायत

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पलामू।** उपायुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आये लोगों ने अपनी समस्याओं को डीसी के समक्ष रखा। पब्लिक की बातों को सुनते हुए उपायुक्त ने मौके पर ही संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को आवेदनों की प्रति अग्रसारित करते हुए त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई 15 दिनों के भीतर सुनिश्चित करने की बात कही। जनता दरबार में नवाबाजर से आये बिपिन बिहारी मेहता ने बताया कि राशन डीलर द्वारा पूर्व से साढ़े चार किलो राशन दिया जाता था। अब उसमें में कटौती करते हुए 4 किलो राशन दिया जाता है। जब ग्रामीणों ने इसकी शिकायत की, तब डीलर द्वारा कुछ ग्रामीणों का राशन कार्ड से नाम काट दिया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के लिए डीसी ने जांच कमेटी का गठन किया। उंटारी रोड से आये उपेंद्र मेहता ने बताया कि सदर भूमि सुधार उप समाहर्ता के दाखिल-खारिज के आदेश के बावजूद उंटारी रोड अंचलाधिकारी द्वारा म्यूटेशन नहीं किया जा रहा है। विश्रामपुर अंचल से जुड़े जमीन नापी के मामले में आवेदनकर्ता द्वारा अंचल के बड़ा बाबू द्वारा नापी के लिए 32 सौ रुपये घूस मांगे जाने की शिकायत की। चैनपुर से आये राजेश गुप्ता ने बताया कि उनके गोतिया द्वारा उनके हिस्से की जमीन गलत तरीके से हड़प ली गई थी। उन्होंने डीसी एवं डीसीएलआर कोर्ट में आवेदन दिया। केस लड़ते हुए जीत हासिल की। इसके बाद उन्हें अपने हिस्से की जमीन देने से संबंधित पेपर भी निर्गत कर दिये गये। हालांकि ऑनलाइन मोड में पुराने लोगों का ही नाम शो कर रहा है। उन्होंने डीसी से अपने हिस्से का जमीन ऑनलाइन एंट्री कराने का अनुरोध किया। उपरोक्त के अलावे जनता दरबार में राजस्व संबंधी,जमीन विवाद,सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, दोहरी जमाबंदी रद्द करने, राशन डीलर द्वारा कम राशन देने, पेंशन, शिक्षा, ट्रांसफर, बंटवारा एवं अन्य समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए।

## अवैध मिलावटी अंग्रेजी शराब विक्रेता दुकान पर छापा, तीन गिरफ्तार, भारी मात्रा में शराब जब्त

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा पुलिस ने मंझारी थाना क्षेत्र में मिलावटी अंग्रेजी शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुन्दरुगुटु में एक किराना दुकान में मिलावटी शराब बेची जा रही है। इसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया और भारी मात्रा में मिलावटी शराब बरामद की। गिरफ्तार लोगों में कुन्दरातांती, यदुनाथ लागुरी उर्फ अरुण और हरिश चन्द्र लागुरी शामिल हैं। पुलिस ने कुन्दरातांती के राशन दुकान, यदुनाथ लागुरी के राशन दुकान और हरिश चन्द्र लागुरी के घर पर छापेमारी की।पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित विशेष छापेमारी दल ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में कार्रवाई की। गिरफ्तार लोगों के पास से वैध कागजात नहीं मिले, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मिलावटी अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप बरामद की है। पुलिस ने चार मोबाइल जब्त किया। पुलिस अधीक्षक अमित रेनू ने बताया कि जिले में अवैध शराब के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि मिलावटी शराब से लोगों के स्वास्थ्य को खतरा हो सकता है, इसलिए इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम कुन्दरा तांती उम्र करीब 54 वर्ष, पिता स्व० राम चन्द्र तांती, पता-कुन्दरुगुटु, पो० पांगा, थाना मंझारी जिला पं०सिंहभूम, यदुनाथ लागुरी उर्फ अरुण उम्र 29 वर्ष पिता कैरा लागुरी ग्राम बालन्डिया टोला गुटुसाई, थाना हाटगम्हरिया, जिला पं० सिंहभूम और हरिश चन्द्र लागुरी उम्र 28 वर्ष पिता नोगा लागुरीग्राम सेरेंगसिया, थाना टोन्टो, जिला पं०सिंहभूम चाईबासा निवासी है।

# धान की खरीदारी के लिए देवघर में 42 पैक्सों का चयन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**देवघर।** जिले में धान खरीद से जुड़ी आवश्यक सभी तैयारी पूरी कर ली गयी है। किसानों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए धान की खरीदारी के लिए जिले में 42 पैक्सों का चयन किया गया है। सुचारू रूप से धान की ढुलाई, मिलिंग और सीएमआर की समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए इन पैक्सों को पांच राईस मिलों के साथ टैग किया गया है। उक्तन जानकारी उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने जानकारी दी। श्री लकड़ा ने बताया कि निर्देश दिया गया है कि पैक्सों को उन्हीं मिलों से टैग किया जाय, ताकि परिवहन में परेशानी नहीं हो। सीएमआर समय पर रीसिव किया जा सके। इसके अलावा किसानों से धान खरीदने के लिए इस बार 48.60 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। किसानों को इस बार भुगतान के लिए किसी तरह का चक्कर भी नहीं लगाना होगा।

बोनस सहित किसानों से प्रति क्विंटल 2450 रुपये के दर से धान खरीदा जायेगा। किसानों को धान बेचने के लिए दूर जाना नहीं पड़े, इसके लिए हर एक प्रखंड में पैक्सों की संख्या बढ़ायी गयी है। किसान अपने गांव के नजदीक के पैक्स में अपना निबंधन करा सकते हैं। भुगतान में किसी तरह की परेशानी ना हो। उपायुक्त ने जानकारी दी कि पहले किसानों को पैक्स में धान देने के 24 घंटे बाद आधा व बाकी का भुगतान मिल से चावल तैयार कर रिसीव करने के बाद करने का प्रावधान था। इस कारण अधिकतर धान कम दाम में किसान खुले बाजार में बेचने को विवश हो जाते थे। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सरकार ने धान लेने के बाद उक्त किसान को लिये गये धान का शत-प्रतिशत भुगतान 48 घंटे के अंदर किसान के खाते में करने का प्रावधान किया है, ताकि किसान को समय पर भुगतान मिल सके।

# एनसीसी के छात्रों ने चलाया यातायात जागरुकता अभियान

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**देवघर।** पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार के निर्देश पर बुधवार को देवघर यातायात थाना प्रभारी के नेतृत्व में एनसीसी का प्रशिक्षण प्राप्त करे रहे छात्र के साथ वीआईपी चौक एवं कुंडा थाना मोड़ के पास सड़क सुरक्षा, जागरुकता अभियान चलाया गया। इसमे बि?ना हेलमेट पहनकर वाहन चला रहे वाहन चालको को हेलमेट पहन कर वाहन चलाने और यातायात नियमों का पालन करने के संदर्भ में जागरूक किया गया। देवघर पुलिस की ओर से आमजनों से अपील है कि गयी कि शराब पीकर वाहन नहीं चलाए। वाहन चलाते समय सीट बेल्ट हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें। यातायात नियमों का पालन करे। इस दौरान मौके पर बिना हेलमेट लगाए चल रहे दो पहिया वाहनों के चालको को रोक कर हेलमेट पहनने और यातायात नियमों के पालन का निर्देश भी दिया गया। इस दौरान दर्जनों की संख्या में एनसीसी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्र मौजूद थे।

## संक्षिप्त

### जहांगुटवा में स्थापित हुआ आटा और चावल मिल

**गुमला।** विशुनपुर प्रखंड के जहांगुटवा गांव में जिला प्रशासन और जेएसएलपीएस के सहयोग से यहां पीवीटीजी वन धन विकास केंद्र में आटा मिल और राइस मिल की स्थापना की गई है। इन मशीनों की शुरूआत से गांव की करीब 95 महिलाएं अब अपने इलाके में पैदा होने वाले धान और अनाज को खुद प्रसंस्कृत कर बेच सकेंगी। पहले ये महिलाएं कच्चा माल बेचकर बहुत कम मुनाफा कमा पाती थीं, लेकिन अब मूल्य संवर्धन का सीधा फायदा उन्हें मिलेगा। इससे न सिर्फ उनकी आमदनी बढ़ेगी, बल्कि वे आर्थिक रूप से और अधिक आत्मनिर्भर बनेंगी। केंद्र की महिलाएँ भी बेहद उत्साहित हैं। आने वाले समय में मिल की उत्पादन क्षमता और बाजार तक पहुंच को और बढ़ाने की योजना बनाई जा रही है, ताकि यह केंद्र क्षेत्र की अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा बने। गुमला प्रशासन लगातार यह सुनिश्चित कर रहा है कि पीवीटीजी समुदाय मुख्यधारा में शामिल हो। उनके जीवन स्तर में स्थायी सुधार लाया जा सके।

### धनबाद पुलिस केंद्र में नवनिर्मित परिवहन शेड का उद्घाटन

**धनबाद।** धनबाद पुलिस केंद्र में बुधवार को नवनिर्मित परिवहन शेड का उद्घाटन उपायुक्त आदित्य रंजन और एसएसपी प्रभात कुमार ने संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन समारोह में ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, एसडीएम राजेश कुमार और नगर आयुक्त रविराज शर्मा भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पुलिस कर्मी भी उपस्थित थे। एसएसपी प्रभात कुमार ने बताया कि यह परिवहन शेड मुख्य रूप से पुलिस वाहनों को सुरक्षित खड़ा करने के लिए तैयार किया गया है। साथ ही, आवश्यकता पड़ने पर इसका उपयोग अन्य उद्देश्यों के लिए भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चुनाव, दुर्गा पूजा सहित बड़े आयोजनों के दौरान अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती और अस्थायी ठहराव में यह शेड काफी उपयोगी साबित होगा। इसी को ध्यान में रखते हुए शेड के समीप शौचालय का निर्माण भी कराया जाएगा। उपयुक्त आदित्य रंजन ने इस पहल को पुलिस केंद्र के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि नवनिर्मित शेड का उचित रखरखाव आवश्यक है, ताकि इसकी उम्र बढ़े और लंबे समय तक इसका बेहतर उपयोग किया जा सके।

# एसडीएम ने बिना नंबर प्लेट 12 ट्रैक्टरों को पकड़ा, खुले कई राज

**ऑन-स्पॉट 2.05 लाख रुपए का जुर्माना किया**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**गढ़वा।** सदर एसडीएम संजय कुमार ने बुधवार को बिना नंबर प्लेट दौड़ रहे ट्रैक्टरों को पकड़ने का अभियान चलाया। परिवहन विभाग के समन्वय से चलाए गए इस अभियान में एसडीएम ने बिना नंबर प्लेट अंधाधुंध गति से दौड़ रहे 12 ट्रैक्टरों को पकड़ा। इन सभी वाहन मालिकों पर 2.05 लाख रुपए से अधिक का ऑनझस्पॉट जुमार्ना किया गया। इस अभियान के दौरान पता चला कि ज्यादातर ड्राइवर के पास लाइसेंस नहीं है। सभी ट्रैक्टरों में ट्रॉली लगी हुई थी, जो कि प्राथमिक दृष्टि में मिट्टी एवं बालू के अवैध खनन और परिवहन से जुड़े पाए गए। उक्त जुमार्ना की वसूली परिवहन विभाग की टीम की सहायता से की गई। एसडीएम ने बताया कि क्षेत्र में तेज रफ्तार, बिना नंबर तथा नियमविहीन तरीके से चल रहे ट्रैक्टरों की शिकायत लंबे समय से मिल रही है। प्राप्त शिकायतों के अनुसार दिन ही नहीं रात में भी इन ट्रैक्टरों ने आम लोगों का जीना मुहाल किया हुआ है। एसडीएम ने बताया कि 1 घंटे के अभियान में सिर्फ एक ही इलाके में बिना नंबर वाले 12 ट्रैक्टर पकड़ में आ गए। पूरे अनुमंडल में यह संख्या हजारों में हो सकती है, जोकि बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं है। किसी भी स्थिति में बिना नंबर अथवा अवैध परिवहन करने वाले ऐसे वाहनों को सड़क पर नहीं चलने दिया जाएगा। जिन लोगों के ट्रैक्टरों पर कार्रवाई हुई उनमें परवेज आलम लोटो, फिरोज खान, सद्दाम हुसैन रॉकी मोहल्ला, छोटू मेहता करमडीह, मिथलेश कुशवाहा कल्याणपुर, जनार्दन राम बीरबंधा, राम जी कुशवाहा कल्याणपुर, प्रवीण जायसवाल नवादा, रामप्रवेश साव मेराल व दुबे मरहटिया निवासी बृजेश दुबे आदि शामिल है।

## एजी चर्च स्कूल की बसों पर लगा 60,000 का जुर्माना

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**गुमला।** स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर गुमला प्रशासन का सघन जांच अभियान बुधवार को भी जारी रहा। जिला परिवहन पदाधिकारी के निर्देश पर मोटरयान निरीक्षक की टीम ने एजी चर्च स्कूल और सोलिटेयर एकेडमी स्कूल के पास विशेष जांच की। नियमों की गंभीर अनदेखी पाए जाने के कारण एजी चर्च स्कूल की बसों पर तत्काल 60,000 का जुमार्ना लगाया गया। स्कूल की बसों की जांच के दौरान डीटीओ ने गंभीर अनियमितताओं पर ध्यान देते हुए प्रिंसिपल को कड़ी फटकार लगाई। बसों में लगे अग्निशामक यंत्र एक्सपायर्ड पाए गए, जो आपातकालीन स्थिति में बच्चों की जान को खतरे में डाल सकते थे। कई बसों में सीसीटीवी और जीपीएस जैसे अनिवार्य सुरक्षा उपकरण नदारद थे। बसों के पास वैध परमिट, फिटनेस प्रमाण पत्र, रोड टैक्स और इंश्योरेंस जैसे आवश्यक दस्तावेज अमान्य पाए गए। बसों में सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करते हुए अतिरिक्त लाइटें भी लगी मिलीं। सोलिटेयर एकेडमी स्कूल के पास भी सघन जांच हुई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बिना वैध कागजात के किसी भी स्कूल बस या निजी वाहन को बच्चों का परिवहन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## एमएमसीएच में ऑनलाइन झाड़-फूंक ब्रेन हेमरेज मरीज को ठीक करने का दावा

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**पलामू।** मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एमएमसीएच) में बुधवार को ऑनलाइन झाड़ फूंक करने का मामला सामने आया। एक 70 साल के बुजुर्ग को ब्रेन हेमरेज होने पर उसे तंत्र-मंत्र से ठीक करने का प्रयास किया गया। हालांकि यह सिर्फ अंधविश्वास का हिस्सा रहा। मरीज का इलाज कर रहे डॉक्टर आरके रंजन ने अंधविश्वास फैला रहे कथित तांत्रिक को समझाया और बताया कि मरीज को इलाज से ही ठीक किया जा सकता है। डॉक्टर ने मरीज को रांची ले जाने की सलाह भी दी। हालांकि परिजन एमएमसीएच में ही भर्ती कराकर मरीज का इलाज करा रहे हैं। समाचार लिखे जाने तक मरीज अचेत पड़ा हुआ था। जानकारी के अनुसार लातेहार जिले के बरवाडीह खुरा के रहने वाले संतन भुइयां की तीन दिन पहले तबीयत खराब हो गई थी। गांव में झाड़ फूंक कराने के बाद भी स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो उसे इलाज के लिए एमएमसीएच में बुधवार को लाया गया। डॉक्टर आरके रंजन की देखरेख में मरीज का इलाज किया जा रहा था।

### श्री रुद्र महायज्ञ को लेकर हनुमत ध्वज अधिष्ठापन-सह-शोभायात्रा आयोजित



**गढ़वा।** जिला मुख्यालय से सटे ग्राम जोबरईया के बंडा पहाड़ स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर परिसर में बुधवार को विराट श्री रुद्र महायज्ञ को लेकर हनुमत ध्वज अधिष्ठापन-सह-भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जागृति युवा क्लब के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम में आसपास के जोबरईया, सिरहे, नवादा, उचरी, पिंडरा, केरवा, सुखवाना आदि गांव और गढ़वा शहर से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। ध्वज यात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर गांव के सभी प्रमुख देवस्थानों से होती हुई उचरी रेलवे लाइन स्थित शिव मंदिर तक पहुंची। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं के हर-हर महादेव और सनातन धर्म की जय के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। कई स्थानों पर शोभायात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। नीलकंठ महादेव मंदिर में 8 से 16 मार्च 2026 तक आयोजित होने वाले नौ दिवसीय श्री रुद्र महायज्ञ को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। शोभायात्रा यज्ञाधीश आचार्य आशीष वैद्य महाराज के निर्देशन और जागृति युवा क्लब के सदस्यों के सहयोग से संपन्न हुई। परिसर में आगमन के बाद यज्ञाधीश आचार्य आशीष वैद्य, आचार्य दीपक मिश्रा, आचार्य रजनीश वैद्य एवं अतुल शास्त्री द्वारा विधिवत मंत्रोच्चार के बीच हनुमत ध्वज का पूजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य यजमान के रूप में क्लब अध्यक्ष जितेंद्र कुमार पाल, कोषाध्यक्ष विवेकानंद पाल, वरीय सदस्य भूदेव पाल के साथ रणविजय पाल एवं रमेश अग्रवाल दंपत्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राकेश पाल (प्रधान संयोजक, रुद्र महायज्ञ), गढ़देवी मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष विनोद जायसवाल, प्रवीण जायसवाल, आद्याशंकर पांडेय, सरदार रणजीत सिंह, सुखबीर पाल, गौरीशंकर पाल, आशीष अग्रवाल, दिलीप कमलापुरी, प्रेमरंजन सिंह, विजय हलवाई तथा क्लब संरक्षक अनुज प्रसाद शामिल रहे। शोभायात्रा के सफल संचालन के लिए जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त दंडाधिकारी विनोद गुप्ता भी मुस्तैद नजर आए। कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं के लिए भव्य भंडारा का आयोजन किया गया।

### कुजरी आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण




**लातेहार।** कड़ाके की ठंड के बीच बाल विकास परियोजना से उपलब्ध कराए गए स्वेटर को कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, मुखिया नरेश भगत, सेविका सुषमा वैद्य ने संयुक्त रूप से कुजरी आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया। आंगनबाड़ी सेविका सुषमा वैद्य ने बताया कि केंद्र में 35 बच्चे नामांकित हैं। सभी नामांकित बच्चों को स्वेटर उपलब्ध करा दिए गए हैं। पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने अभिभावकों से अपील की कि तापमान में हो रहे लगातार गिरावट को देखते हुए वे बच्चों को गर्म कपड़े पहनाकर ही केंद्र भेजें। स्वेटर वितरण के अवसर पर केंद्र की सहायिका मनीषा देवी, मेहरून बीवी, शीतल देवी, सुनीता देवी, ललीता देवी, जसीना बीवी, रुबी बीवी, आसमीना खातुन, फरजाना खातुन, हलीमा बीवी, हमीमा बीवी, अरमाना खातून, तनुजा खातुन, परतीमा देवी, नमीना देवी, राजीता देवी, उषा देवी, लक्ष्मी देवी, रुबी देवी, बसंती देवी, सुषमा देवी, काजल देवी, सुलेखा देवी, आरती देवी, अज़ली देवी, रेनु देवी, छाया देवी, नीतु देवी, समेत कई अभिभावक उपस्थित थे।

### मंडल कारा में मानवाधिकार दिवस पर जागरूकता शिविर

**धनबाद।** विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर बुधवार को मंडल कारा में जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) के निर्देश पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार मयंक तुषार टोपनो, एलएडीसीएस के चीफ कुमार विमलेन्दु , डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सहायक कन्हैयालाल ठाकुर, डालसा सहायक सौरभ सरकार, जेलर दिनेश वर्मा और आधिकार मित्र राजेश सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# मांझी बाबा के बिना संथाल गांव की परिकल्पना नहीं : उपायुक्त

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**बोकारो।** उपायुक्त अजय नाथ झा ने बुधवार को पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था से संबंधित महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने कहा कि ह्लमांझी बाबा के बिना किसी भी संथाल गांव की परिकल्पना हो ही नहीं सकती। उन्होंने स्पष्ट किया कि संथाल समाज की सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक संरचना में मांझी बाबा की केंद्रीय भूमिका होती है ।उपायुक्त ने जानकारी दी कि जिले में लगभग 125 संथाल गांव हैं, जहां पंचायती राज व्यवस्था के तहत गांवों में मुखिया होते हैं, लेकिन इसके समानांतर पारंपरिक संरचना के तहत मांझी बाबा, जोग मांझी, नायके, भगलोन और गुड़ैत जैसी परंपरागत पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। मांझी बाबा गांव के सामाजिक-सांस्कृतिक जीवन, धार्मिक कृत्यों और सामुदायिक अनुशासन की व्यवस्था संभालते हैं, जबकि जोग मांझी घर-घर सूचना देने, नायके पूजा-पाठ कराने और भगलोन प्रवक्ता के रूप में निर्णयों से अवगत कराने का कार्य करते हैं ।उपायुक्त ने बताया कि ललपनिया क्षेत्र के कई गांवों में फेनीराम सोरेन, मंझला मुर्मू, सुंदर लाल मरांडी, मटुक कुमार हांसदा और बाबुचंद मांझी जैसे लोग मांझी बाबा की भूमिका निभा रहे हैं ।बैठक में उपायुक्त ने कल्याण विभाग के वरीय प्रभारी पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, अंचलाधिकारी और प्रखंड कल्याण पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी संथाल गांवों का सर्वे कराते हुए मांझी बाबा, जोग मांझी, भगलोन, गुड़ैत आदि परंपरागत पदाधिकारियों की पहचान कर समेकित रिपोर्ट जिला को सौंपें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि राज्य सरकार के संकल्प संख्या 4654 (22.11.2018) के आलोक में पूर्व में भेजे गए शून्य प्रतिवेदन को सर्वे रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद संशोधित कर शीघ्र राज्य सरकार को भेजा जाए।

# जिला परिषद समन्वय समिति की सामान्य बैठक संपन्न

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**गुमला।** जिला परिषद अध्यक्षा किरण माला बाड़ा की अध्यक्षता में आज जिला परिषद समन्वय समिति की सामान्य बैठक आयोजित की गई। इसमें उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तो सहित विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारी और सभी संबंधित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक का संचालन व्यवस्थित रूप से करते हुए 16 सितंबर, 2025 को आयोजित पिछली बैठक की कार्रवाई की सम्पन्नता की पुष्टि की गई। उस बैठक में दिए गए निदेर्शों के अनुपालन की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। बैठक में भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी को पुराने जिला परिषद भवन में अध्यक्ष कक्ष आवंटन संबंधी विषय पर चर्चा की गई। इसे जनहित से जोड़ते हुए सकारात्मक निर्णय के लिए प्रस्तावित किया गया। इसके अतिरिक्त जिला परिषद व्यवसायिक भवन के क्वार्टरों के आवंटन एवं किराया निर्धारण पर भी विचार-विमर्श किया गया। इसमें भूतल के एक क्वार्टर को ?4,800 मासिक किराये पर दिए जाने को अनुमोदित किया गया। शेष क्वार्टरों के उपयोग को प्रशासनिक सुविधा और राजस्व संवर्धन के अनुरूप सुनिश्चित करने पर सहमति बनी। बैठक में जिला परिषद में कार्यरत संविदा आधारित कंप्यूटर ऑपरेटर एवं चतुर्थवर्गीय कर्मियों के मानदेय वृद्धि पर भी चर्चा की गई। इसे यथोचित स्तर पर संबोधित करने पर विचार किया गया। राजस्व मद से सितंबर से नवंबर, 2025 तक हुए व्यय की समीक्षा के बाद उसे अनुमोदन प्रदान किया गया।

# केंदुआडीह गैस रिसाव मामला : कोल इंडिया अध्यक्ष ने कहा - जान बचाने के लिए अस्थायी स्थानांतरण जरूरी

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**धनबाद।** केंदुआडीह में जहरीली गैस रिसाव का संकट गंभीर होता जा रहा है। लगातार जांच टीम प्रभावित क्षेत्र में निकल रहे जहरीले गैस का मोनिटरिंग कर रही है। एक्सपर्ट की माने तो कार्बन मोनोऑक्साइड की मात्रा 50 पीपीए से कम होनी चाहिए, इससे ज्यादा होने पर यह जानलेवा हो सकता है, लेकिन उक्त क्षेत्र में इसकी मात्रा 2000 पीपीए है। बुधवार को कोल इंडिया के अध्यक्ष सनोज कुमार झा प्रभावित इलाके का निरीक्षण करने पहुंचे। तकनीकी टीमों से रिपोर्ट लेने के बाद उन्होंने स्थिति को अत्यंत गंभीर बताते हुए कहा कि मौजूदा हालात अपने आप सुधरने वाला नहीं है। ऐसे में लोगों की जान बचाने के लिए अस्थायी रूप से सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरण फिलहाल एकमात्र विकल्प है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह स्थायी विस्थापन का मामला नहीं है, बल्कि जानलेवा खतरे से बचने के लिए अस्थायी कदम है। अध्यक्ष झा ने बताया कि कई स्थानों पर कार्बन मोनोऑक्साइड की मात्रा खतरनाक स्तर से ऊपर पाई गई है। प्रभावित परिवारों से व्यक्तिगत रूप से बातचीत की गई है और बीसीसीएल द्वारा अस्थायी राहत केंद्रों में भोजन, रहने और चिकित्सा की पूरी व्यवस्था उपलब्ध कराई जा रही है। तकनीकी समाधान और गैस निकासी का कार्य जारी है, हालांकि प्रक्रिया में समय लग सकता है। कोल इंडिया के तकनीकी निदेशक अच्युत घटक ने चेताया कि गैस रिसाव की समस्या समय के साथ और गंभीर हो सकती है। समाधान में कितना समय लगेगा, यह कहना मुश्किल है। 10 दिन, 15 दिन या डेढ़ महीना। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे स्थिति की गंभीरता को समझते हुए स्वेच्छा से सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट हों।

## संपादकीय

### विमानन व्यवस्था की कमजोरी

**इंडिगो** में उड़ान परिचालन का जारी संकट यह दिखाता है कि देश का विमानन तंत्र कितनी नाजुक नींव पर खड़ा है। पायलटों के साप्ताहिक आराम की अवधि बढ़ाने के बाद शुरू हुआ विवाद, नियम वापस होने के बावजूद थमता नजर नहीं आ रहा है। शुक्रवार को जहां एक हजार से अधिक उड़ानें रद्द हुईं, वहीं शनिवार को भी आठ सौ से ज्यादा उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। यात्रियों को न केवल गंतव्य तक पहुंचने में मुश्किल हुई, बल्कि बची-खुची उड़ानों के टिकट कई गुना अधिक कीमत पर लेने पड़े। सरकार ने स्थिति संभालने के लिए दूरी के आधार पर हवाई किराए की अस्थायी सीमा लागू कर दी है, जो 7,500 रुपए से 18,000 रुपए तक तय की गई है। पर यह मूल समस्या का समाधान नहीं है। महत्वपूर्ण सवाल यह है कि पायलटों के आराम को लेकर बनाई गई नई नियमावली आखिर क्यों वापस लेनी पड़ी? पायलट लंबे समय से थकान और कार्यदबाव के कारण स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की शिकायत कर रहे थे। नागर विमानन महानिदेशालय द्वारा साप्ताहिक आराम अवधि को 48 घंटे करना पायलटों की सुरक्षा और विमानन सुरक्षा दोनों के लिए आवश्यक कदम था। उड़ान संचालन ऐसी जिम्मेदारी का कार्य है जिसमें क्षणभर की चूक भी किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। इसलिए पायलटों के आराम से समझौता करना किसी भी स्थिति में उचित नहीं माना जा सकता। फिर भी, यह चिंताजनक है कि नए नियम सभी विमानन कंपनियों पर लागू होने के बावजूद इंडिगो ही सबसे अधिक प्रभावित क्यों हुआ? यह प्रश्न कंपनी के परिचालन प्रबंधन, मानव संसाधन योजना और उसके संकट-निवारण तंत्र पर गंभीर शंका पैदा करता है। उधर, उड़ानें रद्द होते ही हवाई किराए में अचानक हुई उछाल ने यात्रियों की परेशानियां और बढ़ा दीं। स्पाइसजेट की कोलकाता-मुंबई उड़ान का किराया 90,000 रुपए तक पहुंच जाना और एअर इंडिया की मुंबई-भुवनेश्वर उड़ान का 84,000 रुपए तक बिकना बताता है कि इस क्षेत्र में किराए नियंत्रण की स्थायी व्यवस्था न होने से कंपनियां संकट का फायदा उठाने लगती हैं। सरकार की ओर से अस्थायी सीमा लागू करना तो ठीक है, लेकिन जब संकट खत्म हो जाएगा, तब क्या वही मनमानी फिर लौट आएगी? विमानन क्षेत्र की विश्वसनीयता तभी बनेगी जब सरकार स्थायी तौर पर किराए की अधिकतम सीमा का ढांचा तैयार करे और पायलटों की कार्य-स्थितियों पर व्यावहारिक, दीर्घकालिक नीति लागू करे। यात्री सुरक्षित और सुलभ यात्रा चाहते हैं, जबकि पायलट सुरक्षित कार्य-परिस्थितियाँ। यह दोनों ही मांगें न तो असंगत हैं और न ही कठिन। बल्कि, इन्हें सुनिश्चित करना विमानन प्रणाली की बुनियादी जिम्मेदारी है।

# समृद्ध देशों में दरकिनार होते प्रवासी

**सुरेश सेठ**



भारत ही नहीं, बल्कि तीसरी दुनिया के देशों की श्रम शक्ति और युवा शक्ति समृद्ध देशों में किसी न किसी तरीके से प्रवेश कर रातों-रात अपनी आर्थिक स्थिति बदल लेना चाहती है। सवाल है कि पहली, दूसरी और तीसरी दुनिया का वर्गीकरण कैसे होता है? द्वितीय महायुद्ध के बाद से देखें, तो पहली दुनिया समृद्ध पश्चिमी या यूरोपीय देशों और अमेरिका की है। दूसरी दुनिया रूस समर्थक देशों की और तीसरी दुनिया पश्चिमी देशों से आजाद हुए या अपनी गरीबी से जूझते देशों की है। आर्थिक विकास शास्त्र ने इसका वर्गीकरण विकासवादी व्यवस्था के रूप में किया है। यानी पहली दुनिया विकसित देशों की, दूसरी दुनिया विकासशील देशों की जिनमें भारत भी शामिल है और तीसरी दुनिया अविकसित देशों की है जिनमें गरीब देश शामिल हैं। तीसरी दुनिया की युवा शक्ति पहली दुनिया या पश्चिमी देशों की ओर भागती है, क्योंकि जिस देश में वे रहते हैं, वहां उन्हें अपने सपने साकार होने की कोई संभावना नजर नहीं आती। धनी होने का सपना देखते हजारों नौजवान हर वर्ष इन देशों में जाकर काम करना चाहते हैं। अगर वैध तरीके से न जा सके, तो अवैध तरीके से या अपनी जान हथेली पर रख कर भी ये नौजवान समृद्ध देशों में प्रवेश करना चाहते हैं। जो रास्ते में मर-खप गए, उनका कोई अता-पता नहीं चलता। जो किसी तरह विदेश चले भी गए, तो वे वहां भी वे दोयम दर्जे की जिंदगी जीते हैं और किसी न किसी प्रकार अपने पांच साल पूरे कर ग्रीन कार्ड पाने की इच्छा रखते हैं।

जब से डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका की सत्ता संभाली है, तब से न केवल अमेरिका, बल्कि उसके साथी अमीर देश कनाडा, ब्रिटेन और आस्ट्रेलिया आदि भी आप्रवासी नागरिकों को (खासतौर से उन उन्नीस देशों के नागरिकों, जिनके बारे में ट्रंप ने सूची जारी की है और यह कहा है कि उनके देश में गैर-कानूनी घटनाओं से लेकर हिंसक वारदात यही लोग करते हैं) अपनी सीमा से निष्कासित करने की कोशिश में लगे हैं। इन सभी देशों में भारतीयों की भी पर्याप्त संख्या है। उनको हथकड़ियों-बेड़ियों में वापस भेजा जा रहा है। इन लोगों का स्वागत करने के लिए अमेरिका तैयार नहीं, बल्कि ट्रंप देश से इनको बाहर करना चाहते हैं। ये यही भारतीय हैं जिनके कौशल और श्रम से अमेरिका का आधार बना है।

अभी वाइट हाउस में अफगानिस्तान के एक शरणार्थी द्वारा की गई गोलीबारी से एक नेशनल गार्ड की मौत हो गई। इस बात से खीझ कर ट्रंप ने कहा कि अमेरिका में गरीब देशों के प्रवासियों का प्रवेश बंद है। वर्तमान आप्रवासियों में से अगर किसी से सुरक्षा को खतरा लगता है तो उसे भी तुरंत उसके देश भेज दिया जाएगा। अमेरिका की देखादेखी कनाडा ने छात्र वीजा पर सख्ती कर दी है। अब वीजा रद्द करने की दर चूंकि 75 फीसद तक पहुंच गई है, इसलिए नया प्रवेश 40 फीसद तक गिर गया। आज यहां 70 फीसद वीजा आवेदन रद्द हो रहे हैं। वर्ष 2023 में यही दर 32 फीसद थी। ब्रिटेन गए छात्र अपने साथ पहले परिवार ला सकते थे, लेकिन 2025 से वीजा नवीनीकरण में सख्ती बरती जाने लगी। परिवार लाने पर रोक लग गई। इस तरह से कई भारतीय ब्रिटेन छोड? के लिए मजबूर हो गए। आस्ट्रेलिया ने भी इस वर्ष से नई प्रवासन नीति लागू कर दी है जिसमें छात्र वीजा को कठिन बना दिया गया है। वर्ष 2024 में अगर यहां 96 हजार 490 प्रवासी भारतीय छात्र थे, तो इसी वर्ष पहले छह महीनों में यह संख्या कम होकर 87 हजार 600 हो गई। अब जब अपने हित साधने की यह नीति इन समृद्ध देशों ने लागू कर दी है, तो भारतीयों या अन्य 19 गरीब देशों के छात्रों के लिए समृद्ध देशों में प्रवेश बहुत कठिन हो गया है। अमेरिका ने तो और भी कई नियम बना दिए। ग्रीन कार्ड देने की अवधि बढ़ा दी और इसे आसानी से न लागू करने की नीति अपनाई। इस समय इसकी प्रतीक्षा सूची में लगभग दस लाख भारतीय हैं। मगर अमेरिका या अन्य समृद्ध देशों को यह नहीं भूलना चाहिए कि आज उनकी प्रगति और समृद्धि में इन्हीं प्रवासी नागरिकों का खून-पसीना लगा है।

> *अभी वाइट हाउस में अफगानिस्तान के एक शरणार्थी द्वारा की गई गोलीबारी से एक नेशनल गार्ड की मौत हो गई। इस बात से खीझ कर ट्रंप ने कहा कि अमेरिका में गरीब देशों के प्रवासियों का प्रवेश बंद है। वर्तमान आप्रवासियों में से अगर किसी से सुरक्षा को खतरा लगता है तो उसे भी तुरंत उसके देश भेज दिया जाएगा। अमेरिका की देखादेखी कनाडा ने छात्र वीजा पर सख्ती कर दी है। अब वीजा रद्द करने की दर चूंकि 75 फीसद तक पहुंच गई है, इसलिए नया प्रवेश 40 फीसद तक गिर गया। आज यहां 70 फीसद वीजा आवेदन रद्द हो रहे हैं। वर्ष 2023 में यही दर 32 फीसद थी। ब्रिटेन गए छात्र अपने साथ पहले परिवार ला सकते थे, लेकिन 2025 से वीजा नवीनीकरण में सख्ती बरती जाने लगी। परिवार लाने पर रोक लग गई। इस तरह से कई भारतीय ब्रिटेन छोड? के लिए मजबूर हो गए। आस्ट्रेलिया ने भी इस वर्ष से नई प्रवासन नीति लागू कर दी है जिसमें छात्र वीजा को कठिन बना दिया गया है। वर्ष 2024 में अगर यहां 96 हजार 490 प्रवासी भारतीय छात्र थे, तो इसी वर्ष पहले छह महीनों में यह संख्या कम होकर 87 हजार 600 हो गई। अब जब अपने हित साधने की यह नीति इन समृद्ध देशों ने लागू कर दी है, तो भारतीयों या अन्य 19 गरीब देशों के छात्रों के लिए समृद्ध देशों में प्रवेश बहुत कठिन हो गया है। अमेरिका ने तो और भी कई नियम बना दिए।*

एक राजनीतिक संदेश यूरोप, कनाडा और आस्ट्रेलिया सरकार को भी चला गया कि वे प्रवासियों को आने से रोकें। अगर यह श्रम शक्ति उत्पादन प्रक्रिया से बाहर हो जाती है, तो इन देशों की अर्थव्यवस्था पर असर पड़ सकता है। अमेरिका आज 30 ट्रिलियन डालर की सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति है, तो उसका 20 फीसद हिस्सा इन आप्रवासियों की मेहनत पर ही टिका है। तीन प्रकार के प्रवासी अमेरिका या समृद्ध देशों में पाए जाते हैं। भारतीय, चीनी और लैटिन अमेरिकी। गौरतलब है कि इन प्रवासी नागरिकों की श्रम शक्ति सस्ती है। आर्थिक विश्लेषक बताते हैं कि 15 अमेरिकी राज्यों की अर्थव्यवस्था अधिकतर इन्हीं श्रमिकों की दिन-रात की मेहनत पर निर्भर करती है। हालांकि इन राज्यों में अमीरी के साथ-साथ बंदूक संस्कृति भी पनप गई है। फिरौती मांगने का धंधा इन राज्यों में है ही। जहां 15 राज्य इन आप्रवासियों पर लगभग 40 फीसद तक निर्भर हैं। ये आप्रवासी बहुत ईमानदारी से और मेहनत करके जिंदगी जीते हैं।

एक आंकड़े के मुताबिक अमेरिका में कुल अपराध दर के मुताबिक ये प्रवासी, स्थानीय नागरिकों की अपेक्षा अपराध में कम ही लिप्त पाए गए। अब ट्रंप ने इन्हीं प्रवासियों को रोकने के आदेश पर मंजूरी लेने की इच्छा जाहिर कर दी है। हालांकि भारत की युवा शक्ति और अन्य उभरते देशों की नौजवान पीढ़ी विदेश को अपना एकमात्र मोक्ष द्वार नहीं मानती। तीसरी दुनिया के जिन देशों में जो जेन-जी वाली पीढ़ी उभर कर आ गई है, वह अपने देश में ही यथोचित रोजगार और गरिमा से जीना चाहती है। वह इन समृद्ध देशों के रहम पर दोयम दर्जे की जिंदगी अपनाने के लिए इनका सहारा नहीं लेना चाहती। दूसरी ओर यह भी एक सच है कि कुछ देशों में आतंकवादियों के अड्डे हैं और उनके लिए सरकारों का अप्रत्यक्ष सहयोग है, नहीं तो वहां छिपे आतंकी इतनी आसानी से भारत विरोधी गतिविधियां कैसे चलाते? इन देशों की अपनी समृद्धि भी हाड़तोड़ मेहनत करने वाले आप्रवासी नागरिकों की वजह से है, मगर आज कई बड़े देशों ने अपने यहां रह रहे प्रवासी नागरिकों का जीना मुश्किल कर दिया है। उन्हें हर दिन अपनी धरती से निष्कासित करने की धमकी देते हैं। जबकि उनके परिश्रम के बूते ही अमेरिका वर्षो से आर्थिक शक्ति के रूप में दुनिया के शीर्ष पर है। अब भी अमेरिका यही कहता है कि वह तकनीकी पेशेवरों का अपने देश में स्वागत करेगा, लेकिन यह नहीं चाहता कि मेहनत-मजदूरी करने वाले लोग अमेरिका में आ जाएं और अपनी मेहनत और कम वेतन के बल पर अमेरिकी जनता की नौकरियों के लिए जारी होने वाला पैसा अपने भुगतान के रूप में हथिया लें। इस पूरे परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए भारत अब केवल आयात आधारित अर्थव्यवस्था न रहे, अपने पैरों पर और मजबूती से खड़ा हो जाए। स्वावलंबन की इस राह पर युवा पीढ़ी को नौकरियां दें।

**– लेखक के अपने निजी विचार हैं।**

# आप कोई निर्णय नहीं लेते यह सच आपको असहज कर देगा

**राजेंद्र मोहन शर्मा**



**हम** मनुष्य, इस विशाल ब्रह्मांड रूपी रंगमंच पर स्वयं को कर्ता, निर्णायक की उपाधि से विभूषित करते हैं। हमारी चेतना का दीपक जलता है और हम सोचते हैं कि यह प्रकाश हमारी अपनी इच्छाशक्ति का है, जिससे हम जीवन के मार्ग की हर पगडंडी को अपनी मर्जी से चुनते हैं, ठीक वैसे ही जैसे नर्तक अपनी हर मुद्रा का चयन करता है। पर क्या यह अहंकार नहीं? क्या यह मैं करता हूं का भाव मात्र एक मोहक आवरण नहीं है, जिसके पीछे हो रहा है का सनातन सत्य छिपा है? अगर हम आंखें मूंदकर विचार करें तो पाएंगे कि हमारा हर चुनाव, एक जटिल समीकरण का अपरिहार्य हल है, न कि कोई स्वतंत्र आविष्कार। जब हम कोई संकल्प लेते हैं, तो वह संकल्प कहां से फूटता है? क्या वह अनायास हमारी आत्मा से प्रस्फुटित होता है, या वह पूर्वजन्मों के संस्कारों का, बाल्यकाल की स्मृतियों का, और इस क्षण मस्तिष्क में चल रहे त्रिगुणात्मक स्पंदनों (सत्त्व, रजस, तमस) का अनिवार्य परिणाम है? यह हमारी जन्मकुंडली की तरह है। एक ऐसा सूत्रपात, जो उसी क्षण हो गया था, जब प्रकृति और पुरुष का संयोग हुआ। हमारे विचार उसी धारा के बुलबुले हैं, जिसे वंशानुक्रम, शिक्षा और परिवेश की शक्तियां अपनी दिशा देती हैं। हम जिस स्वतंत्रता का दावा करते हैं, वह उस नदी की धारा जैसी हो सकती है, जो पहाड़ की ढलानों, चट्टानों के विन्यास और वर्षा की मात्रा से पहले ही निश्चित हो चुकी है। वह नदी बहने के लिए स्वतंत्र है, पर क्या वह अपनी दिशा चुनने के लिए स्वतंत्र है? उसका वेग और उसका मार्ग पहले से ही काल के मानचित्र पर अंकित है। यह ज्ञान, हमारे स्व के सिंहासन को हिला देता है और हमें आत्म-नियंत्रण के एक गहरे विरोधाभास में उलाा देता है। अगर हमारा निर्णय केवल कर्मफल की एक अटूट शृंखला का हिस्सा है, जहां आज का विचार कल के अनुभव का फल है, और कल का अनुभव परसों के विचार को जन्म देगा, तो स्वाधीनता कहां टिकती है?

एक बात तो यह भी है कि स्वाधीनता की खोज हमने अपने भीतर कितनी की है, उसे पहचाना कितना है और उसे बरता कितना है। हम स्वयं को उस रथ के सारथी समझते हैं, जिसका नियंत्रण दरअसल रथ के अश्वों (इंद्रियों) और रास्ते (नियति) के हाथों में है। हमारी इच्छाशक्ति उस मोहग्रस्त यात्री की तरह है, जो यह मान बैठा है कि वह पहियों को घुमा रहा है, जबकि रथ स्वतः ही अपने पूर्व-निर्धारित गंतव्य की ओर खिंचा जा रहा है। हमारी नैतिक जिम्मेदारी का भव्य भवन इसी भ्रम पर खड़ा है। अगर किसी प्राणी ने घोर पाप किया, तो हमारी न्याय की तुला यह मानती है कि उसके पास धर्म का मार्ग चुनने का विकल्प था, लेकिन अगर उसके चित्त की गति, उसके पूर्व कर्मों की वासनाओं और उसके वर्तमान भौतिक तत्त्वों के मिश्रण से अपरिहार्य थी, तो हम उसे अपराधी कहकर कैसे दंडित करें? क्या वह केवल उस ब्रह्मांडीय नाटक का एक पात्र नहीं था, जिसने अपने विवश स्वभाव के कारण एक निश्चित भूमिका निभाई? यह चिंतन हमें दंड और पुरस्कार की सारी अवधारणाओं पर पुनः विचार करने पर बाध्य करता है। अगर नियतिवाद ही अंतिम सत्य है, तो हमारी क्षमता क्या है? क्या संसार के सारे प्रयास, तपस्या और साधनाएं निरर्थक हैं, क्योंकि परिणाम तो पहले से ही तय है? इस निराशा में भी, दर्शन का एक गुप्त मार्ग खुलता है। यह मार्ग हमें नियति के सम्मुख पूर्ण आत्मसमर्पण की ओर ले जाता है, जहां मैं के बोझ से मुक्ति मिलती है और ईश्वर की लीला या कर्म के विधान की सर्वोपरिता स्वीकार होती है। मगर चेतना का एक कोना अब भी विद्रोह करता है। जब हम गहरे ध्यान में उतरते हैं, तो हमें लगता है कि हमारे भीतर एक अव्यक्त साक्षी है, जो प्रकृति के खेल को तटस्थ भाव से देख रहा है।

यही वह शुद्ध बोध है, जो हमें माया के जंजाल से बाहर खींचने की क्षमता रखता है। संभव है कि हमारी भौतिक क्रियाएं (कर्म) और विचार (मन) नियति के अधीन हों, पर उस क्षण जब हम जानते हैं कि हम नियति के अधीन हैं, वही बोध ही हमारी एकमात्र और सच्ची स्वतंत्रता है। यह बोध, कर्म की बेडि?ों को नहीं तोड़ता, बल्कि उन बेड़ियों के अस्तित्व को जानने की स्वतंत्रता देता है। इसलिए शायद कर्म (क्रिया) और विकल्प (चयन) का विरोधाभास नहीं है, बल्कि यह द्वैत है। हमारा शरीर और मन प्रकृति के नियमों से बंधा है, पर हमारी आत्मा (चेतना) उन बंधनों को जानने और स्वीकारने के लिए स्वतंत्र है। यह ज्ञान ही वह दुर्लभ प्रकाश है, जो हमें मैं करता हूं के अहंकार से मुक्त करता है और सब होता है के अनासक्त भाव की ओर ले जाता है। मैं और सब को पहचानने की शक्ति हमें अनासक्ति तक पहुंचाती है और उसके बाद फिर अनासक्ति ही हमें नियति के लिखे को जीते हुए भी उससे ऊपर उठने की शक्ति देती है। यह आखिर यही प्रश्न छोड़ जाता है कि क्या हम वह पात्र हैं, जो विवशता में अभिनय कर रहा है, या वह साक्षी, जो उस अभिनय को केवल देख रहा है और क्या यह देखना ही वास्तविक स्वाधीनता है, जिससे हमारे चित्त की विवशता समाप्त होती है और चेतना परम स्वाधीनता को प्राप्त करती है।

**– लेखक के अपने निजी विचार हैं।**

## आज का पंचांग

### दैनिक पंचांग

**11 दिसम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**





| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृश्चिक में | धनु | 06.57 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | मकर | 09.02 बजे से |
| मंगल | धनु में | कुंभ | 10.49 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | मीन | 12.22 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | मेष | 13.52 बजे से |
| शुक्र | वृश्चिक में | वृष | 15.32 बजे से |
| शनि | मीन में | मिथुन | 17.30 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कर्क | 19.44 बजे से |
| केतु | सिंह में | सिंह | 22.00 बजे से |
| राहुकाल | 1.30 से 3.00 बजे तक | कन्या | 00.12 बजे से |
| | | तुला | 02.23 बजे से |
| | | वृश्चिक | 04.37 ब.से |

**गुरुवार** 2025 वर्ष का 345 वा दिन **दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** हेमन्त। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** पौष (दक्षिण भारत में मृगशीर्ष) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** सप्तमी 13.58 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** पूर्वाफाल्गुनी 03.56 बजे रात्र को समाप्त। **योग** विष्कुम्भ 11.40 बजे को समाप्त। **करण** बव 13.58 बजे तदनन्तर बालव 02.22 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 20.7 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 23° 00' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872555 **जूलियन दिन** 2461020.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** जमादि उस्सानी **तारीख** 19 **विशेष** कालाष्टमी।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8703



**बाएँ से दाएँ**

1. ओस की बूंदे (उर्दू-4)
3. आसमान, गगन-3
5. निम्न, जो स्तरीय न हो-4
8. रात्रि, निशा-2
10. सिलना, छाती
11. नश, नाड़ी-2
13. एक समाज सुधारक जिनके दोहे काफी प्रसिद्ध हैं-2
15. इसे आंखों में लगाते हैं-3
16. प्रभाव-3
17. समीप, पास, नजदीक-3
19. भगवान, खुदा-2
20. जानवर इसे खाते हैं-2
21. होठ, अधर-2
23. लूटपाट, डाका-4
25. प्रकार-3
26. बेबस, लाचार-4

**ऊपर से नीचे**

1. चिंगारी, अंगारा-3
2. मस्ती में चूर-2
3. इज्जत, साख-2
4. तलवार (उर्दू-4)
6. रसदार, रस से भरा-3
7. मेहंदी, ऋषि कपूर की फिल्म-2
9. सब्जी, भाजी-4
13. कमी-3
14. अकबर के एक हिंदू सलाहकार-4
17. अचरज भरा कार्य-4
18. वायुसेना के एक विमान का नाम-3
20. चाहत, प्रेम-2
22. ऋतुराज, मौज-मस्ती-3
23. रास्ता, डगर-2
24. एक पेड़ जिसकी टहनी से दातुन करते हैं-3

**शब्द पहेली -8702 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ब | र | ग | द | ■ | स | ■ | ■ |
| ■ | द | ■ | म | ■ | कि | फ़ा | य | त |
| अ | ना | प | ■ | कि | रा | या | ■ | ह |
| ■ | म | र | ना | ■ | ये | ■ | रा | जी |
| प्र | ■ | स | म | झ | दा | र | ■ | व |
| त्या | ग | ■ | क | ■ | र | स | ना | ■ |
| रो | ■ | ज | मा | त | ■ | म | म | ता |
| प | न | प | ना | ■ | चो | ■ | ची | ■ |
| ■ | ■ | ना | ■ | अ | र | मा | न | ■ |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## सुडोकू

### सूडोकु नवताल- 7640

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | 1 | 4 | | | 2 |
| 1 | 2 | | 6 | | 3 | | 5 | |
| | | 5 | | 8 | 7 | | | 9 |
| | 7 | | | 6 | 9 | | | 8 |
| 2 | 1 | | | 5 | | | 4 | 6 |
| 4 | | | 3 | 2 | | | 9 | |
| 9 | | | 8 | 4 | | 5 | | |
| | 6 | | 9 | | 5 | | 2 | 4 |
| 8 | | | 1 | 7 | | | 6 | 3 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7639 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |



## करीना ने बच्चों की परवरिश को लेकर शेयर की पोस्ट, बोलीं-

# मैं नहीं चाहती मेरे बच्चे सिर्फ स्मार्ट हों

**बॉलीवुड** अभिनेत्री करीना कपूर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वो अक्सर अपनी तस्वीरें और फनी मीम्स भी साझा करती रहती हैं। साथ ही करीना अपने बच्चों को लेकर भी कुछ न कुछ पोस्ट करती रहती हैं। अब एक बार फिर करीना ने बच्चों से जुड़ी एक पोस्ट साझा करते हुए अपने फैंस को हैप्पी संडे बोला है। साथ ही उन्होंने बच्चों की परवरिश को लेकर एक नोट भी साझा किया है। करीना कपूर ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट साझा किया है। इसमें बच्चों की परवरिश को लेकर एक नोट है। करीना ने जो पोस्ट साझा की है, उसमें लिखा है, 'मैं नहीं चाहती कि मेरे बच्चे सिर्फ स्मार्ट हों। मैं चाहती हूं कि वे दयालु हों। उन लोगों से प्यार करें जो अलग हैं। अपनी आवाज का इस्तेमाल तब भी करें जब वे कांप रहे हों। विश्वास के साथ जिएं, तब भी जब दुनिया मजाक उड़ाए। क्योंकि ग्रेड कम हो जाते हैं, नौकरियां बदल जाती हैं, ट्रॉफियों पर धूल जम जाती है, लेकिन चरित्र? वह हमेशा के लिए है।' इसके के साथ ही करीना ने कैप्शन में लिखा, 'हैप्पी संडे दोस्तों।'

# गौरव खन्ना बने बिग बॉस विनर

## जीती ट्रॉफ़ी और 50 लाख रुपए की इनामी राशि



उत्तर प्रदेश के कानपुर शहर में जन्मे और टीवी की दुनिया के जाने-पहचाने एक्टर गौरव खन्ना ने दो वाइल्ड कार्ड एंट्री समेत कुल 17 प्रतियोगियों को हराते हुए बिग बॉस 19 की ट्रॉफ़ी अपने नाम की. गौरव खन्ना ने अपनी परिपक्वता, स्मार्ट गेम, अच्छी तरह से हर टास्क को अंजाम देने? की ख़ासियत, बाक़ी प्रतियिगियों के मुक़ाबले बरती गई शालीनता और फ़ैन्स के पॉपुलर वोटों के आधार पर बिग बॉस 19 का विजेता बनने में कामयाबी हासिल की. 105 दिनों तक चले इस रिएलिटी शो की शुरुआत से ही गौरव खन्ना को जीत का एक मज़बूत दावेदार माना जा रहा था. होस्ट सलमान ख़ान भी शो में कई दफ़ा उनके तौर-तरीकों की काफ़ी सराहना करते नज़र आए थे.

ऐसे में गौरव की लोकप्रियता दिन-ब-दिन बढ़ती ही चली गयी और अंत में उन्होंने शो जीत लिया.जीत के बाद गौरव खन्ना ने बीबीसी न्यूज़ हिंदी से कहा, 'बिग बॉस के घर में 15 लोगों को ख़ुश करने में मेरी कोई दिलचस्पी नहीं थी बल्कि मैं घर के बाहर 150 करोड़ लोगों से सीधे तौर पर जुड़ने के लिए इस घर में आया था. मैंने आत्मसम्मान और अपनी असली शख्सियत के साथ गेम खेला. मैं दर्शकों का शुक्रगुज़ार हूं कि उन्होंने मेरी इस ख़ासियत को पहचाना और मुझे एक विजेता के रूप में चुना.

## 'धुरंधर' में रणवीर सिंह के साथ काम करने पर बोले शहजाद अली, लगा


# मैं तूफान के साथ तालमेल बैठा रहा हूं'

**फिल्मी** दुनिया में जब किसी बड़े प्रोजेक्ट की चर्चा होती है, तो सिर्फ फिल्म से ही नहीं, उसके संगीत से भी उतनी ही उम्मीदें जुड़ जाती हैं। इन दिनों निर्देशक आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर' को लेकर ऐसा ही माहौल बना हुआ है। इस फिल्म के गाने 'इश्क जलाकर' ने दर्शकों का दिल जीत लिया है। इसमें गायक शहजाद अली और अभिनेता रणवीर सिंह की अनोखी केमिस्ट्री देखने और सुनने को मिलती है। शहजाद अली ने गाने में काम करने के अनुभव को साझा किया। 'इश्क जलाकर' को लेकर शहजाद ने कहा, '''धुरंधर' मेरे करियर का सबसे यादगार प्रोजेक्ट है। जब किसी कहानी में आग की तरह जोश और गहराई हो, तो संगीत बनाना एक सामान्य प्रक्रिया नहीं रह जाती, बल्कि व्यक्ति उस कहानी के भावों में पूरी तरह डूब जाता है। इस गाने में भी वही जुनून और वही जोश मौजूद है। शहजाद ने कहा, 'रणवीर सिंह के साथ काम करना इस प्रोजेक्ट की सबसे खास चीजों में से एक रहा। रणवीर ऐसे अभिनेता हैं जो हर सीन, हर इमोशन और हर संगीत को अपने अंदर उतार लेते हैं। वे गाने में शामिल नहीं होते, बल्कि उसे पूरी तरह जीते हैं।



उनकी ऊर्जा, उनकी शैली और उनका जोशीला अंदाज कलाकारों को भी अपना सर्वश्रेष्ठ देने पर मजबूर कर देता है। उन्होंने कहा, ''रणवीर के साथ काम करते हुए ऐसा लगा मानो मैं एक तूफान या बिजली के झटके जैसी ऊर्जा के साथ तालमेल बैठा रहा हूं। यही वजह है कि मुझे 'इश्क जलाकर' गाने में भावनाओं का तूफान-सा महसूस होता है। शहजाद अली ने कहा, '''इश्क जलाकर' सिर्फ सुना जाने वाला ट्रैक नहीं है, बल्कि महसूस किया जाने वाला अनुभव है।

## जीवन में हर समय हर चीज को पकड़कर रखना जरूरी नहीं होता : राधिका आप्टे



**अभिनेत्री** राधिका आप्टे हमेशा से अपने अलग अंदाज के लिए जानी जाती रही हैं। फिल्मों में अनोखे किरदार निभाने से लेकर निजी जीवन में अपने फैसलों पर कायम रहने तक, वह अक्सर ऐसी बातें कहती हैं जो उनके आत्मविश्वास और स्पष्टता को दर्शाती हैं। इस कड़ी में उन्होंने बातचीत के दौरान बताया कि वह करियर, शहर या मौके खोने जैसे दबावों को बहुत हल्के में लेती हैं। एक खास बातचीत में राधिका आप्टे ने बताया कि उन्हें किसी भी चीज के छूट जाने का डर बिल्कुल नहीं होता। उन्होंने कहा, ''मैं इस तरह का दबाव कभी नहीं लेती। अगर मैं मुंबई में नहीं हूं, तो मैं इस बात की चिंता बिल्कुल भी नहीं करुंगी कि मेरे हाथ से बड़े मौके निकल जाएंगे। फिलहाल मैं लंदन में रहती हूं और काम के लिए भारत आती हूं। कई लोगों का मानना है कि फिल्म इंडस्ट्री का केंद्र मुंबई होने के कारण, वहां स्थायी रूप से रहना जरूरी है, लेकिन यह सोच पूरी तरह से गलत है।''

राधिका ने कहा, ''अगर मुझे कोई काम पसंद आएगा या मैं उसे करना चाहूंगी, तो मैं खुद मुंबई आ जाऊंगी। और अगर कभी कोई प्रोजेक्ट छूट भी गया, तो भी यह मेरे लिए कोई बड़ी बात नहीं है। जीवन में हर समय हर चीज को पकड़कर रखना जरूरी नहीं होता। कभी कुछ मिलता है, कभी नहीं, और दोनों ही स्थितियों को अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा, ''लंदन में रहने के बाद भी मेरे पास अच्छे प्रोजेक्ट्स के ऑफर्स हैं। इसलिए काम के पीछे भागने या लगातार उपलब्ध रहने का दबाव मैं खुद पर कभी नहीं लेती। उन्होंने कहा, ''किसी भी चीज के छूट जाने का डर मेरे जीवन में ही नहीं है। हम अक्सर सोचते हैं कि कोई बड़ा मौका चला जाएगा, तो जीवन पर असर पड़ेगा, लेकिन असल में ऐसा नहीं है। हम चीजों को जितना बड़ा समझते हैं, वे उतनी बड़ी होती नहीं। मानसिक शांति और जीवन के वास्तविक आनंद ही अहम हैं। राधिका आप्टे इन दिनों अपनी आने वाली थ्रिलर फिल्म 'साली मोहब्बत' को लेकर चर्चा में हैं।

## 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' के गाने में कार्तिक आर्यन ने श्रुति पाठक से की खास डिमांड, सिंगर ने खोला राज



**बॉलीवुड** में रोमांटिक फिल्मों का दौर एक बार फिर लौटता दिख रहा है। इसी माहौल को फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' का नया गाना 'हम दोनों' और खास बनाने आ रहा है। इस गाने को प्लेबैक सिंगर श्रुति पाठक ने गाया है। उन्होंने गाने की रिकॉर्डिंग के दौरान अभिनेता कार्तिक आर्यन से हुई छोटी-सी मुलाकात को याद किया। श्रुति पाठक ने कहा, ''हम दोनों' एक ऐसा गाना है जो ताजगी से भरा है और युवाओं के दिल के करीब रहेगा। यह गाना कपल्स के लिए एकदम सही है। गाने की धुन और अंदाज दोनों मिलकर इसे खास बनाते हैं। इसकी सरलता और मॉडर्न टच इसे लंबे समय तक यादगार बनाएगी।' गाने की रिकॉर्डिंग के दौरान कार्तिक आर्यन से मुलाकात के किस्से को साझा करते हुए श्रुति ने बताया कि कार्तिक रिकॉर्डिंग में काफी दिलचस्पी ले रहे थे और गीत को लेकर बेहद उत्साहित थे। उन्होंने कहा, ''कार्तिक और अनन्या पांडे दोनों ही गाने और टीजर में शानदार लग रहे हैं। यह फिल्म और इसका संगीत बॉलीवुड में रोमांटिक फिल्मों का एक नया दौर शुरू कर सकता है। श्रुति पाठक ने बताया कि कार्तिक ने उनसे अकॉस्टिक वर्जन की भी डिमांड की थी, इससे उनकी म्यूजिक में रुचि का अंदाजा लगता है। श्रुति पाठक ने गीतकार अनविता दत्त की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, ''अनविता ने इस गीत के बोल बेहद खूबसूरती से लिखे हैं। वह एक प्रतिभाशाली लेखिका और निर्देशक हैं। मैं उनके काम की हमेशा से प्रशंसक रही हूं। मुझे खुशी है कि आखिरकार मुझे उनके साथ काम करने का मौका मिला। उन्होंने इस गाने की भावनाओं और कहानी को सटीक तरीके से शब्दों में पिरोया है। 'हम दोनों' में संगीत विशाल-शेखर की जोड़ी ने दिया है। श्रुति ने कहा, 'ये जोड़ी बॉलीवुड में कूल और ट्रेंडी संगीत का चेहरा है और हर बार कलाकारों से बेहतरीन काम निकलवाते हैं। मैंने पहले इनके साथ 'तुझे भुला दिया' और 'आस पास खुदा' जैसे बड़े गानों में काम किया है। 'हम दोनों' के जरिए फिर से उनके साथ काम करने का एक खास अनुभव रहा। '

## फिल्म वा वाथियार की शूटिंग से एक रात पहले मैंने आत्मा देखी : कृति शेट्टी

अभिनेत्री कृति शेट्टी इन दिनों अपनी आने वाली तमिल फिल्म 'वा वाथियार' को लेकर चर्चाओं में हैं। फिल्म में उनका किरदार एक स्पिरिट रीडर का है। इस बीच उन्होंने असल जिंदगी में कुछ ऐसा महसूस किया। कृति ने खुलासा किया कि शूटिंग शुरू होने से ठीक एक रात पहले उनके होटल के कमरे में उन्हें एक आत्मा दिखाई दी। इस घटना ने न सिर्फ उन्हें झकझोर दिया, बल्कि उनके किरदार के प्रति विश्वास भी मजबूत कर दिया। कृति ने कहा, 'मैं निर्देशक नलन कुमारस्वामी की इस फिल्म में एक ऐसी लड़की का किरदार निभा रही हूं, जो आत्माओं से बात करती है और जो दूसरे लोगों की तुलना में भावनाओं और ऊर्जा को अधिक गहराई से महसूस करती है। सिनेमा में ऐसे किरदार आमतौर पर कम ही देखने को मिलते हैं, खासकर भारतीय फिल्मों में, इसलिए यह मेरे लिए एक नया और एक्साइटिंग अनुभव था। जब मैं इस किरदार की तैयारी कर रही थी, तब मुझे अंदाजा भी नहीं था कि वास्तविक जिंदगी में भी कुछ ऐसा घट सकता है। कृति ने कहा, ''मैं बचपन से ही मानती हूं कि आत्माएं होती हैं। मैं तुलु समुदाय से आती हूं, जहां पूर्वजों की पूजा की जाती है। ऐसा माना जाता है कि हमारे पूर्वज हमेशा हमारे आसपास होते हैं और हमारा मार्गदर्शन करते हैं। मैं आत्माओं की अवधारणा से कुछ हद तक परिचित हूं, लेकिन शूटिंग से पहले का अनुभव मेरे लिए बेहद विचलित कर देने वाला था। उन्होंने बताया, ''शूटिंग के लिए मैं और टीम एक होटल में रुके हुए थे, उसी रात मुझे किसी आकृति का एहसास हुआ। मैंने पूरा चेहरा नहीं देखा, लेकिन एक साफ-साफ छाया जैसी आकृति मैंने महसूस की थी।



उसी पल जब मैंने लाइट ऑन की, तो अचानक तेज आवाज हुई। उस समय मेरी मां भी साथ थीं। हम दोनों ने महसूस किया कि यह कोई सामान्य घटना नहीं थी। यह अनुभव इतना वास्तविक था कि इसे भ्रम या कल्पना माना ही नहीं जा सकता। कृति ने कहा, ''इस फिल्म में स्पिरिट रीडर का किरदार निभाते समय मुझे खुद भी लगता था कि शायद दर्शकों को ऐसी बातें अविश्वसनीय लगेंगी। लेकिन जैसे ही ये घटना घटी, मुझे लगा जैसे कोई मेरे इस किरदार में पूरी तरह ढलने के लिए संकेत दे रहा हो।'' फिल्म 'वा वाथियार' में कृति के साथ अभिनेता कार्थी मुख्य भूमिका निभा रहे हैं, जो एक पुलिस अधिकारी के किरदार में हैं।

## सलीम साहब मेरे लिए परिवार जैसे हैं, उनसे हर पल कुछ सीखने को मिलता है : लूलिया वंतूर



**बॉलीवुड** के सुपरस्टार सलमान खान की खास दोस्त और रोमानियाई सिंगर लूलिया वंतूर ने एक्टर दीपक तिजोरी के साथ शॉर्ट ड्रामा 'इकोज ऑफ अस' से अपना एक्टिंग डेब्यू किया। हाल ही में लूलिया ने बातचीत की और दीपक तिजोरी संग अनुभव से लेकर सलमान खान के परिवार के साथ अपने रिश्ते और आने वाले प्रोजेक्ट को लेकर खास बातचीत की। उन्होंने कहा, 'दीपक तिजोरी बहुत अच्छे इंसान और शानदार अभिनेता हैं। उनके साथ काम करके काफी अच्छा अनुभव रहा। उनसे काफी कुछ सीखने को मिला। लूलिया ने यह भी बताया कि 'इकोज ऑफ अस' में एक लव सॉन्ग को उन्होंने एक भारतीय गायक के साथ गाया है। अभी मेरे कई सारे गाने रिलीज होने बाकी हैं। हाल ही में लूलिया ने सलीम खान (सलमान खान के पिता) के जन्मदिन पर उन्हें सोशल मीडिया के जरिए शुभकामनाएं दी थीं। उन्होंने कहा, 'सलीम साहब बहुत शानदार इंसान हैं। उनके साथ बिताया हर पल कुछ सिखाता है। मेरा अपना परिवार दूर है, इसलिए वे मेरे लिए परिवार जैसे हैं। जब उनसे पूछा, 'क्या आपको रोमानिया में सफल करियर छोड़ने का पछतावा है? ',इस सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा, 'मैं अपने जीवन से ये सब बिल्कुल भी नहीं छोड़ना चाहूंगी, क्योंकि नया देश आपको सेफ जोन से बाहर निकालता है। आपको खुद को नए सिरे से पहचान बनानी पड़ती है।

## 12 साल बाद फिर से एक साथ, आशिकी 2 की जोड़ी की वापसी

साल 2013 में रिलीज हुई फिल्म 'आशिकी 2' को लोगों ने खूब पसंद किया. मोहित सूरी के डायरेक्शन में बनी ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई. 'सैयारा' जैसी हिट फिल्म बनाने के बाद अब मोहित सूरी अपनी अगली फिल्म के लिए आदित्य रॉय कपूर से हाथ मिलाने वाले हैं. सैयारा के बाद अब मोहित सूरी एक बार फिर म्यूजिकल लव स्टोरी लाने के लिए तैयार हैं, जिसमें 'आशिकी 2' की जोड़ी की वापसी हो सकती है. 12 सालों के बाद आदित्य रॉय कपूर और मोहित सूरी एक साथ काम करने वाले हैं. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, आदित्य रॉय कपूर जल्द ही मोहित सूरी के साथ फिर से काम कर सकते हैं. लेकिन इस बार यश राज फिल्म्स के बैनर तले. अगर सब कुछ ठीक रहा तो यह एक्टर के लिए मोहित सूरी के साथ एक बड़ा कमबैक हो सकता है. मोहित सूरी और आदित्य रॉय कपूर ने साल 2013 में आई फिल्म 'आशिकी 2' के लिए साथ काम किया था.

# सोनारिका के घर आई नन्ही परी



**लोकप्रिय** धारावाहिक 'देवों के देव महादेव' फेम अभिनेत्री सोनारिका भदौरिया एक बच्ची की मां बन गई हैं। रविवार को अभिनेत्री ने पोस्ट कर इस बात की जानकारी दी। अभिनेत्री सोनारिका ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की। इस तस्वीर में बेटी के पैर नजर आ रहे है, जिसे वे और उनके पति प्यार से पकड़े हुए है।

पोस्ट शेयर करते हुए अभिनेत्री ने इसे कैप्शन दिया, '5-12-2025। हमारी सबसे प्यारी और बड़ी नेमत घर आ गई है और आते ही हमारी दुनिया बन गई है।' अभिनेत्री के पोस्ट शेयर करने के बाद इंडस्ट्री, दोस्त, फैंस और साथी कलाकारों ने कमेंट सेक्शन पर प्यार और शुभकामनाओं की बौछार कर दी। कुछ लोगों ने हार्ट और फायर इमोजी से प्रतिक्रिया दी। अभिनेत्री आरती सिंह ने लिखा, 'मैं तुम्हारे लिए बहुत खुश हूं। बधाई हो।' अशनूर कौर ने लिखा, 'बधाई हो।' लता सबरवाल ने भी 'बधाई हो' कमेंट किया। बता दें कि अभिनेत्री की बेटी का जन्म 5 दिसंबर को ही हो गया था, लेकिन उसके जन्म की जानकारी उन्होंने अभी दी है। हालांकि, उन्होंने अभी तक बेटी के नाम की घोषणा नहीं की है।

### सोनारिका ने 2024 में की थी शादी

सोनारिका भदौरिया ने साल 2024 में अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड विकास पाराशर से शादी की थी। दोनों की पहली मुलाकात जिम में हुई थी। इसके बाद दोनों ने 7 साल एक-दूसरे को डेट किया था। अभिनेत्री ने साल 2011 में धारावाहिक 'तुम देना साथ मेरा' से टीवी सीरियल की शुरुआत की थी। इसके बाद वे 'पृथ्वी वल्लभ' और 'दास्तान-ए-मोहब्बत सलीम अनारकली' जैसे शो में नजर आईं। अभिनेत्री ने सिर्फ टीवी शोज ही नहीं किए हैं।

# लोकसभा में तारिक अनवर ने उठाया बिहार में पीडीएस भंडारण का मुद्दा

एजेंसी

**कटिहार।** भारत सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने लोकसभा में सांसद तारिक अनवर के सवाल का जवाब देते हुए बताया कि बिहार राज्य में पीडीएस की दक्षता सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। मंत्रालय ने बताया कि एफसीआई के पास 13.43 एलएमटी की कवर्ड स्टोरेज क्षमता उपलब्ध है और बिहार में राज्य एजेंसियों के पास केंद्रीय पूल खाद्यान्न भंडार के भंडारण के लिए 10.13 एलएमटी की कवर्ड स्टोरेज क्षमता उपलब्ध है। मंत्रालय ने यह भी बताया कि भंडारण क्षमता बढ़ाने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनमें निजी उद्यमी गारंटी (पीईजी) योजना, केंद्रीय क्षेत्र योजना (सीएसएस) 2017-25, सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत साइलो का निर्माण आदि



शामिल हैं। सांसद तारिक अनवर ने सवाल किया था कि बिहार राज्य में पीएसीएस के माध्यम से पीडीएस के भंडारण, वितरण और दक्षता सुनिश्चित करने की वर्तमान प्रणाली की अपर्याप्तता के कारण क्या हैं और बाढ़ और सूखे जैसी आपदाओं के दौरान सहकारी समितियों के माध्यम से खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा उठाए जा रहे ठोस कदम क्या हैं। मंत्रालय ने बताया कि पीडीएस की दक्षता सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं, जिनमें गोदामों का निर्माण, अनाज की खरीद और वितरण की व्यवस्था, और पीडीएस में भ्रष्टाचार को रोकने के लिए कदम उठाना शामिल हैं। मंत्रालय ने यह भी बताया कि बाढ़ और सूखे जैसी आपदाओं के दौरान सहकारी समितियों के माध्यम से खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने कई कदम उठाए हैं, जिनमें अनाज का भंडारण, अनाज की खरीद और वितरण की व्यवस्था, और पीडीएस में भ्रष्टाचार को रोकने के लिए कदम उठाना शामिल हैं। इसके अलावा मंत्रालय ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए सरकार द्वारा कई कदम उठाए जा रहे हैं, जिनमें खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अनाज का भंडारण, अनाज की खरीद और वितरण की व्यवस्था, और पीडीएस में भ्रष्टाचार को रोकने के लिए कदम उठाना शामिल हैं। मंत्रालय ने यह भी बताया कि पीडीएस की दक्षता सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा कई कदम उठाए जा रहे हैं, जिनमें गोदामों का निर्माण, अनाज की खरीद और वितरण की व्यवस्था, और पीडीएस में भ्रष्टाचार को रोकने के लिए कदम उठाना शामिल हैं।

# मुख्यमंत्री नीतीश ने मानवाधिकार दिवस पर प्रदेशवासियों को दीं शुभकामनाएं

एजेंसी

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मानवाधिकार दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि बिहार सरकार न्याय के साथ विकास के मूल सिद्धांत पर आगे बढ़ते हुए समाज के सभी वर्गों के समग्र विकास और उत्थान हेतु पूरी तरह संकल्पित है। उन्होंने कहा कि सरकार का सर्वोपरि उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के अधिकारों की सुरक्षा करना तथा उन्हें सभी आवश्यक और मूलभूत सुविधाएँ सुनिश्चित रूप से उपलब्ध कराना है। मुख्यमंत्री ने यह भी रेखांकित



किया कि मानवाधिकारों की रक्षा तभी संभव है जब समाज का प्रत्येक व्यक्ति सुरक्षित, सम्मानित और सशक्त महसूस करे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेशवासियों का आह्वान किया कि इस अवसर पर हम सभी यह संकल्प लें कि मिलकर एक ऐसे स्वस्थ, समावेशी और सुदृढ़ समाज का निर्माण करेंगे, जहाँ प्रत्येक नागरिक गौरवपूर्ण एवं सम्मानजनक जीवन जी सके।

## संक्षिप्त समाचार

### आरपीएफ ने रेलवे स्टेशन पर एक महिला यात्री की बचाई जान

**भागलपुर।** मनीष कुमार गुप्ता डिवीजनल रेलवे मैनेजर मालदा के गाइडेंस में और आशिम कुमार कुल्लू डिवीजनल सिक्योरिटी कमिश्नर मालदा के ओवरऑल सुपरविजन में मालदा डिवीजन की रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स पूरे डिवीजन में यात्रियों की सुरक्षा पक्का करने के लिए लगातार कमिटमेंट दिखा रही है। आरपीएफ पोस्ट भागलपुर ने भागलपुर रेलवे स्टेशन पर एक महिला यात्री की सुरक्षा पक्की करते हुए, सतर्कता और तेजी से एक्शन का एक काबिले तारीफ प्रदर्शन किया। मेन गेट के पास प्लेटफॉर्म नंबर 01 पर रूटीन इंस्पेक्शन के दौरान एएसआई संजीव कुमार झा ने देखा कि एक महिला पैसेंजर चलती हुई ट्रेन चढ़ने की कोशिश कर रही है। कोशिश के दौरान,वह पल भर के लिए बैलेंस खो बैठी और ट्रैक पर गिरने ही वाली थी। एएसआई एस. के. झा ने तुरंत सावधानी बरतते हुए, पैसेंजर को किनारे से वापस खींच लिया और उसकी जान बचाई। पूछने पर पैसेंजर ने अपना नाम सोनी देवी (33 साल) कहलगांव बताया। उसने कहा कि वह अगली उपलब्ध ट्रेन से अपनी यात्रा जारी रखेगी। घटना के बाद सोनी देवी और उनके परिवार ने आरपीएफ भागलपुर का समय पर कार्रवाई और जान बचाने वाले सपोर्ट के लिए बहुत शुक्रिया अदा किया।

### छात्रावास से हटाया गया अवैध कब्जा

**भागलपुर।** तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के पीजी हॉस्टलों में बुधवार को प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए लंबे समय से चल रहे अवैध कब्जे को हटाया। सुबह से ही सदर एसडीओ विकास कुमार, सिटी डीएसपी वन अजय कुमार चौधरी, डीएसडब्ल्यू प्रो. अर्चना कुमारी और प्रॉक्टर प्रो. एस.डी. झा की अगुवाई में टीम हॉस्टल परिसर पहुंची और कमरों की जांच शुरू की। कार्रवाई के दौरान जिन कमरों पर अवैध रूप से कब्जा किया गया था, उनके ताले तोड़कर विश्वविद्यालय प्रशासन ने नए ताले लगवाए। इस कदम से हॉस्टलों पर संस्थान का नियंत्रण एक बार फिर मजबूत हो सका। प्रशासनिक सख्ती का असर यह रहा कि कई कब्जाधारी छात्रों ने कार्रवाई शुरू होने से पहले ही हॉस्टल खाली कर दिया।

## मुख्यमंत्री ने की प्रगति यात्रा की योजनाओं की समीक्षा

# 50 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं पर तेजी से काम करने के दिए निर्देश

एजेंसी

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को एक अणे मार्ग स्थित ह्यसंकल्पह्व में प्रगति यात्रा के दौरान घोषित विभिन्न विकास योजनाओं की उच्चस्तरीय समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में तेजी से पूरे किए जाएं। समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बताया कि प्रगति यात्रा के दौरान 430 योजनाओं की स्वीकृति दी गई थी, जो 22 विभागों से संबंधित हैं। इन विभागों के द्वारा 428 योजनाओं की स्वीकृति दे दी गयी है। शेष 2 योजनाएं तकनीकी रूप से अनुपयुक्त पायी गयी हैं, जो जल संसाधन विभाग से संबंधित हैं। 21 योजनाओं का काम पूरा हो चुका है। शेष योजनाओं पर काम तेजी से चल रहा है और



उसे समय के साथ पूरा कर लिया जायेगा। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2024 के दिसंबर और 2025 के जनवरी-फरवरी महीने में उन्होंने प्रगति यात्रा के दौरान सभी जिलों में जाकर विकास कार्यों को देखा था। यात्रा के दौरान जो लोगों का फीडबैक मिला और जमीनी स्तर पर उन्हें जो कमी दिखी उसे पूरा करने के लिए 430 नई योजनाओं की स्वीकृति दी गई, जिस पर 50 हजार करोड़ रुपए खर्च किये जायेंगे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी 38 जिलों से संबंधित इन योजनाओं की लगातार समीक्षा करते रहें और कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के लिए इसका सतत अनुश्रवण करते रहें। सभी विभाग लंबित योजनाओं पर तेजी से काम करते हुए शीघ्र पूरा करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए हमलोग लगातार प्रयत्नशील हैं। राज्य के सभी क्षेत्रों और सभी वर्गों के विकास के लिए योजनाबद्ध ढंग से काम किया जा रहा है। लोगों के उत्थान के लिए जो योजनायें बनायी गयी हैं उस पर पूरी संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्य करें। हम सभी चाहते हैं कि बिहार देश के 05 अग्रणी विकसित राज्यों में शामिल हो। बैठक में राज्य के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह, सभी संबंधित विभागों के अपर मुख्य सचिव/ प्रधान सचिव/सचिव, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी डॉ. गोपाल सिंह एवं मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह उपस्थित थे।

### युवक की हत्या के बाद ग्रामीणों ने किया सड़क जाम



**सारण।** जिले के रिवीलगंज थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है जहाँ जखुआ गांव निवासी रोहित यादव नामक युवक जिसकी उम्र लगभग 25 वर्ष की बेरहमी से गला रेतकर हत्या कर दी गई। इस हत्या की खबर फैलते ही इलाके में तनाव फैल गया। आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने मुकरेरा के पास सड़क जाम कर दिया और हत्यारों की तत्काल गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार के लिए न्याय की मांग की। परिजनों का कहना है कि हत्या के पीछे साजिश है और दोषियों को जल्द से जल्द पकड़ा जाना चाहिए। सड़क जाम के कारण आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस बल मौके पर पहुँचा और भीड़ को शांत कराने का प्रयास किया। पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि हत्या के कारणों और संलिप्त लोगों की पहचान के लिए हर एंगल से जांच की जा रही है।

### घर मे अकेले रह रहे व्यक्ति की जघन्य हत्या



**सारण।** छपरा मांझी नगर पंचायत के दक्षिण टोला में सुबह एक हृदय विदारक हुई घटना के कारण दहशत में डूब गया,जहां 55 वर्षीय सूरज प्रसाद नामक व्यक्ति की संदिग्ध और अत्यंत क्रूर परिस्थितियों में मौत हो गई। उनकी दर्दनाक मौत ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है।मृतक सूरज प्रसाद अपने घर में अकेले रहते थे जबकि उनका परिवार छपरा में रहता है। भतीजा पंकज ने बताया कि उनका शव बिस्तर के नीचे अत्यंत दर्दनाक हालत में पड़ा मिला। पंकज और ग्रामीणों के अनुसार मृतक के शरीर पर कई गंभीर निशान पाए गए हैं, जो किसी जघन्य आपराधिक कृत्य की ओर इशारा करते हैं। इसके अलावा उनके निजी अंगों के साथ क्रूरता किए जाने की भी गंभीर आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही मांझी थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है और मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है। मांझी थाना पुलिस ने आम जनता से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि या जानकारी को तुरंत पुलिस तक पहुंचाने की अपील की है। पुलिस का कहना है कि यह एक गंभीर मामला है और जल्द ही इस क्रूर घटना के पीछे के दोषियों का पदार्फाश कर अपराधियों को कठोर सजा दिलाई जाएगी।

### हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला का समापन आज

**सारण।** एशिया के सबसे बड़े और विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला का भव्य समापन समारोह आज जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस समारोह के साथ ही एक महीने तक चलने वाले इस ऐतिहासिक उत्सव का सफलतापूर्वक समापन आज शाम पांच बजे हो जाएगा। समापन समारोह के कार्यक्रम मे सूबे के पर्यटन- सह- कला संस्कृति विभाग मंत्री अरुण शंकर प्रसाद, मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उनके द्वारा इस मेले के समापन की आधिकारिक घोषणा और उपस्थित जनसमूह को संबोधित भी करेंगे । समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में स्थानीय सांसद राजीव प्रताप रूडी और सांसद जनार्दन सिंह सीग्रीवाल की भी उपस्थित रहने की संभावना है। इनके अलावा बिहार विधान परिषद और बिहार विधान सभा के कई सदस्यगण, स्थानीय जनप्रतिनिधि और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनेंगे। समापन समारोह के अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया होगा,जिसका मुख्य अतिथि सहित सभी उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने आनंद लेंगे। इस दौरान, जिला प्रशासन ने मेले के सफल आयोजन में उत्कृष्ट व्यवस्था और अमूल्य योगदान देने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को सम्मानित भी करेगा। जिला प्रशासन के कुशल नेतृत्व में इस वर्ष का सोनपुर मेला अपने पारंपरिक पशु बाजार, मनमोहक लोक कलाओं, और आधुनिक प्रदर्शनियों के लिए एक बार फिर से सफल रहा।

# मवेशी बांधने को लेकर दो गुटों में विवाद, महिला समेत चार लोग जख्मी

एजेंसी

**भागलपुर।** जिले के हबीबपुर थाना क्षेत्र के दक्षिण टोला वार्ड नंबर 7 में बुधवार को मवेशी बांधने को लेकर दो गुटों में मारपीट हो गई। इस घटना में महिला समेत चार लोग जख्मी हैं। बताया जा रहा है कि मवेशी बांधने को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद शुरू हुआ था। इसी दौरान एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के लोगों पर कुल्हाड़ी और रॉड से हमला कर घायल कर दिया।



मारपीट का आरोप मोहम्मद इरशाद के बेटे हुसैन, हसनैन और कैनन पर लगाया गया है। सभी घायलों को पुलिस ने इलाज के लिए मायागंज अस्पताल में भर्ती करवाया है, जहाँ उनका उपचार चल रहा है। घटना में घायल लोगों की पहचान मोहम्मद शारिक (23), मोहम्मद शमीके(41) मोहम्मद नवी (45) और निम्मी (17) के रूप में हुई है। घायल शमीम ने बताया कि आरोपी के घर 6 तारीख को उनकी बहन की शादी थी। शादी समारोह में शराती और बाराती के बीच मारपीट हुई थी। इसके बाद जब हम लोगों ने उसका सपोर्ट नहीं किया तो उन्होंने हमें निशाना बनाना शुरू कर दिया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर निकाली गई जागरूकता रैली

एजेंसी

**भागलपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार भागलपुर द्वारा 13 दिसंबर को जिले में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह लोक अदालत भागलपुर व्यवहार न्यायालय परिसर, नवगछिया अनुमंडल न्यायालय और कहलगांव अनुमंडल न्यायालय परिसर में एक साथ आयोजित होगी।? इस लोक अदालत में श्रम विवाद, बिजली बिल मामले, राजस्व से जुड़े मुद्दे, सहित न्यायालय में लंबित कई प्रकार के वादों का त्वरित निपटारा किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के उद्देश्य से बुधवार को भागलपुर व्यवहार न्यायालय परिसर से जिला जज धर्मेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में एक जागरूकता रैली निकाली गई। जिला जज ने हरी झंडी दिखाकर इस रैली को रवाना किया। जिसमें कई न्यायाधीश और न्यायालय कर्मचारी शामिल हुए। इस मौके पर जिला जज ने बताया कि यह राष्ट्रीय लोक अदालत इस वर्ष की चौथी लोक अदालत है। जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों को उनके मामलों का आसान, सुलभ और त्वरित समाधान उपलब्ध कराना है।

# गंगा की धारा में सुधार कार्य शुरू, आईडब्ल्यूएआई टीम ने संभाला मोर्चा

एजेंसी

**भागलपुर।** जिले के नाथनगर प्रखंड के अजमेरीपुर बैरिया में गंगा की जलधारा को सुचारू बनाने और जलस्तर बढ़ाने के उद्देश्य से भारतीय अंतदेर्शीय जलमार्ग प्राधिकरण ने कार्य शुरू कर दिया है। अंचलाधिकारी और नाथनगर पुलिस की मौजूदगी में इन्लैंड वाटर सर्वे विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर तकनीकी प्रक्रिया की शुरूआत की। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्य गंगा की धारा को मोड़ने के लिए नहीं बल्कि घाटों तक पानी की गहराई बढ़ाने और जलप्रवाह को व्यवस्थित करने के लिए किया जा रहा है। गंगा में जमा सिल्ट हटाए जाने से जलधारा पहले की




तुलना में अधिक सुचारू होगी और शहर के विभिन्न इलाकों में पेयजल की उपलब्धता में सुधार देखने को मिलेगा। इंटेक वेल तक पानी की कमी को ध्यान में रखते हुए यह कदम बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। कार्य पूर्ण होने के बाद फ्रेश पानी सीधे इंटेक वेल तक पहुंचेगा जिससे भागलपुर शहर में पेयजल आपूर्ति बेहतर होगी और पानी का स्तर भी स्थिर रहेगा। स्थानीय घाटों तक पानी नहीं पहुंचने की समस्या भी इस प्रक्रिया से दूर होगी। जलगति विशेषज्ञों के अनुसार गहराई बढ़ने से बड़े जहाजों की आवाजाही भी सुगम होगी जिससे जिले को परिवहन और व्यापार के क्षेत्र में लाभ मिलने की संभावना है। अधिकारियों ने पुनः स्पष्ट किया कि गंगा की मूल धारा में कोई बदलाव नहीं किया जा रहा बल्कि केवल आवश्यक स्थानों पर गहराई बढ़ाई जा रही है। इससे घाट, मंदिर क्षेत्र और तटवर्ती इलाकों में पानी का स्तर स्थिर और बेहतर रहेगा जिससे स्थानीय लोगों को सीधा लाभ पहुंचेगा।

# पलासी थाना से एसपी ने शुरू किया पुलिस जन संवाद कार्यक्रम

एजेंसी

**अररिया।** जन समस्याओं को शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार से अररिया एसपी अंजनी कुमार ने एक विशेष पहल शुरू की।जहां पुलिस और जनता के बीच स्वस्थ सामंजस्य तैयार करने को लेकर जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसमें दर्जनों फरियादियों ने सीधे तौर पर एसपी अंजनी कुमार के समक्ष अपनी फरियाद रखी। इससे पहले एसपी के पलासी थाना पहुंचने पर पुलिस बल द्वारा उन्हें गॉड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया। यह आयोजन न केवल पुलिस विभाग की परंपरा और अनुशासन का प्रतीक बना, बल्कि आम जनता के बीच पुलिस के प्रति विश्वास को भी मजबूत करता नजर आया। जनता दरबार में पलासी और आसपास के क्षेत्रों से



बड़ी संख्या में फरियादी पहुंचे। जमीन विवाद, पारिवारिक कलह, घरेलू हिंसा, मारपीट, आपराधिक मामलों और अन्य स्थानीय समस्याओं को लेकर लोगों ने सीधे एसपी के समक्ष अपनी बात रखी। एसपी अंजनी कुमार ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और कई मामलों में मौके पर ही समाधान के निर्देश दिए। कुछ जटिल मामलों में संबंधित थानाध्यक्ष एवं पदाधिकारियों को निष्पक्ष और त्वरित जांच कर कार्रवाई सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया। मौके पर एसपी अंजनी कुमार ने कहा कि जन समस्याओं का समाधान पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। किसी भी फरियादी के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पुलिसकर्मियों को संवेदनशीलता और पारदर्शिता के साथ काम करने की नसीहत भी दी।एसपी ने बताया कि जनसंवाद का यह कार्यक्रम सभी थाना में आयोजित किया जाएगा।पहली कड़ी में पलासी के बाद 12 दिसम्बर को भरगामा,17 दिसम्बर को घूरना,19 दिसम्बर को अररिया नगर,21 दिसम्बर को नरपतगंज,24 दिसम्बर को फारबिसगंज और 29 दिसम्बर को रानीगंज थाना में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

# नालंदा जिले में सीवीआर एन का मॉक अभ्यास सत्र संपन्न

एजेंसी

**नालंदा।** नालंदा जिला अग्निशमन कार्यालय बिहारशरीफ परिसर में जिला आपदा प्रबंधन के तत्वावधान में आज बुधवार को सीवीआर एन का मॉक अभ्यास सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। यह अभ्यास जिला आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। अभ्यास के दौरान एनडीआर एफ द्वारा एक सीवीआर एन आपदा की काल्पनिक स्थिति प्रस्तुत की गई, जिसमें इमरजेंसी इनफोर्मैस पैनल ह्यआधारित कमांड एवं नियंत्रण व्यवस्था का प्रदर्शन किया गया। अभ्यास में यह प्रदर्शित किया गया कि सीवीआर एन घटना की स्थिति में त्वरित सूचना संप्रेषण, वैज्ञानिक



प्रतिक्रिया तथा विभागीय समन्वय किस प्रकार सुनिश्चित किया जाता है। इस मौके पर एनडीआरएफ ने विभिन्न चरणों—पहचान, शुद्धिकरण, राहत एवं प्राथमिक वर्गीकरण, सुरक्षा प्रक्रियाएँ का प्रस्तुतीकरण किया और बताया कि किसी भी सीवी आर एन घटना में प्रथम प्रतिक्रिया सबसे महत्वपूर्ण होती है।

अभ्यास सत्र में आयुध निर्माण, यातायात पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन सेवा, आपदा प्रबंधन एवं नालंदा समाहरणालय के कर्मियों ने सक्रिय भागीदारी की। प्रतिभागियों ने विभागीय प्रतिक्रिया, समन्वय, संसाधन अंतराल और सुधारात्मक उपायों पर विस्तृत चर्चा की।इस कार्यक्रम में उप-कमांडेंट एनडीआरएफ 9वी बटालियन बिहटा, पटना, प्रभारी पदाधिकारी, आपदा प्रबंधन, तथा सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी नालंदा, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# लोकसभा में राहुल पर भड़के शाह, चर्चा का दिया जवाब

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में एसआईआर और चुनाव सुधार पर हुई चर्चा के दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा उठाए गए अनेक सवालों का विस्तार से जवाब दिया। राहुल गांधी ने कहा था, कि हरियाणा में एक ही घर से 501 वोट डाले गए। यह आरोप राहुल गांधी ने 5 नवंबर 2025 को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में लगाया था, जिसे अमित शाह ने सदन में परमाणु बम जैसा बयान बताते हुए तंज कसा। केंद्रीय मंत्री शाह ने चुनाव आयोग का हवाला देते हुए कहा, कि राहुल गांधी जिन हाउस नंबर 265 की बात कर रहे हैं, वह कोई साधारण मकान नहीं है, बल्कि एक एकड़ में फैला हुआ पुश्तैनी प्लॉट है। उन्होंने बताया कि इस विशाल परिसर में कई रिश्तेदार परिवार एक ही जमीन पर अलग-अलग हिस्सों में रहते हैं। चूंकि इन सभी मकानों के लिए



अलग-अलग घर नंबर आवंटित नहीं किए गए थे, इसलिए मतदाता सूची में सभी का पता एक ही हाउस नंबर के रूप में दर्ज हो गया। यही वजह है कि उस पते पर बड़ी संख्या में मतदाता सूचीबद्ध हैं।

अमित शाह ने आगे यह भी स्पष्ट किया कि इस प्लॉट में रहने वाले परिवारों में से कुछ में तीन-तीन पीढ़ियाँ साथ रहती हैं, जिनके सदस्य कानूनी रूप से मतदाता सूची में दर्ज होने के योग्य हैं। उन्होंने कहा कि जब इसी पते के आधार पर हरियाणा में कांग्रेस की सरकारें चुनकर आईं, तब किसी ने इस नंबर पर सवाल नहीं उठाया। उन्होंने जोर देकर कहा, यह न कोई फर्जी घर है, न कोई फर्जी वोटर। यह पूरा मामला वोट चोरी का झूठा नैरेटिव बनाने की कोशिश मात्र है। गृह मंत्री ने मतदाता पंजीकरण की कानूनी प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के एक महत्वपूर्ण फैसले का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि 1995 के ह्यलालबाबू हुसैन बनाम मतदाता रजिस्ट्रेशन ऑफिसरह्ल मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया था कि रिटर्निंग ऑफिसर को यह अधिकार है कि वह मतदाता आवेदन पर यह सुनिश्चित करे कि आवेदक भारतीय नागरिक है और पते की सत्यता प्रमाणिक है। शाह ने कहा, यह नियम हमारा बनाया हुआ नहीं है, यह भारत की सर्वोच्च अदालत का फैसला है। हम सब इस प्रक्रिया से बंधे हुए हैं।

अमित शाह ने कहा कि चुनाव आयोग ने तथ्यों को साफ-साफ बताकर साबित कर दिया है कि राहुल गांधी का आरोप तथ्यों पर आधारित नहीं था। उन्होंने विपक्ष से आग्रह किया कि चुनावी प्रक्रियाओं पर बेबुनियाद संदेह पैदा करने के बजाय तथ्यात्मक और रचनात्मक चर्चा करें, क्योंकि निराधार आरोप लोकतांत्रिक संस्थाओं में जनता के विश्वास को कमजोर करते हैं।

# नेपाल : नए कस्टम कानून के विरोध में देशभर में कस्टम का कामकाज बंद

एजेंसी




**काठमांडू।** नए कस्टम कानून के विभिन्न प्रावधानों पर असहमति जताते हुए देशभर में कस्टम एजेंटों के पेनडाउन के कारण सभी कस्टम कार्यालय का कामकाज पूरी तरह बंद हो गया है। इसका सीधा असर आयात-निर्यात पर हो रहा है। गत शनिवार से लागू हुए नए कस्टम कानून में दंड-जुमार्ना कठोर होना, कागजात एवं जाँचझपास प्रक्रिया अव्यावहारिक होना जैसे कारणों का हवाला देते हुए एजेंटों ने मंगलवार सुबह से पूरे देश के कस्टम कार्यालयों में काम रोक दिया है। भंसार एजेन्ट महासंघ के आान पर जाँच-पास प्रक्रिया ठप होने से आयात-निर्यात गतिविधियाँ बाधित हो गई हैं। मंगलवार की वार्ता बिना किसी नतीजे के समाप्त होने के कारण आज बुधवार को भी आयात-निर्यात ठप है। कस्टम विभाग का कहना है कि विवादित प्रावधानों को संशोधित करने के लिए उच्च स्तर पर चर्चा आवश्यक है। दंड और कागजात सम्बन्धी प्रावधान कानूनी ढांचे पर आधारित होने के कारण इन्हें तुरंत संशोधित करना संभव नहीं है; इसके लिए आर्थिक कानून में संशोधन करना होगा। कस्टम विभाग के महानिर्देशक श्याम भण्डारी ने कहा, व्यावहारिक प्रकृति के विषयों का तुरंत समाधान किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में 82 लाख के 11 इनामी नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**मुंबई।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में बुधवार को 11 नक्सलियों पुलिस महानिदेशक रश्मि शुक्ला की मौजूदगी में आत्मसमर्पण कर दिया है। इनमें डिवीजनल कमेटी के सदस्य, प्लाटून कमेटी के सदस्य, एरिया कमेटी के सदस्य जैसे उच्च पदस्थ नक्सली शामिल थे और इन सभी पर 82 लाख रुपये का इनाम था। इनमें से चार माओवादी हथियारों के साथ और पूरी वर्दी में मौजूद थे। कार्यक्रम में कड़ी सुरक्षा रखी गई थी। पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने बताया कि नागपुर में नक्सलवादियों के आत्मसमर्पण के लिए गढ़चिरौली में पुलिस महानिदेशक रश्मि शुक्ला की अध्यक्षता में एकलव्य हाल में कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसमें रमेश उर्फ भीमा उर्फ बाजू लेकामी (डीवीसीएम ), भीमा उर्फ सीटू उर्फ किरण हिडमा कोवासी (डीवीसीएम ), पोरीये उर्फ लकी अदामा गोटा (पीपीसीएम), रतन उर्फ सन्ना मासु ओयाम (पीपीसीएम), कमला उर्फ रागो इरिया वेलाडी (पीपीसीएम), पोरीये उर्फ कुमारी भीमा वेलाडी (एसीएम), रामजी उर्फ मुरा लच्छू पुंगाटी (एसीएम),सोनू पोडियाम उर्फ अजय, प्रकाश उर्फ पांडू पुंगाटी, सीता उर्फ जैनी टोंडे पालो और साईनाथ शंकर माडे (एओबी दलम) 11 इनामी नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया।

### डीजीसीए का इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स को समन

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो के हालिया संकट के बाद अब नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने कंपनी के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। डीजीसीए ने इंडिगो के मुख?य कार्यपालक अधिकारी सीईओ पीटर एल्बर्स को गुरुवार दोपहर 3 बजे पेश होने के लिए तलब किया है। विमानन नियामक डीजीसीए ने बुधवार को जारी एक आदेश में एयरलाइन के सीईओ पीटर एल्बर्स को 11 दिसंबर को दोपहर 3 बजे तक विस्तृत रिपोर्ट के साथ पेश होने का निर्देश दिया है। इंडिगो के सीईओ ने इससे पहले डीजीसीए से एक दिन का अतिरिक्त वक्त मांगा था, जिसे मंजूर करते हुए डीजीसीए ने स्पष्ट किया है कि अब किसी भी तरह की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# हार की खीज उतारने को चुनाव आयोग पर आरोप लगा रही कांग्रेस : रविशंकर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बिहार के पटना साहिब से लोकसभा सदस्य रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस राज्य विधानसभा चुनाव में अपनी हार की खीज उतारने के लिए चुनाव आयोग पर आरोप लगा रही है। उन्होंने एसआईआर का समर्थन करते हुए कहा कि चुनाव आयोग के पास मतदाता सूची को शुद्धिकरण करने का पूरा अधिकार है। रविशंकर ने लोकसभा में चुनाव सुधार पर लगातार दूसरे दिन बुधवार को जारी चर्चा के दौरान कांग्रेस सदस्य केसी वेणुगोपाल के लोकसभा में दिए वक्तव्य पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि उनके मामले में प्रतिवादी होने के कारण उन्हें अपनी बात सदन में रखने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने मांग की कि वेणुगोपाल के वक्तव्य को सदन की कार्यवाही से हटाया जाना चाहिए। उनके वक्तव्य के बाद पीठासीन अधिकारी ने कहा कि उनकी आपत्ति पर विचार किया जा रहा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर ने कहा कि जब कांग्रेस और अन्य दल चुनावों में




जीत दर्ज करें तब सब ठीक है और जब हार जायें तो चुनाव आयोग, ईवीएम पर दोष लगाया जाता है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की नियुक्ति प्रक्रिया में सीजेआई को शामिल करना अस्थाई प्रक्रिया थी जिसे सरकार ने कानून लाकर बदला है। उन्होंने कांग्रेस को याद दिलाया कि उनके कार्यकाल में सुप्रीम कोर्ट और चुनाव आयोग में किस प्रकार नियुक्ति होती थी। उन्होंने कहा कि नवीन चावला ने आपातकाल के दौरान संघ और स्वयंसेवकों को ऐसी जगह में जेल में रखवाया जहां छत गर्म होती थी ताकि वे परेशान हों। उसी नवीन चावला को पहले चुनाव आयुक्त बनाया गया। मुख्य चुनाव आयुक्त कुरैशी ने इसपर आपत्ति जताई और उसे नजरअंदाज करते हुए उन्हें मुख्य चुनाव आयुक्त बना दिया गया। रविशंकर ने कहा कि बैलेट पेपर के जमाने में बूथ कैपचिंग होती थी। आज फिर से ईवीएम से बैलेट की ओर जाने के पीछे शायद वही मंशा है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के दो दर्जन से ज्यादा जजमेंट हैं जिसमें ईवीएम पर मोहर लगाई गई है। प्रसाद ने कहा कि बिहार में एसआईआर की प्रक्रिया चली, एक भी बीएलओ की मृत्यु नहीं हुई। प्रसाद ने इलेक्टोरल बांड का समर्थन किया और कहा कि भारत में गुप्त दान की परंपरा रही है। जहां तक फंडिंग का प्रश्न है तो जिसकी जितनी साख होती है उसे उतना ही फंड मिलता है।

## नेपाल-भारत ऊर्जा सहयोग पर संवाद : नेपाल के ऊर्जा मंत्री और भारतीय अतिरिक्त सचिव की बैठक

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल के ऊर्जा, जलस्रोत तथा सिंचाई मंत्री कुलमान घिसिंग और भारत के विदेश मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव मनु महावर के बीच मंगलवार को सिंहदरबार स्थित मंत्रालय में महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में नेपालझभारत के बीच ऊर्जा, जलस्रोत तथा सिंचाई क्षेत्र में सहयोग, बिजली व्यापार, प्रसारण लाइन विस्तार तथा भारत की सरकारी कंपनियों के निवेश में निमार्णाधीन परियोजनाओं की प्रगति सहित विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। इसके तहत द्विपक्षीय ऊर्जा व जलस्रोत संयंत्रों की बैठक आयोजित करने, महाकाली सिंचाई (तीसरा चरण) की नहर से शुष्क मौसम में नेपाल की ओर पानी भेजने, भारतीय सरकारी कंपनियों द्वारा निमार्णाधीन 900 मेगावाट अरुण तृतीय और 669 मेगावाट लोअर अरुण जलविद्युत परियोजनाओं में वन भूमि उपयोग से जुड़ी समस्याओं के समाधान, नेपाल से भारत को अतिरिक्त बिजली निर्यात की स्वीकृति तथा शीतकाल में बिजली आयात जैसे विषयों पर वार्ता हुई। ऊर्जा मंत्री घिसिंग ने बताया कि शीतकाल के कुछ महीनों के लिए आवश्यक बिजली आयात की स्वीकृति केवल दिसंबर के आखिरी सप्ताह तक ही मिली है इसलिए आगे के महीनों के लिए भी 24 घंटे बिजली आयात की अनुमति देने का आग्रह किया गया है। उन्होंने भारत के डे-अहेड और रियल टाइम मार्केट में बिजली निर्यात के दौरान हर वर्ष नई स्वीकृति लेने की अनिवार्यता को समाप्त कर एक बार स्वीकृति मिलने के बाद पुनः स्वीकृति न लेनी पड़े, ऐसा प्रावधान करने का अनुरोध किया।

## नेपाल आम चुनाव में हिस्सा लेने के लिए 100 दलों ने निर्वाचन आयोग में कराया पंजीकरण

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल में अगले साल 5 मार्च को होने वाले संसदीय चुनावों में हिस्सा लेने के लिए कुल 100 राजनीतिक दलों ने निर्वाचन आयोग में आवेदन दायर किया है। निर्वाचन आयोग ने बताया कि पंजीकरण की अंतिम तिथि समाप्त होने तक कुल 100 दलों ने आवेदन जमा किए। आवेदक दलों में संयुक्त चुनाव चिन्ह प्रयोग करने वाले दल और अपने अलग-अलग चुनाव चिन्ह वाले दल दोनों शामिल हैं। आयोग ने कहा कि आवश्यक समीक्षा प्रक्रिया पूरा करने के बाद 12 दिसंबर तक इन आवेदनों को अंतिम रूप देकर स्वीकृत किया जाएगा। आयोग की चुनाव समयसीमा के अनुसार दलों को 28 और 29 दिसंबर को आनुपातिक प्रणाली के लिए अपनी बंद सूची जमा करनी होगी। सत्यापन के बाद 18 जनवरी को प्रारंभिक सूची प्रकाशित की जाएगी, जबकि आपत्तियों, दावों और आवश्यक जाँच के बाद अंतिम सूची 3 फरवरी को जारी होगी।

## बिना ट्रैफिक रोके पहली बार हो रहा है स्टेशन पुनर्विकास : रेल मंत्री

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रेलवे स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं से जुड़े प्रश्नों पर लोकसभा में चर्चा के दौरान रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि स्टेशन पुनर्विकास अत्यंत जटिल प्रक्रिया है, जिसमें ट्रैफिक रोके बिना बड़े स्तर पर निर्माण कार्य करना शामिल है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आजादी के बाद पहली बार इस तरह का व्यापक स्टेशन रीडेवलपमेंट कार्य हाथ में लिया गया है। उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ से समाजवादी पार्टी (सपा) के सदस्य धर्मेंद्र यादव द्वारा पूछे गए प्रश्न पर मंत्री ने कहा कि देश में स्टेशन विकास एक नई तरह की चुनौती है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि चंडीगढ़ जैसे




स्टेशनों पर भारी निर्माण कार्य चल रहा है, लेकिन ट्रैफिक को बंद नहीं किया गया। जबकि कई देशों में स्टेशन पुनर्विकास के दौरान तीन-चार वर्षों तक ट्रैफिक रोक दिया जाता है, परंतु भारत में भारी यातायात के चलते ऐसा संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां मैसिव ट्रैफिक और मूवमेंट के बीच सेफ्टी को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए रीडेवलपमेंट का काम किया जा रहा है। यह नया अनुभव है और पहली बार इतने बड़े पैमाने पर ऐसा कार्य हो रहा है, इसलिए सभी सुझावों का स्वागत है। सांसदों से किसी भी सुधार के सुझाव पर हम तुरंत कार्रवाई करेंगे। इस दौरान केरल के एनार्कुलम से कांग्रेस सांसद हैबी ईडन के प्रश्न पर मंत्री ने कहा कि स्टेशनों से जुड़े सभी परिवहन मोड-बस, मेट्रो और अन्य को स्टेशन डिजाइन में एकीकृत करना अमृत भारत स्टेशन योजना का मुख्य सिद्धांत है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि नई दिल्ली स्टेशन के पुनर्विकास में डीटीसी बसें, मेट्रो और सड़क परिवहन सभी को एक-दूसरे से समन्वित रूप में जोड़ा जा रहा है। मंत्री ने आश्वासन दिया कि एनार्कुलम स्टेशन के मास्टर प्लान में उठाए गए बिंदु की वह स्वयं समीक्षा करेंगे और संबंधित सांसद को विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराएंगे।

### ऑस्ट्रेलिया में 6 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए फेसबुक व इंस्टा के इस्तेमाल पर पाबंदी

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए कुछ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के इस्तेमाल पर बुधवार से पाबंदी प्रभावी हो गई है। फेसबुक और इंस्टा सहित ऐसे 10 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ब्लॉक किए गए हैं। इससे पहले मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने नये कानून को समर्थन के लिए राज्यों और स्थानीय नेताओं का आभार जताते हुए कहा कि इससे बचपन को सुरक्षित किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि इस सुधार के प्रभावी बनाने के लिए आगे कुछ बदलाव की जरूरत हो सकती है। प्रधानमंत्री अल्बनीज का कहना है कि बच्चों परे सोशल मीडिया के नकारात्मक असर को रोकने के लिए कदम उठाना जरूरी था।इससे बच्चों के स्वास्थ्य और उनके मानसिक विकास पर बुरा असर पड़ रहा था। उनके एक्स हैंडल पर जारी वीडियो संदेश में उन्होंने इसे एतिहासिक बताते हुए कहा कि यह वह दिन है जब ऑस्ट्रेलियाई परिवार प्रौद्योगिकी कंपनियों से एकाधिकार वापस लेकर अपने बच्चों के बचपन को सुरक्षित कर रहे हैं। नवंबर, 2024 में फेडरल पार्लियामेंट में पास हुए कानूनों के तहत कुछ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को 16 साल से कम उम्र के बच्चों को अकाउंट बनाने से रोकने के लिए अनिवार्य रूप से उचित कदम उठाने होंगे।शुरूआत में जिन 10 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पाबंदी लगाई गई है उनमें फेसबुक, इंस्टाग्राम, स्नैपचैट, थ्रेड्स, टिकटॉक, एक्स शामिल हैं। जरूरत पड़ने पर पाबंदी वाले सोशल साइट्स की संख्या बढ़ाई जा सकती है। प्रतिबंधों का उल्लंघन करने पर न तो बच्चे और न ही उनके माता-पिता को सजा दी जाएगी। इसे लागू करने की पूरी जिम्मेदारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर होगी। इसका उल्लंघन करने वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर 49.5 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (करीब 295 करोड़ रुपये) तक का जुमार्ना लगाया जाएगा। इसे लागू करने से पहले सरकार ने इसे लेकर अध्ययन कराया था जिसमें इसके प्रभावी बनाने के तौर-तरीकों की जांच परख की गई थी। ऑस्ट्रेलिया में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया इस्तेमाल पर पाबंदी को लेकर बनाए गए कानून ने दुनिया भर का ध्यान खींचा है। दुनिया के कई देश इस समस्या से जूझ रहे हैं और ऑस्ट्रेलिया में लाए गए इस कानून के बाद न्यूजीलैंड और नीदरलैंड ने भी ऐसा ही कानून लाने की तैयारी शुरू कर दी है।

### न्यायिक जांच आयोग में अदालत का हस्तक्षेप उचित नहीं- सुप्रीम कोर्ट को प्रधानमंत्री का दो टूक जवाब



**काठमांडू।** प्रधानमन्त्री सुशीला कार्की ने सर्वोच्च अदालत में स्पष्ट किया है कि जेन जी आन्दोलन की जांच के लिए गठित आयोग के कार्य में अदालत द्वारा हस्तक्षेप किया जाना उचित नहीं होगा। अधिवक्ता विपिन ढकाल ने गौरी बहादुर कार्की की अध्यक्षता वाले जांच आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए इसकी कार्यवाही रोकने की मांग के साथ सर्वोच्च अदालत में रिट दायर की थी। रिट पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए अदालत ने प्रधानमंत्री सुशीला कार्की से लिखित जवाब मांगा था। अपने जवाब में प्रधानमंत्री कार्की ने कहा है कि किसी भी आयोग का गठन, पुनर्गठन, पदाधिकारियों की नियुक्ति या हटाना, विस्तार या विघटन करना- यह सम्पूर्ण अधिकार नेपाल सरकार के अधीन है। प्रधानमन्त्री के लिखित जवाब में कहा गया है, कार्यपालिका के ऐसे नीतिगत एवं कार्यकारी अधिकारों में सम्मानित अदालत से हस्तक्षेप अपेक्षित नहीं है और न ही कोई आदेश जारी किया जाना चाहिए। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया है कि जांच आयोग के अध्यक्ष गौरीबहादुर कार्की और सदस्य विज्ञान राज शर्मा ने जांच के विषयों पर अपने विचार सार्वजनिक कर दिए हैं, जिससे उनके पूर्वाग्रह स्पष्ट होते हैं। इसी कारण उन्होंने आयोग की कार्यवाही रोकने की मांग की है। प्रधानमन्त्री कार्की के अनुसार, जाँच आयोग केवल दी गई जिम्मेदारियों पर अध्ययन, अनुसन्धान कर रिपोर्ट तैयार करने तक सीमित होता है और इसके निष्कर्ष बाध्यकारी भी नहीं होते। इसलिए इस प्रकार के आयोगों पर कठोर न्यायिक निष्पक्षता के मानदंड लागू नहीं होते। प्रधानमंत्री के जवाब में यह भी कहा गया है कि ऐसे मामलों में प्राकृतिक न्याय के कड़े नियम लागू नहीं होते, अतः अदालत को इस प्रक्रिया में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए।

**तिरूपति बालाजी मंदिर में आस्था के नाम पर एक और धोखाधड़ी, सिल्क के स्थान पर पॉलिएस्टर के दुपट्टे की आपूर्ति**

# सरकार ने राज्य भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को सौंपी जांच

**350 रुपये पॉलिएस्टर का दुपट्टा सिल्क का बताकर 1,300 में बेचा**

एजेंसी

**तिरुपति।** करोड़ों लोगों की आस्था से जुड़े तिरूपति बालाजी मंदिर में आस्था के नाम पर एक और धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। मंदिर में प्रसाद के तौर पर दिए जाने वाले दुपट्टे (अंगवस्त्रम) के लिए मलबेरी सिल्क फैब्रिक की जगह पॉलिएस्टर फैब्रिक सप्लाई की गई है। इसमें लगभग 54 करोड़ रुपये का घोटाला किया गया है। मंदिर प्रबंधन बोर्ड ने दुपट्टा आपूर्ति करने वाली कंपनी के मौजूदा सभी टेंडर रद्द कर दिए हैं और पूरे मामले की जांच राज्य भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को सौंप दी है। इससे पहले



मंदिर में प्रसाद के लड्डू के लिए मिलावटी घी की आपूर्ति और चढ़ावे की नकदी चोरी का भी मामला सामने आया था। आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने बुधवार को यहां मीडिया से वार्ता के दौरान तिरुमला तिरुपति देवस्थानम में हाल ही में रेशम कपड़े के बने दुपट्टा की आपूर्ति में हुए घोटाले पर जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि नकली सिल्क दुपट्टों के स्थान पर पॉलिएस्टर फैब्रिक सप्लाई कर लगभग 54 करोड़ रुपये का धोखाधड़ी सामने आई है। उन्होंने बताया कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के अधिकारियों ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। उपमुख्यमंत्री कल्याण ने बताया कि परकामनी (वह कोष जहां भक्तों के चढ़ावे की गिनती की जाती है) के मामले में कई लोगों ने गैर-कानूनी तरीके से काम किया है। तिरुमला के पराकामनी में करोड़ों रुपये का घोटाला सामने आया था है। यहां भक्तों के दान से मिली विदेशी मुद्रा के बड़े पैमाने पर दुरुपयोग के आरोप लगे थे। उन्होंने बताया कि तिरुमला बालाजी मंदिर में कुछ लोगों ने हमेशा अपनी मनमानी की है। अब यहां सिल्क के स्थान पर पॉलिएस्टर सप्लाई की बात सामने आई है। यह खुलासा तिरुमला तिरुपति बोर्ड और राज्य सरकार की सतर्कता से हुआ है। उन्होंने कहा कि अब पूरा सच पता चल जाएगा।

## कर्नाटक सरकार का स्पष्टीकरण, संघ के 518 पथ संचलनों में कहीं भी कानून-व्यवस्था नहीं हुई भंग

एजेंसी

**बेलगाम।** कर्नाटक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कार्यक्रमों और पथ संचलनों को अनुमति देने पर कांग्रेस नेताओं, विशेषकर मंत्री प्रियांक खरगे की आपत्तियों के बाद राज्य सरकार ने विधानसभा में विस्तृत स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया है। सरकार ने स्पष्ट कहा है कि इस वर्ष राज्य में निकाले गए 518 पथ संचलनों में से किसी भी कार्यक्रम से कानून-व्यवस्था की स्थिति पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा। विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक वी. सुनील कुमार की ओर से पूछे गए प्रश्न के लिखित उत्तर में राज्य के गृह मंत्री डॉ. जी. परमेश्वर ने बताया कि इन पथ संचलनों में दो लाख से अधिक स्वयंसेवकों ने भाग लिया, लेकिन इन आयोजनों के दौरान न तो तनाव बढ़ा और न ही किसी प्रकार की सांप्रदायिक अथवा सार्वजनिक अराजकता की स्थिति बनी। चित्तपुर में आरएसएस के पथ संचलन की अनुमति देने से इनकार करते हुए कलबुर्गी जिला प्रशासन ने कानून-व्यवस्था का हवाला दिया था। हालांकि सरकार ने अब स्पष्ट किया कि किसी भी जिले में आरएसएस कार्यक्रमों के कारण कोई कानून-व्यवस्था की समस्या नहीं हुई। कलबुर्गी, जो मंत्री प्रियांक खरगे का गृह जिला है, में इस वर्ष 51 पथ संचलन निकाले गए, जिनमें 6-7 हजार स्वयंसेवकों ने भाग लिया। राज्य सरकार के अनुसार, जिलावार पथ संचलनों की संख्या बेंगलुरु शहर में 97, उत्तर कन्नड़ में 45, बीदर में 41, बागलकोट में 33, शिवमोग्गा में 19, विजयपुरा में 18, बेलगाम में 17, तुमकुर, चित्रदुर्ग और चिक्कमगलुरु में 11-11, जबकि दक्षिण कन्नड़, उडुपी और रायचूर में 10-10 रही, लेकिन कहीं भी किसी प्रकार का तनाव नहीं बढ़ा।

# मेजर लीग सॉकर : लगातार दूसरी बार मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर बने लियोनेल मेसी

## लगातार दूसरी बार जीता एमवीपी का अवॉर्ड

एजेंसी

**मियामी।** अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने लगातार दूसरी बार मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) का मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर (एमवीपी) अवॉर्ड जीत लिया है। इंटर मियामी को एमएलएस खिताब दिलाने और लीग में सबसे ज्यादा गोल करने के शानदार प्रदर्शन के चलते मेसी को मंगलवार को यह सम्मान दिया गया। 38 वर्षीय मेसी लगातार दो बार एमएलएस एमवीपी बनने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। इसके साथ ही वह एमएलएस इतिहास में दो बार एमवीपी जीतने वाले केवल दूसरे खिलाड़ी हैं। इससे पहले यह उपलब्धि केवल प्रेकी ने हासिल की थी, जिन्होंने 1997 और 2003 में यह पुरस्कार जीता था।

मेसी ने इस सीजन के नियमित मुकाबलों में 29 गोल दागे और 19 गोल असिस्ट कर एमएलएस गोल्डन बूट अपने नाम किया। वह नियमित सत्र में गोल और असिस्ट दोनों में लीग का नेतृत्व करने वाले भी केवल दूसरे खिलाड़ी बने। इससे पहले यह कारनामा 2015 में टोरंटो एफसी के सेबास्टियन जियोविन्को ने किया था।

अक्टूबर में इंटर मियामी के साथ तीन साल का अनुबंध विस्तार करने वाले मेसी ने एमएलएस प्लेऑफ में भी शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने प्लेऑफ में 6 गोल किए और 9 असिस्ट दिए। पिछले सप्ताहांत खेले गए फाइनल में इंटर मियामी ने वैंकूवर को 3-1 से हराकर अपना पहला एमएलएस कप खिताब जीता। इस मुकाबले में मेसी ने दो महत्वपूर्ण असिस्ट किए और उन्हें एमएलएस कप एमवीपी भी चुना गया। यह पुरस्कार मेसी के पहले से भरे-पूरे ट्रॉफी कैबिनेट में एक और उपलब्धि जोड़ता है। उनके नाम रिकॉर्ड आठ बैलन डीऑर, तीन फीफा मेन्स बेस्ट प्लेयर अवॉर्ड, दो फीफा वर्ल्ड कप गोल्डन बॉल, तीन यूएफा मेन्स प्लेयर ऑफ द ईयर, छह यूरोपियन गोल्डन शू, छह ला लीगा बेस्ट प्लेयर अवॉर्ड और 15 बार अर्जेंटीना फुटबॉलर ऑफ द ईयर जैसे सम्मान दर्ज हैं।




### हीली ने इंग्लैंड टीम की तैयारियों पर उठाये सवाल

**ब्रिसबेन।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज इयान हीली ने एशेज टेस्ट सीरीज के पहले दोनो ही मैच में खराब प्रदर्शन के लिए इंग्लैंड क्रिकेट टीम की जमकर आलोचना की है। हीली ने कहा है कि इंग्लैंड टीम पूरी तैयारी के बिना ही एशेज में उतरी है। इसी कारण वह असफल हुईं है। इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि इंग्लैंड की कमजोर तैयारी, फिटनेस और रणनीति पर सवाल उठते हैं। उसके लचर खेल से एशेज का रोमांच कम हुआ है। ऐसा ही चला तो इस सीरीज का महत्व कम हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड टीम अपनी कमजोरियों के चलते ही ऑस्ट्रेलियाई हालातों में संघर्ष करती दिखी है। पर्थ और ब्रिस्बेन दोनों में ही उसके बल्लेबाज और गेंदबाज प्रभावित नहीं कर पाये। अब उसके लिए सीरीज बचाना भी संभव नजर नहीं आता। हीली के अनुसार गलत फैसले और पर्याप्त अभ्यास नहीं होने से टीम को नुकसान हुआ है। पर्थ टेस्ट में हार के बाद इंग्लैंड टीम ने सोचा था थी कि ब्रिस्बेन में वह वापसी करेगी पर ऐसा नहीं हुआ।

## पाकिस्तान में भी छाये हैं अभिषेक, सबसे अधिक सर्च किये गये




**लाहौर।** भारतीय टीम के युवा आक्रामक बल्लेबाज अभिषेक शर्मा अपनी धमाकेदार बल्लेबाजी के कारण पड़ौसी देश पाकिस्तान में भी छाये हैं। इसका अंदाजा इसी से होता है कि पाकिस्तान में 2025 में सबसे ज्यादा जिस खिलाड़ी को लोगों ने इंटरनेट पर सर्च किया है। वह बाबर आजम, शहीन अफरीदीद या हारिस रऊफ नहीं बल्कि अभिषेक हैं। यहां तक कि भारत के ही विराट कोहली और रोहित शर्मा भी अभिषेक से पीछे रहे गये हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार अभिषेक को भारत से भी अधिक पाक में सर्च किया गया। इसका कारण एशिया कप को माना जा रहा है जिसमें अभिषेक ने सेमीफाइनल तक विस्फोटक पारियां खेली थीं। एशिया कप फाइनल में भारतीय टीम ने पाक को हराया था। एशिया कप में अभिषेक ने आक्रामक बल्लेबाजी की थी। पाकिस्तान के खिलाफ लीग मुकाबलों में भी उन्होंने जमकर रन बनाये थे हालांकि फाइनल में वह शुरूआत में ही आउट हो गये थे। हैरानी की बात ये है कि सर्च किये गये शीर्ष दस खिलाड़ियों को बाबर और शाहीन का नाम नहीं है। पाकिस्तान में 2025 में सबसे ज्यादा सर्च किए गए खिलाड़ियों की शीर्ष 10 की लिस्ट में बाबर आजम, शाहीन शाह अफरीदी और हारिस रऊफ जैसे खिलाड़ी जगह नहीं पा सके हैं।पाक में सबसे अधिक सर्च किये गये दूसरे खिलाड़ी हसन नवाज, तीसरे इरफान खान व चौथे साहिबजादा फरहान और पांचवें मुहम्मद अब्बास हैं। पाकिस्तान में सफलता के साथ-साथ भारत में भी अभिषेक ने तीसरा स्थान हासिल किया। भारत में 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी सबसे ज्यादा सर्च हुए। भारत की टॉप-10 सूची में ज्यादातर क्रिकेटर शामिल थे, जिसमें महिला क्रिकेटर जेमिमा रोड्रिग्स ने भी अपनी जगह बनाई।

### घरेलू धरती पर एकदिवसीय विश्वकप खेलना चाहते हैं मिलर

**जोहांसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के आक्रामक बल्लेबाज डेविड मिलर ने कहा है कि वह अपनी धरती पर होने वाले 2027 एकदिवसीय विश्वकप को खेलना चाहते हैं। मिलर ने कहा है कि अभी तक इस मामले में उनकी मुख्य कोच शुक्रि कॉनराड के साथ बात नहीं हुई है। मिलर का मानना है कि उनके अनुभवों से टीम को विश्वकप में लाभ हो सकता है। उन्होंने माना है कि पिछले कुछ समय में टीम में कई नए खिलाड़ी आए हैं, इसलिए चयन होना आसान नहीं है पर वह अपनी भूमिका को लेकर स्पष्ट बातचीत करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, चयन की कोई गारंटी नहीं होती पर आने वाले समय में खेलने को लेकर वह बात करेंगे और देखेंगे कि चीजें किस ओर जा रही हैं। मिलर के अनुसार उनका ध्यान फिटनेस और मानसिक मजबूती पर रहेगा। मिलर ने पिछली बार एकदिवसीय में न्यूजीलैंड के खिलाफ 67 गेंदों पर नाबाद 100 रनों की पारी खेली थी। उसके बाद हालांकि चोटिल होने और नए खिलाड़ियों के आने से वह टीम में जगह नहीं बना पाये पर अब वह अपनी फिटनेस पर ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं 36 साल का हूं, अब मुझे ट्रेनिंग में ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। मैं अपनी फिटनेस और मानसिक मजबूती पर काम कर रहा हूं। जिससे दबाव में मैं अब ज्यादा स्पष्ट और शांत रहता हूं जो टीम के लिए फायदेमंद रहेगा।

# कोहली वनडे रैंकिंग में दूसरे नंबर पर पहुंचे, रोहित शर्मा शीर्ष पर बरकरार

## विराट कोहली एक बार फिर दुनिया के सर्वश्रेष्ठ वनडे बल्लेबाज बनने की ओर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के वरिष्ठ बल्लेबाज विराट कोहली एक बार फिर दुनिया के सर्वश्रेष्ठ वनडे बल्लेबाज बनने की ओर मजबूती से बढ़ रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) की ओर से बुधवार को जारी ताजा मेंस वनडे प्लेयर रैंकिंग में कोहली ने दो स्थान की छलांग लगाते हुए दूसरा स्थान हासिल कर लिया है, जबकि रोहित शर्मा नंबर-1 की कुर्सी पर बने हुए हैं।




कोहली ने पाकिस्तान के बाबर आजम के हाथों अप्रैल 2021 में वनडे बल्लेबाजों की नंबर-1 रैंकिंग गंवाई थी, लेकिन अब वह एक बार फिर शीर्ष स्थान के बेहद करीब पहुंच गए हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में शानदार प्रदर्शन के बाद कोहली को रैंकिंग में बड़ा फायदा मिला। 37 वर्षीय कोहली ने सीरीज में कुल 302 रन बनाए और उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया।

सीरीज के आखिरी मुकाबले में विशाखापत्तनम में खेली गई नाबाद 65 रन की पारी के दम पर कोहली अब रोहित शर्मा से सिर्फ आठ रेटिंग अंकों पीछे हैं। वहीं रोहित शर्मा ने सीरीज में 146 रन बनाकर अपनी नंबर-1 पोजिशन बरकरार रखी। रोहित के 781 रेटिंग अंक हैं, जबकि कोहली के 773 रेटिंग अंक हैं। भारतीय टीम अब 11 जनवरी से न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलेगी, जहां कोहली और रोहित के बीच नंबर-1 स्थान की रेस पर सभी की निगाहें टिकी रहेंगी।

भारतीय टीम के अन्य खिलाड़ियों को भी ताजा रैंकिंग में फायदा हुआ है। विकेटकीपर-बल्लेबाज केएल राहुल दो स्थान ऊपर चढ़कर 12वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में तीन स्थान की छलांग लगाकर तीसरे नंबर पर पहुंच गए, जो इस सूची में सबसे बड़ा फायदा है। दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों ने भी रैंकिंग में सुधार किया है। क्विंटन डी कॉक 13वें, एडेन मार्कराम 25वें और टेम्बा बावुमा 37वें स्थान पर पहुंच गए हैं। सीरीज भारत ने 2-1 से अपने नाम की थी।

टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में भी बदलाव देखने को मिला है। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच सीरीज के पहले मैच के बाद प्रोटियाज के युवा बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस तीन स्थान ऊपर चढ़कर आठवें नंबर पर पहुंच गए हैं। वहीं भारत के गेंदबाजों में अक्षर पटेल 13वें, अर्शदीप सिंह 20वें और जसप्रीत बुमराह 25वें स्थान पर पहुंच गए हैं। गेंदबाजों की टेस्ट रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने जबरदस्त छलांग लगाई है।

## प्रीति झंगियानी स्पोर्ट्र्स महिला बिजनेस लीडर ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पीपल्स आर्मरेसलिंग फेडरेशन इंडिया (पीएएफआई) की अध्यक्ष, एशियन आर्मरेसलिंग फेडरेशन (एएएफ) की उपाध्यक्ष और प्रो पंजा लीग की सह-संस्थापक प्रीति झंगियानी को तीसरे सीआईआई स्पोर्ट्स बिजनेस अवॉर्ड्स 2025 में प्रतिष्ठित स्पोर्ट्स बिजनेस लीडर ऑफ द ईयर (महिला) पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह भव्य समारोह 9 दिसंबर को नई दिल्ली स्थित एक होटल में आयोजित किया गया, जो सीआईआई स्कोरकार्ड 2025 के 10वें संस्करण के साथ हुआ। इस वर्ष का मुख्य विषय वन नेशन, वन स्पोर्ट विजन रहा। सीआईआई स्पोर्ट्स बिजनेस अवॉर्ड्स देश के सबसे प्रतिष्ठित खेल व्यवसाय सम्मान समारोहों में गिने जाते हैं, जहां खेल जगत में नेतृत्व,




नवाचार और प्रभाव को मान्यता दी जाती है। इससे पहले यह सम्मान जय शाह, नीता अंबानी, पार्थ जिंदल और वीटा दानी जैसी नामी हस्तियों को मिल चुका है। अब यह सम्मान प्रीति झंगियानी को भारतीय आर्मरेसलिंग को वैश्विक मंच पर मजबूती से स्थापित करने के लिए दिया गया है। जूरी ने सर्वसम्मति से प्रीति झंगियानी को भारतीय आर्मरेसलिंग के विकास में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए चुना। पीएएफआई के जरिए उनके दूरदर्शी नेतृत्व, एएएफ में उनकी अहम भूमिका और प्रो पंजा लीग के दूसरे सीजन की शानदार सफलता ने खेल को एशिया में नई पहचान दिलाई है। देशभर में संरचित प्रतियोगिताओं का आयोजन, उभरती प्रतिभाओं की खोज और उन्हें निखारने की दिशा में किए गए प्रयासों से खिलाड़ियों के लिए एक मजबूत विकास प्रणाली तैयार हुई है, जिससे भारतीय आर्मरेसलिंग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई ऊंचाइयां मिली हैं। इस समारोह में अन्य पुरस्कार विजेताओं में राजस्थान रॉयल्स के मालिक मनोज बदाले को स्पोर्ट्स बिजनेस लीडर ऑफ द ईयर (पुरुष) चुना गया।

# अगले साल 16 फरवरी से शूटिंग लीग ऑफ इंडिया का आगाज

## बहुप्रतीक्षित शूटिंग लीग ऑफ इंडिया (एसएलआई) का आयोजन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बहुप्रतीक्षित शूटिंग लीग ऑफ इंडिया (एसएलआई) का आयोजन 16 से 26 फरवरी 2026 तक किया जाएगा। यह घोषणा पहले किए गए उस ऐलान के बाद हुई है, जिसमें लीग के उद्घाटन सत्र को वर्ष 2026 की शुरूआत में कराने की जानकारी दी गई थी। अब अंतिम तारीखें इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) के 2026 कैलेंडर के अनुरूप तय की गई हैं, ताकि किसी भी बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट से टकराव न हो। इस लीग में देश और विदेश के कई शीर्ष निशानेबाज भाग लेंगे, जिससे दर्शकों को रोमांचक और उच्च स्तरीय मुकाबले देखने को मिलेंगे। शूटिंग लीग ऑफ इंडिया का उद्देश्य लीग-फॉर्मेट में विश्वस्तरीय शूटिंग को प्रस्तुत करना और खेल को नए दर्शकों तक पहुंचाना है।

नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) के नवनिर्वाचित अध्यक्ष कालिकेश नारायण सिंह देव ने एक आधिकारिक बयान में कहा, शूटिंग लीग ऑफ इंडिया हमारे खेल के लिए एक ऐतिहासिक कदम है। यह फ्रेंचाइजी आधारित, खिलाड़ी-केंद्रित और वैश्विक कैलेंडर के अनुरूप है, जिससे अधिकतम अंतरराष्ट्रीय भागीदारी संभव होगी। मिश्रित टीम मुकाबलों और प्रीमियम प्रसारण के साथ हम विश्वस्तरीय उद्घाटन सत्र प्रस्तुत करने के लिए तैयार हैं। एनआरएआई के महासचिव पवनकुमार सिंह ने कहा, हमें खुशी है कि शूटिंग लीग ऑफ इंडिया का पहला संस्करण अगले साल की शुरूआत में होगा। इसमें भारत और विदेश के शीर्ष खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जिससे मुकाबले बेहद प्रतिस्पर्धी होंगे। यह लीग शूटिंग खेल को बढ़ावा देने और घरेलू खिलाड़ियों को शीर्ष स्तर के एथलीटों के साथ खेलने का बेहतरीन अवसर प्रदान करेगी। पूर्व विश्व चैंपियन और शूटिंग दिग्गज रंजन सोढ़ी ने कहा, कसा हुआ प्रारूप, मिश्रित




टीम प्रणाली और उम्दा प्रसारण शूटिंग जैसे तकनीकी खेल को भी दर्शकों के लिए बेहद रोमांचक बना सकते हैं। यह मंच खेल की बारीकियों को रोचक कहानी में बदलने की क्षमता रखता है। पूर्व विश्व नंबर-1, खेल रत्न एवं अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित अंजलि भगवत ने कहा, यह मंच जूनियर और राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को वैश्विक सितारों के साथ खेलने और उनसे सीखने का मौका देगा। सुरक्षित कैलेंडर और मजबूत आयोजन व्यवस्था के साथ यह लीग आने वाली पीढ़ी को प्रेरित कर सकती है।

### शुभमन को दी जाये सभी प्रारुपों की कप्तानी : गांगुली

**कोलकाता।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का कहना है कि बल्लेबाज शुभमन गिल को तीनों ही प्रारुपों में कप्तानी दी जानी चाहिये। गांगुली के अनुसार अभी शुभमन टेस्ट और एकदिवसीय कप्तान हैं और भविष्य को देखते हुए उन्हें टी20 प्रारुप की भी कप्तानी दे देनी चाहिये। वहीं जहां कुछ पूर्व क्रिकेटरों ने सभी प्रारुपों में अलग कप्तान बनाने को कहा है। वहीं गांगुली इससे सहमत नहीं हैं। गांगुली ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा मेरी नजर में शुभमन सभी प्रारुपों के लिए कप्तान होने चाहिए। वह पूरी तरह से कप्तानी संभालने में सक्षम है। गांगुली ने इंग्लैंड दौरे का उदाहरण देते हुकहा, तीन महीने पहले इंग्लैंड में शुभमन ने रोहित शर्मा और विराट कोहली के नहीं होने के बाद भी एक युवा टीम की शानदार तरीके से कप्तानी कर सीरीज बराबरी पर समाप्त की थी।

# एडिलेड टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में कमिंस की वापसी

## 17 दिसंबर से एडिलेड ओवल में खेला जाएगा यह टेस्ट

एजेंसी

**एडिलेड।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस की तीसरे एशेज टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में वापसी हो गई है। यह टेस्ट 17 दिसंबर से एडिलेड ओवल में खेला जाएगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे टेस्ट के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की है, जिसमें कमिंस की वापसी ही एकमात्र नया बदलाव है। पैट कमिंस ने पीठ के निचले हिस्से (लंबर बैक स्ट्रेस) में चोट के कारण एशेज सीरीज के शुरूआती दो टेस्ट नहीं खेले थे। उन्होंने आखिरी बार जुलाई में वेस्टइंडीज के खिलाफ सबीना पार्क में खेले गए तीसरे टेस्ट में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेला था। कमिंस पिछले हफ्ते गाबा टेस्ट के लिए चयन के काफी करीब थे, क्योंकि उनकी रिकवरी उम्मीद से तेज रही थी। हालांकि, टीम प्रबंधन ने उन्हें पूरी तरह तैयार करने के लिए मैच सिमुलेशन के तहत कई स्पेल्स गेंदबाजी




करवाने का निर्णय लिया। मुख्य कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड ने कहा,वह हमारी उम्मीद से काफी आगे थे और ब्रिस्बेन टेस्ट के लिए उनके चयन पर गंभीर चर्चा हुई थी। अब हम मानते हैं कि एडिलेड की चुनौती के लिए वह पूरी तरह तैयार होंगे। नेट्स में किए गए सिमुलेशन से उनकी स्किल्स भी तैयार हैं और उनका शरीर खेलने के लिए फिट है। अगर अगले एक हफ्ते में कुछ अप्रत्याशित नहीं होता, तो मुझे उम्मीद है कि पैट कप्तान के तौर पर टॉस करते और ब्लेजर पहनते दिखेंगे।

इस बीच, बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने भी टीम में अपनी जगह बरकरार रखी है। वह पर्थ टेस्ट में प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे थे और पीठ में चोट के कारण गाबा टेस्ट नहीं खेल पाए थे। मैकडॉनल्ड ने बताया कि ख्वाजा ने ब्रिस्बेन में नेट्स में अच्छी बल्लेबाजी की और उनके अगले हफ्ते तक पूरी तरह फिट होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा,उजी (ख्वाजा) फिट और उपलब्ध होने चाहिए। सामान्य तौर पर वह सलामी बल्लेबाज के रूप में ही खेलते हैं, लेकिन उनमें क्रम में बदलाव की क्षमता भी है। हम मानते हैं कि हमारे सभी बल्लेबाज किसी भी स्थान पर खेलने की काबिलियत रखते हैं। नाथन लियोन की भी एडिलेड टेस्ट में वापसी की संभावना है, जिससे चयन को लेकर टीम मैनेजमेंट के सामने मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं। ऐसे में स्कॉट बोलैंड, माइकल नेसर और ब्रेंडन डोगेट में से दो खिलाड़ियों को अंतिम एकादश से बाहर बैठना पड़ सकता है। वहीं ख्वाजा की उपलब्धता से बल्लेबाजी क्रम को लेकर भी कुछ फैसले लेने होंगे।

### दिनेश कार्तिक बने लंदन स्पिरिट के मेंटर और बल्लेबाजी कोच

एजेंसी

**लंदन।** भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक को द हंड्रेड लीग की फ्रेंचाइजी लंदन स्पिरिट (मेंस टीम) का मेंटर और बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया गया है। कार्तिक वर्तमान में आईपीएल की मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के भी मेंटर हैं। द हंड्रेड में यह किसी फ्रेंचाइजी के साथ उनकी पहली भूमिका होगी। दिनेश कार्तिक का अनुभव बेहद समृद्ध रहा है।

उन्होंने खिलाड़ी और कोच के रूप में आईपीएल में 250 से अधिक मैचों में हिस्सा लिया है, जबकि भारत की ओर से उन्होंने 180 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं। उनका यह व्यापक अनुभव लंदन स्पिरिट के लिए काफी अहम माना जा रहा है। लंदन स्पिरिट के डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट मो बॉबट ने फ्रेंचाइजी की ओर से जारी बयान में कहा, डीके का लंदन स्पिरिट में स्वागत करना हमारे लिए खुशी की बात है। वह क्रिकेट के एक बेहद मौलिक सोच वाले खिलाड़ी रहे हैं और शॉर्ट-फॉर्मेट व फ्रेंचाइजी क्रिकेट में उनका विशाल अनुभव हमारे लिए अमूल्य साबित होगा। उनके साथ




काम करना मजेदार है और वह हर काम में ऊर्जा और उत्साह भर देते हैं। उन्होंने आगे कहा, खेल में इतनी ऊंची पहचान रखने वाले एक और उत्कृष्ट व्यक्ति को टीम से जोड़ना हमारी महत्वाकांक्षा को दशार्ता है। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हमारे खिलाड़ियों को सर्वश्रेष्ठ संभव सहयोग मिले।

# एडीबी ने 2025-26 के लिए भारत का आर्थिक वृद्धि दर अनुमान बढ़ाकर 7.2 फीसदी किया

**चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में भारत आठ फीसदी की वृद्धि दर कर चुका है हासिल**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर अच्छी खबर है। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने बुधवार को चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 6.5 फीसदी से बढ़ाकर 7.2 फीसदी कर दिया। इसकी मुख्य वजह हाल में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कटौती से घरेलू खपत को मिली मजबूती है। एशियाई विकास बैंक ने दिसंबर के लिए जारी एशिया विकास परिदृश्य रिपोर्ट में चालू वित्त वर्ष वर्ष 2025-26 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि के अनुमान को बढ़ाकर 7.2 फीसदी कर दिया। रिपोर्ट में कहा गया है कि सितंबर में समाप्त दूसरी तिमाही के दौरान भारत की अर्थव्यवस्था 8.2 फीसदी की दर से बढ़ी, जो पिछली छह तिमाहियों में सबसे ज्यादा है, जबकि पहली तिमाही में यह 7.8 फीसदी रही थी। इस तरह चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में भारत आठ फीसदी की वृद्धि दर हासिल कर चुका है। रिपोर्ट के मुताबिक यह मजबूत वृद्धि आपूर्ति पक्ष में विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों के मजबूत विस्तार और मांग पक्ष में खपत एवं निवेश की वृद्धि की वजह से हुई है। एडीबी की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था की यह तेज रफ्तार एशिया को भी तेजी से बढ़ने में मदद करेगी, जो इस साल 4.8 फीसदी के पिछले अनुमान के मुकाबले अब 5.1 फीसदी की दर से बढ़ सकती है। हालांकि, इस बहुपक्षीय विकास बैंक ने आगामी वित्त वर्ष 2026-27 के लिए अपने जीडीपी वृद्धि अनुमान को 6.5 फीसदी पर बरकरार रखा है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने पिछले हफ्ते ही चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए (जीडीपी वृद्धि दर के अनुमान को 6.8 फीसदी से बढ़ाकर 7.3 फीसदी कर दिया था। इससे एक दिन पहले वैश्विक रेटिंग एजेंसी फिच रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की (जीडीपी वृद्धि दर अनुमान को 6.9 फीसदी से बढ़ाकर 7.4 फीसदी कर दिया था।




## इस साल स्मॉल कैप 5 प्रतिशत टूटा




**नई दिल्ली, एजेंसी।** साल 2025 में अब तक स्मॉल कैप म्यूचुअल फंड्स के प्रदर्शन में गिरावट देखी गई है और ये औसतन 5 प्रतिशत नीचे गिरे हैं। इसके बावजूद, बाजार के जानकारों का कहना है कि यह घबराने का नहीं, बल्कि समझदारी से निवेश करने का समय है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, जिन निवेशकों का नजरिया 3 से 5 साल का है उन्हें बाजार की इस गिरावट को एक मौके की तरह देखना चाहिए और एसआईपी के जरिए निवेश जारी रखना चाहिए। ट्रस्ट म्यूचुअल फंड के सीईओ संदीप बागला ने ईटी को बताया कि अगर नजरिया 3-5 साल का है, तो निवेशक को स्मॉल कैप में निवेश बढ़ाना चाहिए। आनंद राठी वेल्थ के डायरेक्टर ऋषिकेश कहते हैं कि गिरावट सामान्य बात है और यह मार्केट साइकल का हिस्सा है। सबसे जरूरी बात टाइमिंग (कब पैसा लगाएं) नहीं, बल्कि यह है कि आपका एलोकेशन (पैसा किस अनुपात में लगा है) सही हो।

## 63 फीसदी बढ़कर 14700 पहुंच गई वाहन बिक्री

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री बढ़ाने के लिए कंपनियों ने बड़ी छूट की शुरुआत की है। महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा मोटर्स, ह्युंडई और किआ सुस्त मांग को बढ़ावा देने के लिए रिकॉर्ड छूट की घोषणा की है। 22 सितंबर से पेट्रोल और डीजल कारों पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में कटौती के बाद ऐसे पर्यावरण अनुकूल वाहनों की बिक्री में गिरावट आई है। यह कदम पेट्रोल और डीजल कारों पर जीएसटी में कटौती के बाद कंपनियों ने उठाया है, जिससे कीमतों में अंतर बढ़ गया है और इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री कम हो गई है। प्रमुख वाहन निर्माताओं ने सुस्त मांग से निपटने और मौजूदा स्टॉक को नए साल के पहले खाली करने के लिए ईवी पर साल के अंत में रिकॉर्ड छूट की पेशकश शुरू कर दी है। ये कटौती सीमित समय के लिए साल के अंत में की जा रही हैं। इनका उद्देश्य इलेक्ट्रिक सेगमेंट में बाजार की गतिविधियों में सुधार लाना है। इससे बदलाव आ रहा है। इस साल नवंबर में ईवी की पहुंच घटकर 3.7 प्रतिशत रह गई।

## अडानी ग्रीन एनर्जी के 2.8 करोड़ शेयर बेच दिए गए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अडानी ग्रीन एनर्जी के शेयरों में आज बुधवार, 10 दिसंबर को करीब 2 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली। यह उछाल उस बड़े सौदे के बाद आया, जिसमें लगभग 2.8 करोड़ शेयरों में डील हुई। यह ब्लॉक डील प्री-ओपन सेशन में हुई और इतनी बड़ी मात्रा कंपनी की कुल इक्विटी का लगभग 1.7 प्रतिशत हिस्सा दर्शाती है। बाजार में इस बड़े लेनदेन ने अचानक हलचल बढ़ा दी है हालांकि खरीदार और विक्रेता का नाम अभी सामने नहीं आया है। ब्लॉक डील में शेयरों का औसत भाव करीब 970 प्रति शेयर रहा, जिससे कुल लेनदेन का मूल्य लगभग 2,718 करोड़ बैठता है। ताजा डील के बाद निवेशकों की नजर कंपनी की शेयरहोल्डिंग स्ट्रक्चर पर भी टिक गई है। सितंबर तिमाही के अंत में अडानी ग्रीन में प्रमोटर्स की हिस्सेदारी 62.43 प्रतिशत थी।

## सिर्फ 13 पैसे के फायदे पर हुई लिस्टिंग, फिर रॉकेट बन गया शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विद्या वायर्स की शेयर बाजार में सुस्त शुरुआत हुई है। विद्या वायर्स के शेयर बुधवार को बीएसई में सिर्फ 13 पैसे के फायदे के साथ लिस्ट हुए हैं। कंपनी के शेयर बीएसई में 52.13 रुपये पर लिस्ट हुए। वहीं, एनएसई में विद्या वायर्स के शेयर बिना नफे-नुकसान के फ्लैट 52 रुपये पर लिस्ट हुए। आईपीओ में विद्या वायर्स के शेयर का दाम 52 रुपये था। हालांकि, फ्लैट लिस्टिंग के बाद विद्या वायर्स के शेयरों में तूफानी तेजी आई है। कंपनी का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए 3 दिसंबर 2025 को खुला था और यह 5 दिसंबर तक ओपन रहा। विद्या वायर्स के आईपीओ का टोटल साइज 300.01 करोड़ रुपये तक का था। सधी लिस्टिंग के बाद विद्या वायर्स के शेयर बीएसई में 11 पर्सेंट से अधिक के उछाल के साथ 58.48 रुपये पर पहुंच गए। वहीं, एनएसई में कंपनी के शेयर उछाल के साथ 58.45 रुपये पर जा पहुंचे हैं। विद्या वायर्स का मार्केट कैप 1200 करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। कारोबार के दौरान विद्या वायर्स के शेयरों ने बीएसई में 50.09 रुपये के निचले स्तर को भी छुआ। विद्या वायर्स की शुरुआत साल 1981 में हुई है। विद्या वायर्स कॉपर और एल्युमीनियम वायर्स बनाती है। कंपनी अलग-अलग इंडस्ट्रीज के लिए वाइंडिंग और कंडक्टिविटी प्रॉडक्ट्स की मैन्युफैक्चरिंग करती है।

## लाल निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार

# सेंसेक्स 275 अंक टूटा, निफ्टी में 82 अंक की दर्ज हुई गिरावट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार को शेयर बाजार लाल निशान पर बंद हुआ। निजी बैंकों और आईटी शेयरों में बिकवाली के बीच दोनों प्रमुख सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 275 अंक टूटा, जबकि निफ्टी में 82 अंक की गिरावट रही। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 275.01 अंक यानी 0.32 फीसदी टूटकर 84,391.27 के स्तर पर बंद हुआ है। यह 11 नवंबर के बाद इसका सबसे निचला स्तर है। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 85,020.34 के ऊपरी और 84,313.62 के निचले स्तर को छुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी भी अंतिम घंटे की बिकवाली के दबाव में 81.65 अंक यानी 0.32 फीसदी गिरकर 25,758 अंक पर बंद हुआ है। बाजार में कारोबार के आखिरी घंटों में उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं, निजी बैंक और आईटी शेयरों में हुई बिकवाली ने शुरुआती बढ़त को खत्म कर दिया, जिससे सेंसेक्स एवं निफ्टी एक महीने के निचले स्तर पर बंद हुए। सेंसेक्स के शेयरों में इटर्नल, ट्रेंट, भारती एयरटेल, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, लार्सन एंड टुब्रो और टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के शेयर गिरावट में रहे। हालांकि, टाटा स्टील, सन फार्मास्यूटिकल्स, आईटीसी, एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, पावरग्रिड और एशियन पेंट्स के शेयरों में बढ़त रही। इसके अलावा एशिया के अन्य बाजारों में चीन का शंघाई कंपोजिट, जापान का निक्केई, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी गिरावट में बंद हुए, जबकि हांगकांग का हैंगसेंग हरे निशान में था। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट कच्चा तेल 0.03 फीसदी फिसलकर 61.92 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। वहीं, घरेलू शेयर बाजारों में नकारात्मक रुझान और विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी के बीच भारतीय मुद्रा रुपया नौ पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 89.96 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

# भारत पर अमेरिकी टैरिफ को लेकर रघुराम राजन का बड़ा बयान, बोले- पाकिस्तान ने अच्छा खेला...

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका की ओर से भारतीय सामान पर लगाए गए भारी टैरिफ को लेकर पूर्व आरबीआई गवर्नर रघुराम राजन के बयान ने नई बहस खड़ी कर दी है। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में राजन कहते हुए नजर आए हैं कि ट्रंप प्रशासन ने 50 प्रतिशत टैरिफ रूस से तेल खरीद को लेकर नहीं, बल्कि भारत द्वारा ट्रंप को पाकिस्तान को लेकर की गई टिप्पणी का समर्थन न करने की वजह से लगाया। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के आतंकी ढांचे को निशाना बनाने के लिए



ऑपरेशन सिंदूर चलाया था। इस सैन्य कार्रवाई के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ा, जिसके बाद 10 मई को संघर्ष विराम की घोषणा हुई। ट्रंप ने दावा किया कि यह उनके हस्तक्षेप से यह संभव हुआ। भारत ने इसे खारिज करते हुए कहा कि यह समझौता पाकिस्तान की ओर से डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशंस के जरिए बातचीत के बाद हुआ। पहले पाकिस्तान ने भी इस दावे को अस्वीकार किया, बाद में उसने इसे स्वीकार करते हुए ट्रंप को 2026 के नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित कर दिया। राजन के बयान के बाद सोशल मीडिया पर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। कई यूजर्स ने कहा कि भारत ने झूठी कहानी स्वीकार नहीं की और यही संप्रभु रुख था, जबकि पाकिस्तान ने कूटनीति के लिए ट्रंप को श्रेय दिया।

### राजन ने या कहा...

ज्यूरिख में एक कार्यक्रम के दौरान राजन ने कहा कि मुद्दा रूसी तेल नहीं था, यह व्हाइट हाउस में मौजूद कुछ व्यक्तियों का मसला था और भारत ने ट्रंप की टिप्पणी को कैसे लिया, इसका असर पड़ा। उन्होंने आरोप लगाया कि पाकिस्तान ने ट्रंप के दावे को स्वीकार कर उसके पक्ष में बयान दिए, जबकि भारत ने कहा कि संघर्ष विराम बिना अमेरिकी भूमिका के हुआ था। राजन के अनुसार पाकिस्तान ने खेल समझा और ट्रंप को श्रेय दिया, इसलिए उसे 19 प्रतिशत टैरिफ झेलना पड़ा, जबकि भारत को 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया।

### पाकिस्तान ने ट्रंप के हर दावे का किया समर्थन

राजन ने स्विट्जरलैंड की यूनिवर्सिटी ऑफ ज्यूरिख में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद हुए संघर्ष विराम पर ट्रंप ने जिस तरह दावा किया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान को बातचीत के लिए मनाया, भारत ने उस दावे का समर्थन नहीं किया। इसके उलट पाकिस्तान ने इस दावे पर कोई आपत्ति नहीं जताई। जबकि पाकिस्तान 'साथ खेला' और उसे केवल 19 प्रतिशत शुल्क झेलना पड़ा। यह वीडियो 4 दिसंबर का बताया जा रहा है, वीडियो के सामने आने के बाद इंटरनेट पर कई यूजर्स ने राजन पर सच तोड़ने-मरोड़ने और भारत को कमजोर दिखाने का आरोप लगाया है।

# दुनिया का सबसे बड़ा आईपीओ लाने की तैयारी में एलन मस्क

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क नया इतिहास बनाने जा रहे हैं। उनकी कंपनी स्पेसएक्स अगले साल यानी 2026 में दुनिया का सबसे बड़ा आईपीओ लाने की तैयारी कर रही है। सूत्रों के मुताबिक कंपनी इस आईपीओ से 30 अरब डॉलर से भी ज्यादा की रकम जुटा सकती है। इस पर कंपनी की वैल्यूएशन करीब 1.5 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है।

मौजूदा सेकंडरी ऑफरिंग में स्पेसएक्स के शेयर की वैल्यू करीब 420 डॉलर तय की गई है। इससे कंपनी का मूल्यांकन 800 अरब डॉलर से ऊपर चला गया है। अगर स्पेसएक्स इस वैल्यूएशन पर कंपनी का 5 प्रतिशत हिस्सा बेचती है, तो उसे 40 अरब डॉलर के शेयर बेचने होंगे। यह इसे अब तक का सबसे बड़ा आईपीओ बना देगा। स्पेसएक्स अभी दुनिया की सबसे वैल्यूएबल स्टार्टअप कंपनी है।




### कब तक आएगा आईपीओ

स्पेसएक्स ने इस बारे में तुरंत कोई टिप्पणी नहीं की है। अब तक सबसे बड़ा आईपीओ सऊदी अरब की सरकारी तेल कंपनी सऊदी अरामको का रहा है जिसने 2019 में आईपीओ के जरिए 29 अरब डॉलर जुटाए थे। हालांकि कंपनी ने केवल 1.5 फीसदी हिस्सेदारी बेची थी। सूत्रों ने बताया कि मस्क और कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने हाल के दिनों में आईपीओ और फंड जुटाने की योजनाओं को आगे बढ़ाया है। स्पेसएक्स के आईपीओ की राह तेज होने की एक बड़ी वजह उसका तेजी से बढ़ती स्टारलिंक सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस है। इसमें डायरेक्ट-टू-मोबाइल बिजनेस की संभावना भी शामिल है। साथ ही चांद और मंगल ग्रह के लिए स्टारशिप रॉकेट का विकास भी एक अहम कारण है। एक सूत्र ने बताया कि 2025 में कंपनी का रेवेन्यू करीब 15 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। यह 2026 में बढ़कर 22 अरब से 24 अरब डॉलर के बीच हो सकता है। इसमें ज्यादातर कमाई स्टारलिंक से होगी। स्पेसएक्स आईपीओ से जुटाई गई कुछ रकम का इस्तेमाल स्पेस-आधारित डेटा सेंटर विकसित करने में करेगी। इसमें उन्हें चलाने के लिए जरूरी चिप्स खरीदना भी शामिल है। कोशिश कर रहे हैं। हालांकि बाजार की स्थिति और कुछ अन्य वजहों से यह तारीख आगे बढ़कर 2027 तक भी जा सकती है।

# टाटा ग्रुप की कंपनियों के लिए बुरा सपना साबित हुआ 2025 का साल




**नई दिल्ली, एजेंसी।** 2025 का साल टाटा ग्रुप की कई कंपनियों के लिए अच्छा नहीं रहा है। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज लिमिटेड, ट्रेंट लिमिटेड, दी इंडियन होटल कंपनी लिमिटेड, वोल्टास और तेजस नेटवर्क लिमिटेड के शेयरों में इस साल 60 प्रतिशत तक की गिरावट आई है। जिसकी वजह से ग्रुप की लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 5.5 लाख करोड़ रुपये घट गया है।

**इन कंपनियों के शेयरों में उछाल:** टाइटन कंपनी लिमिटेड, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड और टाटा स्टील के शेयरों की कीमतों में 15 से 25 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। ग्रुप के मार्केट कैप में इन कंपनियों का योगदान 1 लाख करोड़ रुपये का योगदान है।

### घटकर कितना हुआ मार्केट कैप

टाटा ग्रुप की लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप अब घटकर 25.57 लाख करोड़ रुपये हो गया है। 31 दिसंबर 2024 को समूह की लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 31.09 लाख करोड़ रुपये रहा था। जोकि 17.76 प्रतिशत की गिरावट को दिखाता है। टाटा ग्रुप की धाकड़ कंपनी टीसीएस के शेयरों की कीमतों में 21 प्रतिशत की गिरावट आई है।

# चांदी ने 11 महीने में वो कर दिया जो सोना 1 साल में भी नहीं कर पाया

## चांदी की कीमत 1.90 लाख रुपये प्रति किलो के पार निकल गई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चांदी इस साल खूब चमक रही है। एमसीएक्स पर मार्च डिलीवरी वाली चांदी की कीमत बुधवार सुबह 1.90 लाख रुपये प्रति किलो के पार निकल गई। एक दिन पहले मंगलवार को भी चांदी में जबरदस्त तेजी आई। यह रिकॉर्ड 1.88 लाख रुपये प्रति किलो के नए रिकॉर्ड पर पहुंच गई थी। अब बुधवार को इसने फिर से अपना नया रिकॉर्ड बना लिया। बुधवार सुबह सोना भी मामूली तेजी के साथ खुला। लेकिन इस साल रिटर्न के मामले में चांदी ने सोने को पीछे छोड़ दिया है।

इस साल के 11 महीनों में चांदी की कीमत दोगुनी से ज्यादा हो गई है। चांदी में यह तेजी सोने से भी ज्यादा रही। इस साल इन 11 महीनों में चांदी ने जो



रिटर्न दिया है, सोना पूरे एक साल में नहीं दे पाया। इस साल जनवरी से लेकर नवंबर तक चांदी का रिटर्न करीब 100 फीसदी रहा है। वहीं सोने ने 60 फीसदी रिटर्न दिया है। वहीं पिछले एक साल में सोने में 60 फीसदी और चांदी में करीब 90 फीसदी की तेजी रही। चांदी की कीमत में तेजी का सबसे बड़ा कारण इसकी मांग में आई अचानक तेजी है। वहीं अक्टूबर में चीन से चांदी का निर्यात 660 टन से अधिक के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, जबकि चीन का भंडार पिछले दस सालों में सबसे निचले स्तर पर आ गया। ऐसा लंदन को बड़ी शिपमेंट के कारण हुआ, जो सप्लाई में कमी का नतीजा था। वहीं दूसरी ओर इस बात की उम्मीदें बढ़ रही है कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में और कटौती करेगा। फेड रिजर्व आज रात ब्याज दरों की घोषणा करेगा। अगर ब्याज दरों में कटौती होती है तो सोना और चांदी की कीमत में और तेजी देखी जा सकती है। साल 2026 के अंत फेड रिजर्व ब्याज दरों में तीन बार कटौती कर सकता है। ऐसे में आने वाले समय में सोना और चांदी की कीमत में और तेजी देखी जा सकती है।

### सोने को पछाड़ा, बनाया रेकॉर्ड

इस साल यानी 2025 की शुरुआत में चांदी के मुकाबले सोना काफी तेजी से आगे बढ़ रहा था। कुछ समय बाद सीन पूरी तरह बदल गया। सोने में रफ्तार थमी और चांदी ने तेजी पकड़ ली। साल के अंत में स्थिति यह हो गई कि चांदी ने रिटर्न के मामले में सोने को काफी काफी पीछे छोड़ दिया। वहीं दूसरी ओर चांदी में इस साल कई रेकॉर्ड बना दिए हैं। ये रेकॉर्ड न केवल तेजी के हैं बल्कि कीमत के भी हैं। चांदी की कीमत अब रेकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है।

### कितना था जनवरी में भाव

इस साल 2 जनवरी को एमसीएक्स पर चांदी की कीमत करीब 90 हजार रुपये प्रति किलो थी। वहीं अब यह करीब 1.90 लाख रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई है। ऐसे में देखें तो इसमें अब तक करीब 111 फीसदी की तेजी आई है। वहीं इंटरनेशनल लेवल पर 2 जनवरी को चांदी 28 डॉलर पर कारोबार कर रही थी। फिलहाल चांदी अपने अब तक के सबसे ऊंचे स्तर यानी करीब 57 डॉलर पर कारोबार कर रही है। यह पिछले महीने में 20 प्रतिशत से ज्यादा और इस साल अब तक 100 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ोतरी है।

# एयर मार्शल जीतेंद्र मिश्रा फरीदाबाद बायुसेना टीसन कर करलयं दौरा

**प्रात: नागपुरी संवाददाता**

**हरियाणा।** भारतीय बायु सेना (आईएएफ) कर पछिमी बायु कमान (डब्ल्यूएसी) कर बायु अधिकारी कमान प्रमुख (एओसी-इन-सी) एयर मार्शल जीतेंद्र मिश्रा 10 दिसंबर, 2025 के बायु सेना टीसन फरीदाबाद कर दौरा करलयं। कमान प्रमुख कर सोवागत टीसन कमांडर, ग्रुप कैप्टन वी विश्वनाथन करलयं। उनके टीसन कर द्वारा करल गेलक परिचालन तैयारी आउर कल्यानकारी पहल कर बारे में जानकारी देल गेलक। एयर फोर्स कर 9 गो इस्कूल में आयोजित 80वें विस्फोटक पहचान (ईडी) डॉग कोर्स कर पासिंग आउट परेड कर निरीछन कमान प्रमुख करलयं। ई नव उत्तीर्ण कुकुर अब बिभिन्न परिचालन इकाइ में सुरछा अभियान ले तैनात करल जाबयं। कमान प्रमुख विस्फोटक पहचान ले ई कुकुरमन के परसिछित करेक ले अनुकरनीय मानक आउर नवीन बिधि के अपनायेक ले इस्कूल कर सराहना करलयं।

ई दौरा कर दौरान, कमान प्रमुख ने प्रमुख परिचालन लॉजिस्टिक्स स्थलमन कर दौरा कइर के उनकर कार्जछमता आउर परिचालन इकाइ के कुसल लॉजिस्टिक्स सहायता प्रदान करेक कर तत्परता कर आकलन करलयं। ऊ भंडारन आउर भंडारन कर परभावसीलता कर समीछा करलयं। अल्प सूचना में परिचालन सहायता प्रदान करेक ले हमेसा तत्पर रहेक कर आवसकता उपरे जोर देलयं। जैसन-जैसन भारतीय वायु सेना आपन हवाई जुद्ध आउर निगरानी छमतामन कर आधुनिकीकरन आउर उन्नयन जारी राखेला। ई किसिम कर दौरा रसद संबंधी तैयारीमन कर मूल्यांकन करेक, परिचालन संबंधी चुनौति कर समाधान करेक आउर बल कर तत्परता के मजबूत करेक में महतपूर्न भूमिका निभायेला।










# काशी तमिल संगमम् : थंजावुर कर पारंपरिक थलैयाट्टी बोम्मई कला मोहलक मन

## तमिलनाडु से पांचवां दल बिसेस ट्रेन से बनारस रेलवे टीसन पहुंचलक

**प्रात: नागपुरी संवाददाता**

**लखनऊ।** काशी तमिल संगमम् 4.0 में नमो घाट में चलेक वाला परदरसनी में थंजावुर थलैयाट्टी बोम्मई पारंपरिक हस्तसिल्प प्रेमीमन ले बिसेस आकरसन कर केंद्र बनल हय। ई स्टॉल कर संचालक हरि प्रसंथ बूपाथी तमिलनाडु कर थंजावुर से आए हयं। पहिल धांव वाराणसी पहुंइच हयं। आपन संगे दखिन भारत कर समरिध सांस्कृतिक बिरासत लेइ के आए हयं।

थलैयाट्टी बोम्मई (हिलेक-डुलेक वाला गुड़िया) कर ई पारंपरिक सिल्प उनकर परिवार कर छठी पीढ़ी द्वारा संरछित आउर संवर्धित करल जात हे। ई कला पीढ़ी-दर-पीढ़ी चलते आवत हे आउर आइज अंतरराष्ट्रीय स्तर में आपन पहचान बनाय चुइक हे। श्री हरि प्रसंथ बूपाथी ई गुड़ियामन कर अमेरिका, कनाडा संगे कतई देसमन में निर्यात करयंना। ई पारंपरिक गुड़ियामन कर बिसेसता ई हेके कि ई थंजावुर कर बृहदीश्वर मंदिर कर स्थापत्य सइली से प्रेरित आहे। ओहे लखे आपदा-प्रतिरोधक (डिजास्टर प्रूफ) मानल जायेला। मुध रूप से ई गुड़ियां राजाझरानी कर आकृतिमन उपरे आधारित रहेला, जे दखिन भारतीय संस्कृति आउर साही परंपरा के जीवंत रूप में प्रस्तुत करेला।

काशी तमिल संगमम्् 4.0 में तमिलनाडु से काशी आवेक वाला समूह कर सिलसिला जारी आहे। तमिलनाडु से काशी तमिल संगमम् 4.0 में सामिल होवेक ले पांचवां दल बिसेस ट्रेन से बनारस रेलवे टीसन पहुंचलक। इकर में बड़ संख्या में पेसेवर आउर कारीगर सामिल रहयं। टीसन में उतरतेहे मेहमानमन कर पारंपरिक तरीका से डमरू बजाय,पुस्प बरसाय आउर हर-हर महादेव आउर वणक्कम् काशी कर उद्घोस से भब्य सोवागत करल गेलक। ई मेहमानमन कर सोवागत ले पुलिसकर्मीमन भी टीसन में पहुंचल रहयं।













# नीरजा सहाय डीएवी में कवि सम्मेलन मनाल गेलक

**प्रात: नागपुरी संवाददाता**

**पिठोरिया।** कांके कर नीरजा सहाय डीएवी में प्रतिभा किरण कवि सम्मेलन 10 दिसंबर के मनाल गेलक। साहित आउर संस्कृति कर भब्य आयोजन करल गेलक। रस कर संगम कवि सम्मेलन कर मुध बिसय रहे। बिद्यालय कर मंच में बिद्यालय कर प्रमुख प्रतिभा आउर उभरत कविमन कर द्वारा कविता पाठ कर अद्भुत संयोग देखेक ले मिललक। ई कवि सम्मेलन में यश, मीरा,ऐषणा, अनम रिजवान आउर आयुषी परी बइढ़-चइढ़ के भाग लेलयं। अन्य बिद्यार्थीमन भी आपन प्रतिभा कर परदरसन करलयं। ई सम्मेलन में कछा नौवीं कर बिद्यार्थीमन भाग लेलयं। छउवामन साहित कर बिभिन्न रस से अवगत होलयं।

कछा आठवीं कर स्नेहा सिंह मंच संचालन बखूबी करलयं। बिभिन्न सिछकमन आपन कविता कर माध्यम से आपन भाव बेक्त करलयं। मौका में प्राचार्या किरण यादव बिद्यार्थीमन के साहित से जुड़ेक आउर भासा कर गहराई के समझेक कर सीख देलयं।



## ओह रे बाँसक खेल


राजकुमार महतो, छात्र,
रांची विश्वविद्यालय।

**जन्मतेहे,** मोरतेहे बाँस
देखा साँस-साँस में बाँस
ओह रे बाँसक खेल '1'

झारखण्डे 60 बाँसक जला
किसिम देखा हरा, पिला, काला
ओह रे बाँसक खेल '2'

सुपली, मउनी आउर बने दउरा
इकर बिना कोनो काम आहे अधुरा
ओह रे बाँसक खेल '3'

छउवा खेलँय सुपली मउनी धूर में
चरँय करैंय चेरे-बेरे बाँस झुंर में
ओह रे बाँसक खेल '4'

करील, खुखडी, सांधना रहेला आस
मोरलो बाँसक डिसना रहेला पास
ओह रे बाँसक खेल '5'

बुढाय जीनगी केउए नहीं पास
सेखन बाँसे लाठी कर आहे आस
ओह रे बाँसक खेल '6'

जोगी मोरत हे भूइल के
बाँस मोरत हे फुइल के
ओह रे बाँसक खेल '7'



मुद्रक व प्रकाशक नीलम सिंह द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए शयाम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोरी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक** : रतनलाल अग्रवाल, **एग्जीक्यूटिव एडिटर** : शिव कुमार सिंह, **स्टेट ब्यूरो हेड** : कुमार राजेश। **फोन नंबर** : 8210640230, 9934166306, **ई-मेल आईडी** : jharkhandwanitaudyog@gmail.com